



खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र






Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 23 फरवरी, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-7 | अंक-53


### पीएम मोदी ने भारत के लिए दो लक्ष्य निर्धारित किए हैं

# 2047 तक विकसित भारत और 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी : अमित शाह

**पुणे, 22 फरवरी (एजेंसियां) ।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुणे में वेस्टर्न रीजनल काउंसिल (पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद) की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की, जहां उन्होंने भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोऑपरेटिव सेक्टर के महत्व को रेखांकित किया । कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने भारत के लिए दो लक्ष्य निर्धारित किए हैं- 2047 तक विकसित भारत और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था। इन दो लक्ष्यों को कोऑपरेटिव सेक्टर के योगदान से हासिल किया जा सकता है, और इसीलिए उन्होंने अलग केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की है। उन्होंने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के काम और उसके प्रभाव की सराहना करते हुए कहा, इस मंत्रालय के माध्यम से देश में बहुत सी चीजों में क्रांति आई है। मंत्रालय सहकार से समृद्धि के आदर्श वाक्य पर काम करता है। और यह जनता सहकारी बैंक भी उसी तर्ज पर काम करता है।फ शाह ने देश के कोऑपरेटिव सेक्टर से टेक्नोलॉजी को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा, दोस्तों, आज जब हम सहकारी समितियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो मैं निश्चित रूप से कहना चाहता हूं कि हमें प्रौद्योगिकी को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने भारत के कोऑपरेटिव सेक्टर में महाराष्ट्र के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा, अगर हम देश में सहकारी और




शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र पर व्यापक नजर डालें, तो कुल 1,465 सहकारी बैंक हैं, जिनमें से 460 अकेले महाराष्ट्र में हैं। अगर देश में सबसे ज्यादा शहरी सहकारी बैंकों वाला कोई राज्य है, तो वह महाराष्ट्र है। अमित शाह ने सहकारी सेवाओं तक पहुंच में सुधार के सरकार के फैसले को रेखांकित करते हुए घोषणा की, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार के कार्यालय को एक क्षेत्रीय कार्यालय बनाने का निर्णय लिया है, जिससे लोगों के लिए सेवाओं तक पहुंच बहुत आसान हो जाएगी। सीआरसीएस (Central Registrar of Co-operative Societies) का पहला क्षेत्रीय कार्यालय पुणे में खुलेगा।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश भर में सहकारी बैंकों को समर्थन देने के लिए अपनी सरकार के एक प्रमुख पहल पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हम एक UM-BRELLA संगठन को सक्रिय कर रहे हैं, जो सभी सहकारी बैंकों को हर संभव तरीके से मदद करेगा। UMBRELLA संगठन के लिए 300 करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री के हाथों महाराष्ट्र सरकार ने पुणे के बालेवाड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत कराई। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के 20 लाख लाभार्थियों को आवास के लिए मंजूरी पत्र प्रदान किए गए, जबकि 10 लाख लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए पहली किश्त जारी की गई।

अमित शाह ने योजना की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बहुत बधाई देना चाहता हूं। एक साथ 20 लाख लाभार्थियों को अपना खुद का घर मिलने का आनंद एक ही क्षण में आएगा। 10 लाख लाभार्थियों को घर बनाने के लिए पहली किश्त कार्यक्रम समाप्त होने के पहले देने का काम महाराष्ट्र सरकार ने किया है। सभी लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अमित शाह ने कहा, देवेंद्र फडणवीस ने मुझे बताया कि 10 लाख लाभार्थियों की पहली किश्त उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर हो गई। राहुल गांधी की याद आई। उन्होने कहा था आप सबको अकाउंट देंगे। लेकिन अकाउंट में ट्रांसफर क्या करोगे? राहुल बाबा आज यह मोदी का चमत्कार देखो। दस लाख लोगों को पहली किश्त सीधे उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर हो गई है। दस लाख लोगों को एक साथ किश्त देने का कार्यक्रम और 20 लाख लोगों को घर आवंटित करने का कार्यक्रम। मैंने सुना तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। नरेंद्र मोदी को महाराष्ट्र की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में महत्व-पूर्ण योगदान दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में सबसे जादा घर महाराष्ट्र को मिले हैं। घर का मतलब सिर्फ चार दीवारें नहीं है। घर का मतलब विकास के स्वप्न को सार्थक करना है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, महायुति सरकार ने बहुत सारे काम महाराष्ट्र के विकास के लिए किए हैं। आज यहां पर मैं महाराष्ट्र की जनता का बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। ▶10पर

### तेलंगाना में बड़ा हादसा, टनल का हिस्सा धंसने से

# दो इंजीनियरों सहित 8 फंसे, बचाव कार्य जारी

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर की सुरंग के अंदर रॉबिन्स टनल बोरिंग मशीन्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के दो इंजीनियरों सहित आठ लोगों के फंसे होने की पुष्टि हुई है। यह सुरंग आज सुबह नागरकुरनूल के अमराबाद मंडल के डोमलपेंटा के पास ढह गई। सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव के साथ दुर्घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सरकार फंसे हुए श्रमिकों को बचाने और उन्हें जीवित बाहर निकालने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। चल रहे बचाव अभियान में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की मदद ली जा रही है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि अंदर फंसे लोगों में दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर और चार श्रमिक शामिल हैं। उनमें से छह उत्तर प्रदेश और झारखंड के थे, जबकि इंजीनियर रॉबिन्स के लिए काम कर रहे थे।

कंपनी के मुताबिक, घटना के दौरान 50 मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे। फंसे हुए लोगों में दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर




और चार मजदूर शामिल हैं। एक इंजीनियर यूपी के चंदौली जिले का रहने वाला है।टनल में फंसे मजदूरों के नाम हैं - मनोज कुमार, श्रीनिवास, संदीप साहू, जगता एक्सेस, संतोष साहू, अनुज साहू, सनी सिंह, गुरप्रीत सिंह। ▶10पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने एसएलबीसी सुरंग बचाव अभियान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरकुरनूल जिले के डोमलपेंटा के पास एसएलबीसी सुरंग में हुई दुर्घटना के बारे में जानकारी लेने के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से बात की।सीएम रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री को घटना की पूरी जानकारी दी और बताया कि सुरंग के अंदर अभी आठ मजदूर फंसे हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए सभी आवश्यक बचाव उपाय शुरू कर दिए गए हैं।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को यह भी बताया कि मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और जुपल्ली कृष्ण राव चल रहे बचाव अभियान की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।जवाब में, प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार पूर्ण सहयोग देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बचाव प्रयासों में सहायता के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक टीम तुरंत तैनात की जाएगी।तेलंगाना सरकार, केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में, फंसे हुए मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए अथक प्रयास कर रही है। शनिवार रात को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अधिकारियों को राज्य और केंद्रीय दोनों टीमों के सहयोग से सफल परिणाम की उम्मीद है।

## पैसा था वन संरक्षण के लिए और खरीदी गई लैपटॉप-टैबलेट के साथ कई अन्य चीजें




**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां) ।**

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र से दौरान सदन में सीएजी की रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बजट की भारी गड़बड़ी सामने आई है, जिसमें करोड़ों रुपये का दुरुपयोग और गलत तरीके से रकम को खर्च करने के मामले सामने आए हैं । इस रिपोर्ट में वन संरक्षण के लिए खर्च किए गए फंड में गड़बड़ी देखने को मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, वन विभाग द्वारा वन संरक्षण के लिए निर्धारित फंड का इस्तेमाल लैपटॉप, टैबलेट, आईफोन, फ्रीज और ऑफिस के लिए सजावट के सामान खरीदने में किया गया। यह रकम करोड़ों रुपये में थी, जो इस उद्देश्य के लिए निश्चित रूप से अनुचित तरीके से खर्च की गई। 2022 के रिकॉर्ड की जांच में कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जहां कैंपा (प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) फंड का इस्तेमाल वनीकरण कार्यों के बजाय अन्य कामों के लिए किया गया। कैंपा को मिलने वाली फंड का उपयोग एक साल के भीतर करना होता है, लेकिन रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि 37 मामलों में इन फंड का उपयोग करने में 8 साल का समय लग गया। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने सड़क, पावर लाइन, वाटर सप्लाई लाइन, रेलवे और ऑफ रोड लाइन के लिए औपचारिक सहमति दी थी, लेकिन इसके बावजूद डिवीजनल फॉरेस्ट अफसर (डीएफओ) की मंजूरी नहीं ली गई थी। 2017 से 2022 के बीच 52 मामलों में डीएफओ की मंजूरी की अनद-खी की गई थी।

सीएजी की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) परियोजना के तहत 56.97 लाख रुपये का दुरुपयोग किया गया, जबकि यह पैसा किसी अन्य उद्देश्य के लिए था। इसके अलावा, अल्मोड़ा कार्यालय में बिना मंजूरी के सोलर फेंसिंग पर 13.51 लाख रुपये खर्च किए गए।रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि जन जागरूकता अभियान के लिए निर्धारित 6.54 लाख रुपये का उपयोग मुख्य वन संरक्षक, सतर्कता और कानूनी प्रकोष्ठ के लिए ऑफिस बनाने पर किया गया। ▶10पर

### पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## प्रधानमंत्री मोदी के प्रधान सचिव-2 नियुक्त



**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां) ।**

रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी-2 नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के साथ ही समाप्त होगी। वह दिसंबर 2018 में रिजर्व बैंक के गवर्नर नियुक्त किए गए थे, और 10 दिसंबर 2024 का उनका कार्यकाल समाप्त हुआ। आदेश के मुताबिक, वह प्रधानमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी-1 डॉक्टर पीके मिश्रा के साथ प्रधानमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के रूप में काम करेंगे।केंद्र सरकार में अपॉइंटमेंट कमेटी द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (रिटायर्ड) (टीएन:80) की प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने के दिन से प्रभावी होगी। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक जारी रहेगी।ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से ताल्लुक रखने वाले 67 वर्षीय शक्तिकांत दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। अपने करियर के दौरान उन्होंने केंद्र और तमिलनाडु सरकारों के लिए विभिन्न पदों पर काम किया है। केंद्र में उन्होंने विभिन्न चरणों में आर्थिक मामलों के सेक्रेटरी, फाइनेंस सेक्रेटरी और फर्टिलाइजर सेक्रेटरी के रूप में काम किया। वह दिल्ली के मशहूर सेंट स्टीफंस कॉलेज के स्टूडेंट रहे हैं। ▶10पर

### पंजाब में मंत्रालय फर्जीवाड़ा!

## घिर गई भगवंत मान सरकार

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां) ।**

आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अपनी ही सरकार में कॉमेडी हो गई। असल में हुआ यूं कि पंजाब में एक बड़े मंत्री को सौंपा गया विभाग अस्तित्व में ही नहीं था और सरकार को इसके बारे में 20 माह बाद पता चला। इसके बाद इस विभाग को खत्म कर दिया गया है।

सरकार ने नोटिफिकेशन में ये स्वीकार किया है कि प्रशासनिक सुधार विभाग अस्तित्व में ही नहीं था। यह विभाग कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के पास था, जिसके चलते उनके ▶10पर

### कश्मीर के मूल निवासियों का संकट बरकरार

# कश्मीरी पंडितों से खाली न हो जाए कश्मीर वादी

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 22 फरवरी।**

कश्मीर वादी के मूल निवासी कश्मीरी पंडित परिवारों की संख्या में गिरावट जारी है। 2024 तक केवल 728 परिवार बचे हैं, जो 2021 में 808 परिवारों से कम है।

गैर-प्रवासी कश्मीरी पंडितों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति (केपीएसएस) द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में कई सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है जो इस कमी में योगदान दे रही हैं। सर्वेक्षण में आर्थिक कठिनाइयों, रोजगार के अवसरों की कमी, सुरक्षा चिंताओं और युवाओं की अधिक उम्र बढ़ने को कश्मीर में कश्मीरी पंडित आबादी में गिरावट के प्रमुख कारकों के रूप में इंगित किया गया है। 1990 में कश्मीरी पंडितों के पलायन ने इस समुदाय की संख्या को काफी प्रभावित किया, लेकिन मौजूदा गिरावट अधिक मौजूदा चुनौतियों से जुड़ी है। केपीएसएस के अध्यक्ष संजय टिक्कू कहते हैं कि वर्ष 2021 और 2024 के बीच 80 परिवारों का पलायन मुख्य रूप से वादी में लक्षित हत्याओं के कारण हुआ। अन्य लोग बेहतर सुरक्षा और रहने की स्थिति की तलाश में कश्मीर के भीतर, विशेष रूप से दक्षिण कश्मीर से श्रीनगर में स्थानांतरित हो गए।

टिक्कू बताते हैं कि कश्मीरी पंडितों को सरकारी लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसआरओ 425 के तहत रोजगार और पुनर्वास लाभ प्राप्त करने के उनके दशकों पुराने प्रयास नौकरशाही की बाधाओं के कारण विलंबित हो गए हैं। कश्मीरी पंडित समुदाय के सामने सबसे अधिक दबाव वाले मुद्दों में से एक अविवाहित कश्मीरी पंडित युवाओं की बढ़ती संख्या है। टिक्कू बताते हैं कि 100 से अधिक युवा पुरुष और महिलाएं उपयुक्त विवाह साथी नहीं ढूंढ़ पाए हैं। कम परिवारों के साथ, युवाओं के लिए समुदाय के भीतर मैच ढूंढना मुश्किल होता जा रहा है, और अंतर-समुदाय विवाह दुर्लभ हैं।घटती आबादी सांस्कृतिक और धार्मिक प्रथाओं को भी बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। ▶10पर









# अमेरिका धोखेबाज है पर रूस भारत का है पक्का दोस्त

**मास्को, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

अमेरिका की भारत से यारी दिखावा है। वजह है टैरिफ। जी हां, एक ओर वह भारत को अच्छा दोस्त बताते हैं, दूसरी ओर वह भारत पर टैरिफ की धमकी देते हैं। ऐसे ही मौकों पर हमें समझ आता है कि हमारा पक्का यार तो रूस ही है। रूस ही हमारा ऐसा पकिया यार है जो हर वक्त भारत के साथ खड़ा रहता है। भारत भी उसके मुश्किल घड़ी में खड़ा रहा है। चाहे वह अमेरिका का प्रतिबंध का वक्त हो या यूक्रेन संग जंग।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत का अगर कोई पक्का वाला दोस्त है तो वह है रूस। उधर यूक्रेन जंग पर पुतिन को ट्रंप झांसे में लेने की कोशिश में जुटे हैं। इधर होली से पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस से अपनी दोस्ती का रंग और गाढ़ा करने में जुटे हैं। जी हां, गुरुवार को साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति पर चर्चा की। रूस और यूक्रेन का युद्ध कैसे खत्म हो, इस पर भी दोनों देशों के विदेशमंत्री के बीच बातचीत हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के उपाय सुझाए। जयशंकर दो दिन के दौरे पर दक्षिण अफ्रीका गए हैं। उन्हें जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेना है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव संग मुलाकात वाली तस्वीरें एस जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, जोहान्सबर्ग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर खुशी हुई। दोनों के बीच क्या-क्या बातची हुई, इसका विवरण भी दिया। उन दोनों ने भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। यानी दोनों देश एक-दूसरे के सहयोग से कैसे और आगे बढ़ सकते हैं, इस पर बात हुई। इतना ही नहीं, जयशंकर और लावरोव ने यूक्रेनजंग से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की, जिसमें रियाद बैठक भी शामिल है। रियाद में पुतिन और ट्रंप के प्रतिनिधि मिले थे और यूक्रेन जंग पर शांति की कवायद पर बातचीत हुई है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो में जयशंकर और लावरोव हाथ मिलाते हुए देखे गए। एक वीडियो में दोनों नेता एक साथ पोज देते और बाद में अन्य नेताओं के साथ बातचीत के लिए बैठते दिख रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिकी कोर्ट ने हादी मतार को लेखक रुश्दी पर हमले का दोषी ठहराया



**न्यूयॉर्क।** पश्चिमी न्यूयॉर्क स्थित चौटाउक्का काउंटी कोर्ट ने भारतीय-ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी पर तीन साल पहले चाकू से हमला करने के आरोपित 27 वर्षीय हादी मतार को दोषी करार दिया। रुश्दी पिछले सप्ताह शुरू हुई गवाही प्रक्रिया के दौरान मुख्य गवाह रहे। रुश्दी ने जूरी के सदस्यों को अपनी दाहिनी आंख भी दिखाई जिसकी रोशनी हमले के कारण चली गई है। जूरी ने हादी मतार को उस व्यक्ति पर भी हमला करने का दोषी पाया जो उस समय रुश्दी के साथ मंच पर था। सलमान रुश्दी पर हमले का वाकया 12 अगस्त, 2022 का है। आरोपित ने मंच पर चढ़कर रुश्दी पर 15 बार चाकू से वार किया। इस हमले में 77 वर्षीय लेखक के एक आंख की रोशनी चली गई। जज ने सजा के लिए 23 अप्रैल की तारीख तय की है। मतार को 32 साल तक की जेल हो सकती है। जिला अटॉर्नी जेसन शिमट ने शुक्रवार को जिरह के दौरान जूरी को हमले का वीडियो दिखाया। इसमें हमलावर मंच पर चढ़कर रुश्दी की ओर दौड़ता दिख रहा है। बुकर पुरस्कार विजेता रुश्दी ने जूरी सदस्यों को बताया कि हमलावर उन पर तब तक चाकू से वार करता रहा जब तक कि आसपास खड़े लोगों ने उसे दबोच नहीं लिया। शिमट ने जूरी सदस्यों को एक ट्रॉमा सर्जन की गवाही की याद दिलाई, जिसने कहा था कि रुश्दी की चोटें त्वरित उपचार के बिना घातक हो सकती थीं।

### हमास ने गाजा में छह बंधक रिहा किए समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्त

**गाजा पट्टी।** आतंकवादी समूह हमास और इजराइल के बीच कतर में पिछले माह हुए संघर्ष विराम और



बंधकों की रिहाई समझौते ने आज कई परिवारों के चेहरों में खुशी लौटा दी। हमास के नकाबपोश सशस्त्र लड़ाकों ने आज सुबह (स्थानीय समयानुसार) मध्य गाजा के नुसीरात में ओमर शेम टोव (22), एलिया कोहेन (27) और ओमर वेनकर्ट (23) को रेडक्रॉस के अधिकारियों को सौंप दिया। इसके अलावा हमास की कैद से आजाद हुए टाल शोहम (40) और एवेरा मेंगिस्टु 38) इजराइल पहुंच गए। गाजा सिटी में रिहा होने वाला छठा बंधक हिशाम अल-सईद (37) है। हमास ने समझौते के अगले चरण में बाकी बंधकों की रिहाई के लिए शर्त रखी है। एवेरा मेंगिस्टु और उनके परिवार के कुछ सदस्यों को हवाई मार्ग से गाजा सीमा के पास एक इजराइली सैन्य अड्डे पर पहुंचाया गया। वहां से सभी को इजराइली वायु सेना के हेलीकॉप्टर से मध्य इजराइल के एक अस्पताल ले जाया गया। मेंगिस्टु को जांच के बाद घर भेजा जाएगा। शोहम और मेंगिस्टु को सुबह दक्षिणी गाजा के शहर राफाह में रिहा किया गया। इन दोनों को सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज बेरी से अगवा किया गया था।

### जेलेंस्की को राष्ट्रपति के पद से हटाने की योजना बना रहे ट्रंप



**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा चुनावी वादा था कि वह सत्ता में आने पर रूस और यूक्रेन युद्ध तुरंत प्रभाव से रुकवा दूंगा। लेकिन अब ऐसा लगाता हैं कि युद्ध रुकवाने से ज्यादा ट्रंप की मंशा यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को पद से हटाने की है। वह बीते कुछ दिनों से जेलेंस्की पर हमलावर दिख रहे हैं। ट्रंप ने जेलेंस्की को तानाशाह बताकर कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग तेजी से कम हुई है। उन्हें अब पद पर रहने का कोई हक नहीं है। इसके बाद साफ हो गया हैं कि ट्रंप चाहते हैं कि जेलेंस्की को पद से हटाकर किसी नए चेहरे को सत्ता में बैठाया जाए। लेकिन सवाल उठता है कि जेलेंस्की की जगह वे कौन से चेहरे हैं, जिन्हें यूक्रेन की बागडोर सौंपी जा सकती है। इसमें सबसे बड़ा नाम यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पेरोशेंको का है। पेराशंको को सबसे बड़ा दावेदार बताया जा रहा है। वह यूक्रेन के राष्ट्रपति भी रह चुके हैं। तब अमेरिका में ट्रंप राष्ट्रपति थे। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे जिसके बाद वे अगला चुनाव नहीं जीत सके। दूसरा नाम दिमित्रो कुलेबा का है। उन्हें जेलेंस्की का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। यूक्रेन के अगले राष्ट्रपति को लेकर जो भी सर्वे हुए हैं, उनमें कुलेबा प्रमुखता से आगे रहे हैं। वे जेलेंस्की की सरकार में विदेश मंत्री रहे हैं। उनका 2023 में पाकिस्तान का दौरा बहुत चर्चा में रहा था जहां यूक्रेन और पाकिस्तान के बीच हथियारों को लेकर डील की बहुत चर्चा हुई थी। इसके अलावा तीसरे दावेदार विताली किम हैं। वे मायकोलेव ऑब्लास्ट गवर्नर रह चुके हैं। वह यूक्रेन के बड़े कारोबारी भी हैं।

# बड़बोले निकले डोनाल्ड ट्रंप-निर्वासन अभियान में बाइडेन से रह गए पीछे

**वॉशिंगटन 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप काम कम बाते ज्यादा कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान कहा था कि अमेरिका से अवैध प्रवासियों को इतिहास के सबसे बड़े निर्वासन अभियान के तहत बाहर करेंगे। लेकिन सत्ता में लौटने के बाद उनका यह ऑपरेशन उम्मीद के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है।**



एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2025 में ट्रंप प्रशासन ने 37,660 लोगों को देश से बाहर निकाला, जो कि जो बाइडेन के कार्यकाल के अंतिम पूर्ण वर्ष में औसत 57,000 प्रति माह से काफी कम है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि आने वाले महीनों में निर्वासन की संख्या में तेजी आएगी, क्योंकि अब गिरफ्तारियों और निष्कासन के नए रास्ते खोले जा रहे हैं।

ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के प्रवासियों को ग्वांतानामो बे स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर भेजना शुरू कर दिया है। जनवरी के अंत में ट्रंप ने घोषणा की थी कि वहां 30,000 प्रवासियों को रखने की योजना बनाई जा रही है, हालांकि मानवाधिकार संगठनों ने इस कदम पर नाराजगी जताई है।

ट्रंप प्रशासन अब उन प्रवासियों को भी निशाने पर ले रहा है जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है लेकिन जिनके खिलाफ अंतिम निर्वासन आदेश जारी हो चुका है। हाल ही में न्याय विभाग ने एक नया निर्देश जारी किया है, जिससे आव्रजन अदालतों के अंदर से ही आईसीई अधिकारियों को गिरफ्तारियां करने की अनुमति मिल गई है। इसके अलावा, अमेरिका ने वेनेजुएला के कुख्यात आपराधिक गिरोह सहित सात अन्य गैंग्स और ड्रग कार्टेल्स को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इस कदम से इनसे जुड़े प्रवासियों को निर्वासित करना और भी आसान हो जाएगा।

ट्रंप प्रशासन ने अपने पहले तीन हफ्तों में 14,000 से अधिक प्रवासियों को गिरफ्तार किया, जो कि पिछली औसत दर से लगभग दोगुना है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि शुरूआती बढ़त के बावजूद इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ाना आसान नहीं होगा। आईसीई के पास इस समय 41,100 प्रवासियों को हिरासत में रखने की क्षमता है, जबकि नए बजट में इसे बढ़ाने पर चर्चा जारी है।

## ट्रंप ने सेना के टॉप जनरल को किया बर्खास्त



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी कार्यशैली को लेकर पूरी दुनिया में चर्चित हैं। कब कौन सा आदेश निकाल दें कोई नहीं जानता। बीते रोज ट्रंप ने टॉप जनरल को बर्खास्त कर अपने ही अधीनस्थों में खौंफ पैदा कर दिया है। उन्होंने बड़ा फैसला लेते हुए शुक्रवार को अपने टॉप मिलिट्री जनरल को बर्खास्त कर दिया। ज्वाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन जूनियर को नौकरी से निकालकर बर्खास्त कर दिया। यही पहली बार हुआ है कि प्रशासन बदलने पर देश के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को इस तरह बाहर किया गया है। ट्रंप ने सी.क्यू. ब्राउन को पद से हटाने का ऐलान करते हुए कहा कि उनकी जगह अब रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल डैन कैन लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में सेना में भी बड़े बदलाव हो सकते हैं। अमेरिका के सरकारी कर्मचारियों पर लगातार हो रहे एक्शन के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने ज्वाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन जूनियर को बर्खास्त कर दिया है। सोशल मीडिया अकाउंट ट्रु पर लिखा पोस्ट में ट्रंप ने अमेरिका की सेवा के लिए ब्राउन को धन्यवाद दिया और उन्हें एक अच्छा सज्जन बताया।

# एआई मॉडल भी समय के साथ हो सकते हैं कमजोर: अध्ययन



**लंदन, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमता को लेकर दिसंबर 2024 में किए गए एक शोध में दावा किया गया है कि एआई मॉडल भी समय के साथ कमजोर हो सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे इंसानों का दिमाग उम्र के साथ धीमा पड़ने लगता है। नई स्टडी में चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं। इस रिसर्च में ओपन एआई के चैटजीपीटी-4 और चैटजीपीटी-4श, अंथ्रोपिक के क्लाउड 3.5 और अल्फाबेट के जेमिनी 1.0 व 1.5 जैसे टॉप एआई मॉडल्स का मानसिक क्षमता परीक्षण किया गया। वैज्ञानिकों ने 'मॉन्ट्रियल काग्नीटिव असेसमेंट' नामक टेस्ट का उपयोग किया, जो आमतौर पर इंसानों में डिमेंशिया और मानसिक गिरावट को परखने के लिए किया जाता है। इस परीक्षण में एआई मॉडल्स के ध्यान, याददाश्त, भाषा समझने की क्षमता और समस्या हल करने की योग्यता को मापा गया। परिणाम हैरान करने वाले थे। चैटजीपीटी-4श ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और 30 में से 26 अंक हासिल किए, जबकि चैटजीपीटी-4 और क्लाउड 3.5 को 25 अंक मिले। दूसरी ओर, अल्फाबेट के जेमिनी मॉडल्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिसमें जेमिनी 1.0 को केवल 16 अंक मिले। टेस्ट के दौरान एआई मॉडल्स से ध्यान केंद्रित करने, याददाश्त से संबंधित प्रश्नों के जवाब देने, घड़ी बनाने और संख्याओं को जोड़ने जैसे टास्क कराए गए। खास बात यह रही कि कुछ एआई मॉडल्स 'मेमोरी टेस्ट' में बुरी तरह फेल हो गए और दिए गए शब्दों को दोबारा याद नहीं कर पाए। जेमिनी मॉडल्स तो पूरे पांच शब्दों को भूल ही गए। रिसर्च के अनुसार, एआई मॉडल्स की ये मानसिक कमजोरियां 'पोस्टेरियर कार्टिकल अट्रोफी' नामक अल्जाइमर के एक प्रकार से मेल खाती हैं। यानी जैसे इंसानों का दिमाग उम्र के साथ कमजोर होता है, वैसे ही एआई भी समय के साथ आउटडेटेड हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एआई को हमेशा अपग्रेड करने की जरूरत होती है, लेकिन समय के साथ इसमें मौजूद कुछ डेटा और क्षमताएं कमज़ोर हो सकती हैं। इस अध्ययन ने उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा जाता है कि एआई भविष्य में पूरी तरह से डॉक्टरों की जगह ले सकता है। शोधकर्ताओं ने साफ कहा कि मेडिकल क्षेत्र में एआई पर पूरी तरह निर्भर होना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इसकी मानसिक सीमाएं इंसानों जितनी विकसित नहीं हो सकतीं।

## डब्ल्यूएचओ ने शराब को माना विषैला और लत पैदा करने वाला पदार्थ



हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शराब को एक विषैला और लत पैदा करने वाला पदार्थ माना है, जिसे इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) ने कैंसर उत्पन्न करने वाले सबसे खतरनाक पदार्थों में वर्गीकृत किया है। डब्ल्यूएचओ अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन को लेकर चेतावनी जारी की है। अल्कोहल के अत्यधिक सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, और यह 20 से अधिक प्रकार के कैंसर का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका सेवन मुंह, गला, भोजन नली, पेट, बृहदान्त्र, मलाशय और अग्न्याशय के कैंसर से जुड़ा हुआ है। महिलाओं में यह स्तन कैंसर और पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का भी कारण बन सकता है। अल्कोहल का सेवन शरीर में एक जहरीले यौगिक, एसिटेल्डिहाइड को उत्पन्न करता है, जो डीएनए और प्रोटीन को नुकसान पहुंचा सकता है।

## काश पटेल ने हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर हाथ रखकर ली एफबीआई निदेशक पद की शपथ



**वाशिंगटन, 22 फरवरी (एजेंसियां)।** संघीय जांच ब्यूरो के नवनियुक्त निदेशक काश पटेल शुक्रवार को आधिकारिक रूप से शपथ लेने के बाद सुर्खियों में हैं। हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर शपथ लेने का उनका फैसला अयोध्या के राम मंदिर पर पश्चिमी मीडिया कवरेज की उनकी पिछली आलोचना से मिलता जुलता है।काश पटेल ने एफबीआई के नौवें निदेशक के रूप में भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। पटेल (44) के पक्ष में बृहस्पतिवार को रिपब्लिकन नेतृत्व वाली सीनेट में 49 के मुकाबले 51 मत पड़े। वह देश की प्रमुख कानून प्रवर्तन एजेंसी का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। शुक्रवार को शपथ समारोह के दौरान पटेल के परिवार के सदस्य और उनकी महिला मित्र मौजूद थीं। शपथ समारोह का संचालन अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने व्हाइट हाउस परिसर में "आइजनहावर कार्यकारी कार्यालय भवनफ (ईईओबी) में भारतीय संधि कक्ष में किया। उन्होंने पटेल से गीता पर हाथ रखने और शपथ लेने के लिए अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाने को कहा।पटेल ने कहा," मैं अमेरिकी सपना जी रहा हूं। जो कोई भी सोचता है कि अमेरिकी सपना मर चुका है, वह यहां देख ले। आप पहली पीढ़ी के भारतीय बच्चे से बात कर रहे हैं, जो ईश्वर की हरी-भरी धरती पर सबसे महान राष्ट्र, कानून प्रवर्तन समुदाय का नेतृत्व करने वाला है। ऐसा कहीं और नहीं हो सकता।" न्यूयॉर्क में जन्मे पटेल गुजरात से संबंध रखते हैं। हालांकि उनके माता-पिता पूर्वी अफ्रीका से हैं। उनकी मां तंजानिया से और उनके पिता युगांडा से हैं। वे 1970 में कनाडा से अमेरिका आए थे। पटेल के माता-पिता अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं और अपना समय अमेरिका तथा गुजरात दोनों में बिताते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी होंगे मॉरीशस के स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि

**मॉरीशस की नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने की घोषणा,सदस्यों ने मेज थपथपाकर जताई खुशी**

**पोर्ट लुइस, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने नेशनल असेंबली में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। वो मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि होंगे। यह हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है। रामगुलाम की इस घोषणा पर नेशनल असेंबली के सदस्यों ने मेज थपथपाकर खुशी जताई।



रामगुलाम ने शुक्रवार को कहा, ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे और देश के लिए वास्तव में गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बेहद व्यस्त कार्यक्रम, पेरिस और संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी हालिया यात्राओं के बावजूद हमें यह सम्मान दिया है। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में मॉरीशस आने के लिए सहमत हो गए हैं।%% उल्लेखनीय है कि मॉरीशस को 12 मार्च, 1968 को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता मिली थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 मार्च की यात्रा पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने कहा, ऐसे मौके पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना मॉरीशस के लिए एक सौभाग्य की बात है।

### राष्ट्रपति मुर्मू गई थीं पिछले साल

पिछले साल मॉरीशस के 56वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई थीं। राष्ट्रपति मुर्मु का सर शिवसागर रामगुलाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। मॉरीशस में रामगुलाम के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2024 के आम चुनाव में जीत हासिल की। उन्हें सत्ता में वापसी करने में पूरे एक दशक का समय लगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जीत की बधाई देते हुए उनसे बातचीत भी की थी।

### मेरे दोस्त, जीत की बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, जीत के बाद मेरी मेरे दोस्त नवीन रामगुलाम से बात हुई। मैंने उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। मैंने उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। हम अपनी विशेष साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### भारत और मॉरीशस के संबंध

भारत और मॉरीशस के बीच इतिहास और संस्कृति आधारित गहरा रिश्ता है। मॉरीशस में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉरीशस में 8 लाख 94 हजार 848 भारतीय और भारतीय मूल के लोग रहते हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी है।


राष्ट्र प्रथम
बंटेंगे तो कटेंगे
एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे
Best Wishes
BS
Basai Steels And Power (P) Ltd.
MANUFACTURERS OF
BILLETS | POWER | SPONGE IRON & M.S & G.P PIPE 15mm to 150mm
SQUARE, RECTANGULAR & ROUND PIPES IN ALL REGULAR THICKNESS
A-23/586, APIE, Balanagar, Hyderabad 500037
Cell: 9848030471,7799555555
gopalagarwal@basaisteels.com
Ward No 3, Plot No 412, Sidiginamola Village
Bellary-Alur Highway, Bellary 583138
www.basaisteels.com

# जेल जाते वक्त जब संजय दत्त को प्रेग्नेंट बीवी मान्यता की हुई चिंता

## अभिनेत्री शीबा आकाशदीप को किया था फोन, 9 महीने तक रही साथ



बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने 1993 के मुंबई बम धमाकों में शामिल होने के लिए पांच साल की जेल की सजा काटी थी। उन्हें अवैध हथियार रखने के लिए आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराया गया था और 2016 में रिहा होने से पहले उन्हें अपनी सजा के दौरान कई बार जमानत दी गई थी। 2009-2010 के आसपास जेल में रहने के दौरान, संजय की पत्नी मान्यता दत्त अपने जुड़वां बच्चों के साथ प्रेग्नेंट थीं। आगे जेल की सजा का सामना करने पर, संजय ने अपनी करीबी दोस्त और साथी अभिनेत्री शीबा आकाशदीप से संपर्क किया और उनसे उनकी अनुपस्थिति में मान्यता का साथ देने के लिए कहा।

**कितना मुश्किल था वो समय : शीबा**

हाल ही में पिंकविला से बातचीत में, शीबा ने संजय के जीवन के इस कठिन दौर को करीब से देखने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वह मान्यता के साथ उनकी प्रेग्नेंसी के दौरान खड़ी रहीं और इस बात का पूरा ध्यान रखा कि उन नौ महीनों के दौरान वह अकेली न रहें। शीबा ने कहा, जब वह जेल जा रहे थे तो उन्होंने मुझे फ़ोन किया और कहा, 'मान्यता अकेली है, मैं चाहता हूं कि तुम जाकर उसकी देखभाल करो'। मैं रोजाना अपने घर से उसके पास बैठने जाती थी ताकि मैं उसके साथ रह सकूं क्योंकि वह प्रेग्नेंट थी और अकेली थी। मैं उसके बाहर आने तक उसके साथ रहना चाहता थी। इसलिए, मैंने पूरे नौ महीने उसके साथ बिताए।

**जेल में ये काम करते थे संजय**

इससे पहले, शेफ रणवीर बरार के होस्ट शो स्टार बनाम फूड सर्वाइवल में पहुंचे संजय दत्त ने खुलासा किया था कि कैसे उन्होंने जेल में अपने समय का इस्तेमाल एक्सरसाइज करने और खाना बनाना सीखने के लिए किया। संजय ने कहा, पहली बार जब मैं जेल गया था, अगर आप ठाणे जेल के बाहर की तस्वीरें देखें- अन्ना, अक्षय, अजय, शाहरुख, हर कोई मेरे पास आया और मुझे शुभकामनाएं दीं। मुझे जेल की सजा काटने से कोई राहत नहीं मिली, इसलिए इस बारे में ज़्यादा क्यों सोचना? मुझे अपना मन बनाना पड़ा कि हां मुझे जाना ही है। मुझे इसका सामना करना होगा। छह सालों में, मैंने इसका सामना किया, इसे संभाला, इसका पूरा फायदा उठाया और इससे सीखा। मैंने उस समय का इस्तेमाल खाना बनाना, शास्त्र सीखना और



वर्कआउट करने में किया। मैं एक बेहतर काया के साथ बाहर आया।

## साउथ ला रहा है दृश्यम 3

### सुपरस्टार मोहनलाल बोले- अतीत कभी चुप नहीं रहता



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइजी दृश्यम के तीसरे सीक्वल की घोषणा कर दी है। इस फिल्म के अब तक दो पार्ट आ चुके हैं। दोनों की पार्ट को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इतना ही नहीं दृश्यम 1 और दृश्यम 2 को कई भाषाओं में रीमेक कर रिलीज किया गया है। अब 20 फरवरी को मोहनलाल ने दृश्यम 3 की घोषणा कर डाली है। उनकी इस फिल्म का निर्देशन भी जीतू जोसेफ करने वाले हैं। अपनी इस फिल्म की घोषणा मोहनलाल ने सोशल मीडिया के जरिए की है।

## फिल्म नादानियां 7 मार्च को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर देगी दस्तक

इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर स्टारर फिल्म नादानियां के निर्माताओं ने रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म 7 मार्च को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है।नादानियां इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म है। वहीं, खुशी कपूर की यह द आर्चीज, लवयापा के बाद तीसरी फिल्म है।नेटफ्लिक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने इसकी घोषणा की और लिखा, कुछ कुछ होता है ऐसी नादानियां देखकर, 7 मार्च को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर नादानियां रिलीज हो रही है।नादानियां में इब्राहिम अली के किरदार का नाम अर्जुन मेहता है। वहीं, खुशी कपूर के किरदार का नाम पिया जय सिंह है।नादानियां ज़ेन जेड के रोमांस, प्यार और उसमें आने वाले मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है।निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म नादानियां के दूसरे ट्रैक गलतफहमी को रिलीज किया है। फिल्म का गाना प्यार के बीच आने वाली मुश्किलों को दिखाता है।इंस्टाग्राम हैंडल पर गाना शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, उन लोगों के लिए जिन्होंने प्यार किया, खोया और कभी समझा नहीं पाए! गलतफहमी ग़ाना रिलीज हो चुका है।गलतफहमी गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने गाने के बोल लिखे हैं। ट्रैक को आवाज तुषार जोशी और मधुबंती बागची ने दी है।इब्राहिम ने कहा, गलतफहमी में कुछ ऐसा है जिससे आप जुड़ सकेंगे। यह वास्तविक है और दिल टूटने के दर्द को दिखाता है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। यह प्यार और नुकसान का एक ऐसा पहलू है जो भरोसेमंद है।खुशी ने कहा, गलतफहमी ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया और यह नादानियां एल्बम के मेरे पसंदीदा ट्रैक में से एक है। मुझे विश्वास है कि दर्शक गलतफहमी के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं लोगों के बीच इसे पेश करके काफी खुश हूं।शौना गौतम के निर्देशन में बनी नादानियां को धर्मा एंटरटेनमेंट के तहत करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने तैयार किया है। यह फिल्म प्यार के कॉन्सेप्ट को एक नए मोड़ के साथ पेश करती है।




## जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट का पहला गाना भारत जारी, मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं बोल




जॉन अब्राहम पिछली बार फिल्म वेदा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।काफी समय से जॉन अपनी आगामी फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान शिवम नायर ने संभाली है।यह फिल्म 7 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब इससे पहले निर्माताओं ने द डिप्लोमैट का पहला गाना भारत जारी कर दिया है।भारत गाने को हरिहरन ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। इस गाने को एआर रहमान ने कंपोज किया है।फिल्म में सादिया खतीब, रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकार भी हैं।द डिप्लोमैट एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है।इस फिल्म में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका में नजर आएंगे।फिल्म के बारे में बात करते हुए जॉन ने कहा, कूटनीति एक युद्ध का मैदान है, जहां शब्दों का वजन हथियारों से ज्यादा होता है। जेपी सिंह की भूमिका निभाने से मुझे एक ऐसी दुनिया का पता लगाने का मौका मिला जहां शक्ति को बुद्धि, लचीलापन और शांत वीरता से परिभाषित किया जाता है। उजमा की कहानी भारत की ताकत और साहस का प्रमाण है और मुझे इस प्रेरक यात्रा को स्क्रीन पर जीवंत करने पर गर्व है।

## शमा सिकंदर ने हॉटनेस से सोशल मीडिया पर मचाया हंगामा



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर और हॉट लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर हमेशा अपने लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं।इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।शमा सिकंदर की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने व्हाइट कलर का फर्र लुक में स्वेटर पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।शमा सिकंदर की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मट हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल। तीसरे यूजर ने लिखा है- हॉट एंड सेक्सी।बता दें कि शमा सिकंदर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

## अनुपम खेर की नई फिल्म तुमको मेरी कसम का ऐलान




विक्रम भट्ट बॉलीवुड में अपनी हॉरर जॉनर की फिल्मों के लिए फेमस है। जल्द ही रिलीज होने वाली उनकी फिल्म तुमको मेरी कसम ऱिलीज होगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है, जिसमें फिल्म की कहानी में थ्रिलर का तड़का है, साथ ही कोर्ट रूम ड्रामा भी नजर आ रहा है। फिल्म तुमको मेरी कसम ़में अनुपम खेर एक आईवीएफ हॉस्पिटल से जुड़े हुए नजर आ रहे हैं। वहीं इस फिल्म के टीजर में कोर्ट रूम सीन भी दिख रहे हैं। क्या है आईवीएफ और कोर्ट केस का नाता, यह तो फिल्म देखकर ही पता चलेगा। लेकिन टीजर में अनुपम खेर, अदा शर्मा और ईशा देओल के डायलॉग दमदार लग रहे हैं। विक्रम भट्ट निर्देशित फिल्म तुमको मेरी कसम ़मार्च के महीने में रिलीज होगी। यह फिल्म 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विक्रम भट्ट इस फिल्म को इंदिरा एंटरटेनमेंट एलएलपी ने प्रोड्यूस किया है। महेश भट्ट भी इंदिरा एंटरटेमेंट के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रेजेंट कर रहे हैं।फिल्म की प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्वेताबंरी भट्ट, कृष्णा भट्ट सरदा हैं। फिल्म तुमको मेरी कसम ़में अनुपम खेर, अदा शर्मा के अलावा इश्वाक सिंह, ईशा देओल, मेहरजान मज्दा और सुशांत सिंह भी नजर आ रहे हैं। अनुपम खेर के किरदार के आगे फिल्म की कहानी को बुना गया है। यह फिल्म डॉ. अजय मुर्डिया की जिंदगी से इंस्पायर बताई जा रही है। विक्रम भट्ट ने इस कहानी को निर्देशित करने के साथ लिखा भी है। फिल्म तुमको मेरी कसम ़के जरिए एक इमोशनल, थ्रिलर स्टोरी को विक्रम भट्ट दिखा रहे हैं लेकिन वह हॉरर फिल्मों के मास्टर माने जाते हैं।

## पराशक्ति से विजय एंटनी की पहली झलक आई सामने, हिंदी समेत चार भाषाओं में होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता-संगीतकार और निर्माता विजय एंटनी काफी समय से अपने करियर की 25वीं फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशक की कमान निर्देशक अरुण प्रभु ने संभाली है।यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।अब निर्माताओं ने इस फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। इसके साथ फिल्म से विजय की पहली झलक भी सामने आ चुकी है।विजय की आगामी फिल्म का नाम पराशक्ति रखा गया है। सामने आए पोस्टर में अभिनेता का धांसू अवतार दिख रहा है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जो हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।इस फिल्म में वागई चंद्रशेखर, सुनील कृपलानी, सेल मुरुगन, तृप्ति रवींद्र और बाल कलाकार मास्टर केशव जैसे सितारे भी नजर आएंगे।विजय एंटनी की पिछली फिल्म मझाई पिडिक्कथा मनिथन दर्शकों को प्रभावित करने में विफल रही, लेकिन विशाल अभिनीत माधा गज राजा के लिए उनके संगीत को प्रशंसकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

विजय एंटनी गगन मार्गन का भी हिस्सा हैं, जो निर्माण के अंतिम चरण में पहुँच गया है। पराशक्ति और अन्य आगामी परियोजनाओं के साथ विजय एंटनी की पैक लाइनअप उनके प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक वर्ष का वादा करती है।जैसा कि विजय एंटनी इस गर्मी में पराशक्ति की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, प्रशंसक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि अभिनेता उनके लिए क्या लेकर आए हैं। अपने संगीत और अभिनय कौशल के साथ विजय एंटनी फिल्म उद्योग में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं और उनकी 25वीं फिल्म एक खास होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि विजय इस फिल्म के निर्माता हैं। इतना ही नहीं, वह फिल्म के संगीतकार भी हैं।



# विजया एकादशी पर करें भगवान विष्णु के नामों का जाप, दूर होंगे दुख-दर्द

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को विजया एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस साल यह एकादशी सोमवार, 24 फरवरी 2025 को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इस दिन व्रत करने से साधक को पुण्य फलों की प्राप्ति होती है।



**भगवान विष्णु के १०८ नाम**

1) ॐ श्री विष्णवे नम:
2) ॐ श्री परमात्मने नम:
3) ॐ श्री विराट पुरुषाय नम:
4) ॐ श्री क्षेत्र क्षेत्राज्ञाय नम:
5) ॐ श्री केशवाय नम:
6) ॐ श्री पुरुषोत्तमाय नम:
7) ॐ श्री ईश्वराय नम:
8) ॐ श्री हृषीकेशाय नम:
9) ॐ श्री पद्मनाभाय नम:
10) ॐ श्री विश्वकर्मणे नम:
11) ॐ श्री कृष्णाय नम:
12) ॐ श्री प्रजापतये नम:
13) ॐ श्री हिरण्यगर्भाय नम:
14) ॐ श्री सुरेशाय नम:
15) ॐ श्री सर्वदर्शनाय नम:
16) ॐ श्री सर्वेश्वराय नम:
17) ॐ श्री अच्युताय नम:
18) ॐ श्री वासुदेवाय नम:
19) ॐ श्री पुण्डरीक्षाय नम:
20) ॐ श्री नर-नारायणा नम:
21) ॐ श्री जनार्दनाय नम:
22) ॐ श्री लोकाध्यक्षाय नम:
23) ॐ श्री चतुर्भुजाय नम:
24) ॐ श्री धर्माध्यक्षाय नम:
25) ॐ श्री उपेन्द्राय नम:
26) ॐ श्री माधवाय नम:
27) ॐ श्री महाबलाय नम:
28) ॐ श्री गोविन्दाय नम:
29) ॐ श्री प्रजापतये नम:
30) ॐ श्री विश्वातमने नम:
31) ॐ श्री सहस्त्राक्षाय नम:
32) ॐ श्री नारायणाय नम:
33) ॐ श्री सिद्ध संकल्पयाय नम:
34) ॐ श्री महेन्द्राय नम:
35) ॐ श्री वामनाय नम:
36) ॐ श्री अनन्तजिते नम:
37) ॐ श्री महीधराय नम:
38) ॐ श्री गरुडध्वजाय नम:
39) ॐ श्री लक्ष्मीपतये नम:
40) ॐ श्री दामोदराय नम:
41) ॐ श्री कमलापतये नम:
42) ॐ श्री परमेश्वराय नम:
43) ॐ श्री धनेश्वराय नम:
44) ॐ श्री मुकुन्दाय नम:
45) ॐ श्री आनन्दाय नम:
46) ॐ श्री सत्यधर्माय नम:
47) ॐ श्री उपेन्द्राय नम:
48) ॐ श्री चक्रगदाधराय नम:
49) ॐ श्री भगवते नम

एकादशी तिथि को हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण तिथियों में से एक माना जाता है। इस दिन विष्णु जी के निमित्त व्रत किया जाता है और विधिवत रूप से उनकी पूजा-अर्चना की जाती है।

50) ॐ श्री शान्तिदाय नम:
51) ॐ श्री गोपतये नम:
52) ॐ श्री श्रीपतये नम:
53) ॐ श्री श्रीहरये नम:
54) ॐ श्री श्रीरघुनाथाय नम:
55) ॐ श्री कपिलेश्वराय नम:
56) ॐ श्री वाराहय नम:
57) ॐ श्री नरसिंहाय नम:
58) ॐ श्री रामाय नम:
59) ॐ श्री हयग्रीवाय नम:
60) ॐ श्री शोकनाशनाय नम:
61) ॐ श्री विशुद्धात्मने नम :
62) ॐ श्री केश्वाय नम:
63) ॐ श्री धनंजाय नम:
64) ॐ श्री ब्राह्मणप्रियाय नम:
65) ॐ श्री श्री यदुश्रेष्ठाय नम:
66) ॐ श्री लोकनाथाय नम:
67) ॐ श्री भक्तवत्सलाय नम:
68) ॐ श्री चतुर्मूर्तये नम:
69) ॐ श्री एकपदे नम:
70) ॐ श्री सुलोचनाय नम:
71) ॐ श्री सर्वतोमुखाय नम:
72) ॐ श्री सप्तवाहनाय नम:
73) ॐ श्री वंशवर्धनाय नम:
74) ॐ श्री योगिनेय नम:
75) ॐ श्री धनुर्धराय नम:
76) ॐ श्री प्रीतिवर्धनाय नम:
77) ॐ श्री प्रीतिवर्धनाय नम
78) ॐ श्री अक्रूराय नम:
79) ॐ श्री दु:स्वपननाशनाय नम:

एकादशी व्रत करने से साधक को भगवान विष्णु के साथ-साथ माता लक्ष्मी की भी कृपा की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे में आपको एकादशी के मौके पर विष्णु जी के 108 नामों का जप जरूर करना चाहिए, ताकि प्रभु श्रीहरि की दया दृष्टि आपके ऊपर बनी रहे।

80) ॐ श्री भूभवे नम:
81) ॐ श्री प्राणदाय नम:
82) ॐ श्री देवकी नन्दनाय नम:
83) ॐ श्री शंख भृते नम:
84) ॐ श्री सुरेशाय नम:
85) ॐ श्री कमलनयनाय नम:
86) ॐ श्री जगतगुरूवे नम:
87) ॐ श्री सनातन नम:
88) ॐ श्री सच्चिदानन्दाय नम:
89) ॐ श्री द्वारकानाथाय नम:
90) ॐ श्री दानवेन्द्र विनाशकाय नम:
91) ॐ श्री दयानिधि नम:
92) ॐ श्री एकातम्ने नम:
93) ॐ श्री शत्रुजिते नम:
94) ॐ श्री घनश्यामाय नम:
95) ॐ श्री लोकाध्यक्षाय नम:
96) ॐ श्री जरा-मरण-वर्जिताय नम:
97) ॐ श्री सर्वयज्ञफलप्रदाय नम:
98) ॐ श्री विराटपुरुषाय नम:
99) ॐ श्री यशोदानन्दनयाय नम:
100) ॐ श्री परमधार्मिकाय नम:
101) ॐ श्री गरुडध्वजाय नम:
102) ॐ श्री प्रभवे नम:
103) ॐ श्री लक्ष्मीकान्ताजाय नम:
104) ॐ श्री गगनसदृश्यमाय नम:
105) ॐ श्री वामनाय नम:
106) ॐ श्री हंसाय नम:
107) ॐ श्री वयासाय नम:
108) ॐ श्री प्रकटाय नम:

# घर में बनाए रखनी है खुशियां, तो गांठ बांध लें चाणक्य की ये बातें

आचार्य चाणक्य की नीति सबसे लोकप्रिय नीतियों में शामिल है। ऐसे में आप भी इसे अपने जीवन में अपनाकर लाभ देख सकते हैं। किसी भी परिवार में खुशियां तभी बनी रहती हैं, जब वहा किसी भी तरह का भेदभाव, जलन और नफरत की भावना न हो। तो चलिए जानते हैं कि इस विषय में आचार्य चाणक्य का क्या कहता हैं।



**इस आदत में करें बदलाव**

मां अन्नपूर्णा को हिंदू धर्म में अन्न की देवी के रूप में पूजा जाता है, इसलिए कभी न तो अन्न बर्बाद करें और न ही किसी सदस्य को करने दें। परिवार के बच्चों में भी यही आदते डालें। चाणक्य जी का कहना है कि जिस घर में अन्न की बर्बादी होती है, वहां हमेशा आर्थिक समस्याएं बनी रहती हैं। इसलिए अपनी इस आदत में जल्द-से-जल्द सुधार करें।

**क्या कहते हैं चाणक्य**

घर-परिवार को सही ढंग से चलाने की जिम्मेदारी घर के बड़े लोगों खासकर मुखिया के कंधों पर होती है। ऐसे में अगर आपके घर में किसी सदस्या को फिजूलखर्ची की आदत है, तो उसमें तुरंत बदलाव करने की जरूरत है। इससे भी परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ सकता है। क्योंकि एक को देखकर घर के अन्य लोग और बच्चे भी यही सीखते हैं और पैसों का महत्व नहीं समझते। इसलिए न तो फिजूलखर्ची करें और न ही किसी और को करने दें।

**खुद भी करें पालन**

परिवार में जो भी नियम बनाए जाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि घर के सभी सदस्य उनका पालन करें, चाहे वह छोटे हों या बड़ें। क्योंकि अगर बड़े लोग ही नियम तोड़ते हैं, तो छोटे भी यही सिखते हैं। इसलिए अगर आप ही नियमों का पालन नहीं करते, तो अन्य लोगों से भी ऐसा करने की अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए।

**क्या कहते हैं आचार्य चाणक्य**

आचार्य चाणक्य के अनुसार, घर के लोगों के बीच कभी भी भेदभाव की भावना नहीं आनी चाहिए, वरना इससे सदस्यों के बीच बैर भावना उत्पन्न होने लगती है। इसलिए घर के बड़े लोगों खासकर मुखिया को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपने से छोटों को कमतर न आंकें और एक की तुलना दूसरे से न करें। परिवार में खुशियां बनाए रखने के लिए इस बात का ध्यान रखना जरूरी है।

# अच्छा समय शुरू होने से पहले आते हैं ये सपने, समझिए दूर होने वाली है सारी परेशानी



स्वप्न शास्त्र की मानें, तो कुछ सपने आपको अच्छे समय के आने का संकेत देते हैं। वहीं कुछ आपको भविष्य में आने वाली परेशानियों के प्रति आगाह भी करते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे सपनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको अच्छा समय शुरू होने से पहले दिखाई देते हैं।

**सपने में भगवान के दर्शन**

सपने में भगवान का दिखना एक शुभ संकेत माना जाता है। ऐसे में यदि आप सपने में अपने इष्ट देव को प्रसन्न या मुस्कुराते हुए देखते हैं, तो इसे एक बहुत ही अच्छा संकेत समझा जाता है। इसका अर्थ है कि आपको जल्द ही कोई बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है। वहीं अगर आप सपने में भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बजाते हुए देखते हैं, तो यह एक शुभ संकेत समझा जाता है। क्योंकि स्वप्न शास्त्र में इसका अर्थ बताया गया है कि आपके जीवन में कुछ अच्छे बदलाव आने वाले हैं।

**बरसेगी श्रीहरि की कृपा**

हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, शंख बहुत ही पवित्र वस्तु मानी गई है। इसका संबंध धन की देवी यानी मां लक्ष्मी से माना गया है। ऐसे में सपने में शंख को देखना एक अच्छा संकेत माना जाता है। स्वप्न शास्त्र में इसे एक दुर्लभ सपना माना गया है, जिसे देखने का अर्थ है कि आपके ऊपर बहुत जल्द लक्ष्मी जी के साथ-साथ भगवान विष्णु की भी कृपा बरसने वाली है।

**इस जानवर का दिखना है शुभ**

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में हाथी देखना भी काफी शुभ माना जाता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपके लिए अच्छा समय शुरू होने वाला है और आपको धन, ऐश्वर्य और सम्मान की प्राप्ति होगी। इसी के साथ सपने में पक्षी की तरह खुद को उड़ते हुआ देखना भी एक अच्छा समय है। इसका अर्थ है कि आपके जीवन में जो परेशानियां चल रही हैं, वह जल्द खत्म होने वाली हैं।

**शुभ हैं ये चीजें**

अगर कोई व्यक्ति सपने में बारिश होते हुए दिखता है, तो स्वप्न शास्त्र के मुताबिक ये काफी शुभ सपना होता है। इसका अर्थ माना जाता है कि आपको जल्द ही कोई गुड न्यूज मिलने वाली है। साथ ही इस सपने का यह भी अर्थ माना जाता है कि आपका वह काम पूरा हो सकता है, जिसका आप काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

# किस दिशा को कहा जाता हैं ईशान कोण वास्तु में क्यों हैं इसका इतना महत्व?

वास्तु शास्त्र में हर दिशा का एक विशेष महत्व माना गया है, लेकिन सबसे अधिक महत्व ईशान कोण को दिया गया है। इस दिशा में देवताओं का स्थान माना जाता है।

उत्तर-पूर्व दिशा को ईशान कोण कहा जाता है। वास्तु के अनुसार, ईशान कोण से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। ऐसे में इस दिशा से जुड़े वास्तु नियमों का ध्यान रखने से स्वास्थ्य, खुशी और समृद्धि में वृद्धि होती है।




**ईशान कोण में क्या होना चाहिए**

देवताओं की दिशा होने के कारण इस दिशा में पूजा घर या मंदिर बनाना शुभ माना जाता है। इस दिशा में पूजा करने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद आपके ऊपर बना रहता है। साथ ही इस दिशा को ज्ञान, बुद्धि, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना गया है।

इसलिए आप इस दिशा में बच्चों का कमरा भी बनवा सकते हैं। इससे उनकी एकाग्रता बढ़ती है।

इस दिशा का संबंध जल तत्व से भी माना गया है, इसलिए आपको इस दिशा में एक्वेरियम या फिर छोटा-सा फव्वारा लगाने से भी लाभ मिल सकता है।

**नहीं होनी चाहिए ये चीजें**

वास्तु के अनुसार आपके घर में ईशान कोण में शौचालय या फिर रसोई नहीं होनी चाहिए। इसी के साथ इस दिशा में भारी फर्नीचर और जूते-चप्पल भी नहीं रखने चाहिए, वरना आपको वास्तु दोष का सामना करना पड़ सकता है, जिससे आपको जीवन की परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसके साथ ही इस दिशा में किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं होना चाहिए।

**रखें इन बातों का ख्याल**

ईशान कोण में साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखें। साथ ही इस दिशा में हर चीज को व्यवस्थित तरीके से रखें। इसी के साथ इस बात का खासतौर से ध्यान रखें कि ईशान कोण में कोई भारी वस्तु नहीं होनी चाहिए, ताकि सकारात्मक ऊर्जा का स्वतंत्र रूप से प्रवाह जारी रहे। साथ ही इस दिशा में काले रंग की वस्तुएं रखने से भी बचना चाहिए।

# शिव पूजन में क्यों वर्जित हैं केतकी के फूल

महाशिवरात्रि पर पूजा करते समय भगवान शिव को कई तरह की फूल माला, फूल और बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं। यह भी माना जाता है कि भोलेनाथ भक्तों के हर तरह के भोग और भेंट को स्वीकार करते हैं। इसलिए भोले बाबा के भक्त भी अक्सर बिना सोचे-समझे भगवान को कई तरह के फूल अर्पित कर देते हैं। परंतु सभी भक्तों को एक और मान्यता के बारे में जान लेना चाहिए। एक ऐसा भी फूल है जिसे शिवलिंग पर चढ़ाना वर्जित माना जाता है। इस फूल का नाम है केतकी का फूल। इस फूल को भगवान शिव पर क्यों अर्पित नहीं किया जाता है इससे जुड़ी एक पौराणिक कथा बहुत प्रचलित है। अगर आप भी महाशिवरात्रि पर शिव पूजन के लिए जाने वाले हैं तो इस कथा को जरूर जान लीजिए ताकि आप भी शिवलिंग पर केतकी के फूल अर्पित करने की गलती न करें।

केतकी के फूल से जुड़ी पौराणिक कथा

पं। राहुल दीक्षित के अनुसार, केतकी के फूल और भगवान शिव की यह कथा त्रेतायुग से जुड़ी हुई है जिसका वर्णन शिव पुराण में भी मिलता है। कथा के अनुसार, एक बार भगवान विष्णु और भगवान ब्रह्मा के बीच खुद को श्रेष्ठ साबित करने के लिए तर्क होने लगे। बात जब थोड़ी ज्यादा बढ़ गई तब भगवान शिव उनके सामने एक अग्निस्तंभ यानी कि ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए। भगवान शिव ऐसे विशाल दिव्य स्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे कि उसका कोई आदि था न ही उसका कोई अंत ही दिखाई दे रहा था। भगवान शिव ने विष्णु और ब्रह्मा से कहा कि जो कोई भी इस ज्योतिर्लिंग का आदि या अंत खोजकर आएगा, वही श्रेष्ठ माना जाएगा।



**आदि और अंत की शुरू हुई खोज**

उस आदि और अंत को खोजने के लिए भगवान विष्णु ने वराह रूप धारण किया वो पृथ्वी के गर्भ में जाकर ज्योतिर्लिंग का आदि खोजने लगे, जबकि भगवान ब्रह्मा हंस के रूप में आकाश की ओर उड़ चले ताकि वो उसके अंत तक पहुंच सकें। विष्णु जी ने बहुत प्रयास किया लेकिन उन्हें शिवलिंग का आदि यानी कि स्टार्टिंग प्वाइंट नहीं मिला। उन्होंने शिवजी के सामने सच्चाई बताई और हार मान ली। ब्रह्मा जी आकाश में ऊपर और ऊपर तक उड़ते रहे, लेकिन उन्हें भी शिवलिंग का अंत यानी कि एंड प्वाइंट नहीं मिला। पर विष्णुजी की तरह ब्रह्माजी ने हार नहीं मानी बल्कि उन्होंने केतकी के फूल के साथ मिलकर नई कहानी बनाई।

केतकी के फूल की झूठी गवाही

पौराणिक कथा के अनुसार बताया कि ब्रह्माजी को ज्योतिर्लिंग का अंत तो नहीं मिला लेकिन एक केतकी का फूल मिल गया। केतकी के फूल से ब्रह्माजी ने ज्योतिर्लिंग के अंत के बारे में पूछा। केतकी के फूल को भी इसकी कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन, ब्रह्माजी ने उस फूल को झूठी गवाही देने को कहा। ब्रह्माजी ने कहा कि उन्होंने ज्योतिर्लिंग का अंत ढूंढ लिया है जिसका साक्षी केतकी का फूल भी है। भगवान शिव तो स्वयं सारा सच जानते थे। उन्हें केतकी की इस झूठी गवाही पर गुस्सा आ गया और उन्होंने यह श्राप दिया कि उनके पूजन में कभी केतकी के फूल का उपयोग नहीं होगा। अलग-अलग कथाओं में ये भी कहा जाता है कि भगवान शिव ने ब्रह्माजी को भी क्रोध में आकर श्राप दिया। कुछ कथाओं में कहा जाता है कि भगवान शिव ने क्रोधित होकर ब्रह्माजी का शीष काट दिया जिसके बाद से वो पंच मुख से चार मुख वाले हो गए।

# महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर चढ़ाएं भोलेनाथ की ये प्रिय चीजें

महाशिवरात्रि को हर साल पूरे देश में बड़ी भव्यता के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर शिव भक्त भगवान शिव के लिए पूर्ण भक्ति के साथ उपवास रखते हैं और उनकी पूजा करते हैं। यह पवित्र दिन शिव-शक्ति के मिलन का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार, साल 2025 में महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाने वाली है। कहा जाता है कि इस मौके पर शिवलिंग पर कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें अर्पित करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है.



**शिवलिंग पर चढ़ाएं ये चीजें**

महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर गंगाजल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद, चावल, काले तिल, गेहूं, धतूरा, भांग, कपूर, सफेद चंदन, भस्म, आंक के फूल आदि चीजें जरूर अर्पित करनी चाहिए, क्योंकि यह वस्तुएं भगवान शंकर को अति प्रिय हैं।

इसके साथ ही इन चीजों को चढ़ाने से जीवन में आने वाले सभी संकटों का नाश होता है। वहीं, कुंडली से अशुभ ग्रहों का बुरा प्रभाव कम होता है।

**महाशिवरात्रि पूजा मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हर साल महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 27 फरवरी को सुबह 08 बजकर 54 मिनट पर होगा। ऐसे में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इसके साथ ही इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त शाम 06 बजकर 19 मिनट से रात 09 बजकर 26 मिनट तक का है। इसके अलावा रात दूसरा पूजा मुहूर्त 09 बजकर 26 मिनट से देर रात 12 बजकर 34 मिनट तक है।

# कर लो तैयारी पूरी!!!



अभी कुछ दिनों पहले ही तो क्लासेज शुरू हुईं थीं और अब एग्जाम का भूत आ गया है। अरे भई! ये यूनिट टेस्ट के नाम से तो गुस्सा आता है। है न। पर यह सब तो आपकी तैयारी के लिए ही लिए जाते हैं। तो फिर घबराना कैसा? जैसे बूंद-बूंद से सागर भरता है, वैसे ही थोड़ी-थोड़ी तैयारी से पूरा सिलेबस याद हो जाता है। मालूम है आप सबने कर ही ली होगी तैयारी। पर दोस्तो, थोड़ा रिवीजन करना तो बनता है न। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा...

**परीक्षाओं** का डर तो मन से जाता ही नहीं। वैसे आप सब जानते हैं, बच्चे से लेकर बूढ़े तक सबके मन में इस शब्द ने डर भर रखा है। तो आपका डरना लाजिमी ही है। वैसे अब तक टेस्ट में पूछा जाने वाला सिलेबस आपने रट ही लिया होगा। क्या?...अभी रिवीजन बाकी है। हम्मम...वैसे रिवीजन करने का समय भी तो आ ही गया है। पर रिवीजन करते क्यों है? आखिर क्या जरूरत है इसकी?...अरे! समझ गए भई। रिवीजन करना चाहिए। हम भी यही कह रहे हैं। पर रिवीजन के रीजन को समझने की कोशिश करते हैं और इसे सही तरीके से करने के बारे में भी कुछ बातें करेंगे।



**रिवीजन के कायदे**

1. **इंटरैक्टिव स्टडी-** रिवीजन करने बहुत सारे तरीके हैं। जो सबसे ज्यादा लोग करते हैं वो है, नोट्स को कई दफा पढ़ना। सबसे कारगर तरीकों में से एक है, इंटरैक्टिव स्टडी। यानी की एक टॉपिक पर दो या फिर दो से ज्यादा लोग चर्चा कर के उस टॉपिक को तैयार करें।

2. **डायग्राम और थ्योरी-** इसके अलावा जिन विषयों में डायग्राम बनाए जाते हैं, उनकी भी तैयारी की जाती है। इन विषयों में सबसे पहले नाम आता है- विज्ञान और गणित का। पर इनके अलावा अन्य विषयों में भी चार्ट आदि बनाने की तैयारी की जाती है। वहीं हेडिंग और अंडरलाइन होने वाले बिन्दुओं को भी याद करना चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के थ्योरियों को भी बारीबारी याद करना चाहिए।

3. **टाइम-टेबल बनाएं-** रिवीजन की शुरुआत में ही सब टाइम-टेबल बनाते हैं। इससे समय के अनुसार विषयों का विभाजन हो जाता है और सभी विषयों को समय दे पाते हैं। इस बार जब आप टाइम टेबल बनाएं तो उसे बड़े आकार की शीट पर बनाएं। इससे आपके साथ घर के अन्य लोग भी आपकी रूटीन से परिचित हो जाएंगे। और चूंकि सब जान जाएंगे, तो आप भी उसे पूरा करने के प्रति ज्यादा सजग होंगे।

4. **जल्दी से जल्दी-** रिवीजन की शुरुआत सुबह जितनी जल्दी कर सकें, करनी चाहिए। एक अंग्रेजी कहावत के अनुसार सबसे जल्दी उठने वाली चिड़िया को सबसे अच्छा भोजन मिलता है। इसका मतलब आप जितनी जल्दी अपनी तैयारी शुरू करेंगे, उतनी जल्दी ही इसे खत्म कर पाएंगे। दिन का टार्गेट पूरा हो जाएगा, तो बड़ी संतुष्टि मिलेगी।

इन सबके अलावा आप खेल के साथ भी कुछ तैयार कर सकते हैं। नहीं आया समझ में। कोई बात नहीं। इतिहास को याद करते वक्त आप दिन और वर्ष भूल जाते हैं। सच है न। इसे याद करने के लिए आप एक इतिहास के उस हिस्से का मंचन कर लीजिए। याद नहीं रहता। इसलिए जरूरी है ये मंचन का खेल। तो फिर कोई बाबर बन जाए और कोई लोधी का किरदार निभाए। इससे आप सबका मनोरंजन होने के साथ-साथ आपकी तैयारी भी हो जाएगी। है न कारगर उपाय।

तो फिर बैठिए मत। तैयारी कीजिए।

**इसके फायदे**

आपने जितना भी और जो भी पढ़ा है, वो आपको याद है भी या नहीं, इसकी जांच करना बेहद जरूरी है। इस जांच में आप अपने भाई-बहनों या फिर दोस्तों की भी मदद ले सकते हैं। अपने सिलेबस के किसी एक सब्जेक्ट का चयन करें और फिर अपने दोस्त या फिर भाई-बहन से कहें कि वो आपका छोटा-सा टेस्ट लें। इस टेस्ट में सफल होने पर आपके अंदर आत्मविश्वास खुद-ब-खुद ही आ जाएगा। वहीं कुछ टॉपिक्स को हम बहुत पहले पढ़ चुके होते हैं, तो यह सोच कर रह जाते हैं कि वो तो हमें याद ही है। लेकिन रिवीजन करते समय उन टॉपिक्स को भी दोहरा लिया जाता है। इससे आपकी तैयारी पुख्ता हो जाती है।





इस तरह करने से आपकी परीक्षा के लिए तैयार रहने की आदत पनप जाएगी और आप वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में सफर रहेंगे।

**एक केला हो जाए**

टेनिस प्लेयर्स को जब ब्रेक मिलता है तो वो क्या करते हैं? कभी ध्यान दिया है। नहीं! कोई बात नहीं, वो झट से एक केला खा लेते हैं। दरअसल, केले में पोटैशियम की बहुत ज्यादा मात्रा पाई जाती है। और विशेषज्ञों का मानना है कि पोटैशियम से ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इसका मतलब जब भी आपको लगे कि आप थक से रहे हो तो फिर आप भी झट से एक केले का सेवन कर लें।

## कविता

### पेड़ की पुकार



मेरे हैं उपकार बहुत,
कुछ तो सोच-विचार करो।
पेड़ कहता मेरे ऊपर,
न तुम अत्याचार करो।
बचपन में मां ने तुम्हें,
मुझसे बने झूले में झुलाया।
मेरी कलम से तुमने,
कापी पर अ-आ बनाया।
मैं हूं तेरा सच्चा साथी,
न यह मारा-मार करो।
छोटी उम्र में रहे,
खेलते तुम पेड़ों पर चढ़कर।
बड़ा होते ही उठाई आरी,
और मुझे लहुलुहान किया।
मेरे कारण तुम्हारा जीवन,
बुरा न व्यवहार करो।
मीठे फल मैं देता,
तुमको साथ में ठंडी छांव।
ऐसे करता सेवा तुम्हारी,
जैसे करती है मां।
सुंदर प्यारे फूल देखकर,
सुख का इजहार करो।
मेरी टहनी पर बैठे पंछी,
करते हैं विनती।
हमारा घर न उजाड़ो,
न हमें बेहाल करो।
मानव अपने सुख के,
लिए जीवन ना दुश्वार करो।
पेड़ कहता मेरे ऊपर,
न तुम अत्याचार करो।

## ज्ञान बढ़ाओ

### बूझो तो जानें!!!

1. भारत की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर का नाम बताइए।
2. भारतीय प्रधानमंत्री जिनका कार्यकाल के दौरान ही देहांत हुआ।
3. भारतीय थलसेना के प्रथम प्रमुख का नाम बताइए।
4. भारत के सबसे बड़े पुरस्कार का नाम बताइए।
5. भारत की पहली जनगणना किस वर्ष हुई थी?
6. भारत के पहले अंग्रेजी अखबार का नाम बताइए।
7. भारत की पहली पंचवर्षीय योजना किस वर्ष से शुरू किया गया।
8. भारत का पहला सिनेमा हॉल कब बनाया गया था?
9. भारत की वह पहली फिल्म जिसमें सारी महिला कलाकार थीं।
10. भारत की पहली बिना गीत की फिल्म का नाम बताइए।
11. भारत की प्रथम महिला राजदूत कौन थीं?
12. भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री का नाम बातइए।
13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष का नाम बताइए।
14. प्रथम फिल्म अभिनेता जो मुख्यमंत्री बने।
15. भारतीय राष्ट्रपति जिनका कार्यकाल के दौरान देहांत हुआ।

**उत्तर**-1. किरण बेदी 2. इंदिरा गांधी 3. एस राजेन्द्र सिंह 4. भारत रत्न 5.-वर्ष 1901 6. बंगाल गेजेट(1790) 7. वर्ष1951 8. 1907 में कोलकाता में जेएफ मदन ने बनवाया था। 9. बिंदहस्त(मराठी फिल्म) 10. जेबीएच वाडिया की नौजवान (1937) 11. विजयलक्ष्मी पंडित 12. सुचेता कृपलानी (उत्तर प्रदेश) 13. सरोजिनी नायडू 14. एम.जी. रामचंद्रन 15. जाकिर हुसैन

# खुद से किया वादा

स्कूल से आते ही बस्ता फेंककर सोनू खेलने भाग जाया करता था। सोनू की इस आदत से उसकी मां बहुत परेशान रहती थी। फिर अचानक एक दिन सोनू को कुछ ऐसा भुगतना पड़ा, जिसकी वजह से उसने खुद से एक वादा किया। वह वादा था सभी कार्यों को नियत समय पर करने का...

**सोनू** स्कूल से आता और अपना स्कूल बैग उतार कर बिना पानी पिए खेलने के लिए चला जाता। मां आवाज लगाती, पानी तो पी ले, स्कूल के कपड़े तो बदल ले, लेकिन सोनू किसी की भी नहीं सुनता और अभी आता हूं कह कर चला जाता और कितनी देर तक वापस नहीं आता। यह उसकी रोज की आदत बन गई। इसके कारण उसका कोई भी काम समय से पूरा नहीं होता। वह आराम करने के समय में खेलता और खेलने के समय स्कूल का काम करता। उसका कोई भी काम समय पर न होने के कारण उसका स्कूल का काम भी अधूरा रह जाता। जब वह रात को स्कूल का काम करने के लिए बैठता तो लाइट चली जाती। जिस कारण काम पूरा नहीं होता और उसे रोज स्कूल में अध्यापकों से डांट पड़ती। सोनू की मां रोज उसे समझाती कि जिन बच्चों के साथ वह खेलता-कूदता है वे बच्चे खुद तो पढ़ते नहीं और उसकी पढ़ाई भी खराब करते हैं। उसे स्कूल से आते ही उन बच्चों के साथ खेलना नहीं चाहिए। उसे पहले अपना काम करना चाहिए और फिर खेलना चाहिए। लेकिन सोनू किसी की भी न सुनता।

आज भी वह खेल कर देर से घर वापस आया और आते ही कहने लगा कि उसके सिर में दर्द हो रहा है। मां ने देखा तो उसका सारा शरीर बुखार के कारण तप रहा था। मां ने कहा, 'मैंने तुम्हें मना किया था खेलने से और कहा था कि तुम पानी पीकर आराम करके फिर खेलने जाना, लेकिन तुम किसी की भी नहीं सुनते हो।'

'मेरा सिर दबा दो, बहुत दर्द हो रहा है' सोनू ने कहा। वो दर्द से कराह रहा था। 'रुक पहले तेरा बुखार देख लूं थर्मामीटर से', मां ने कहा।

थर्मामीटर लगा कर देखा तो सोनू का बुखार 102 से भी ज्यादा था। मां गुस्से में बोली 'तुझे कितनी बार कहा था कि स्कूल से आने के बाद कुछ देर आराम कर लिया कर आराम शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। लेकिन तू कभी नहीं सुनता। यह ले पानी पी' और मां सोनू के माथे पर ठंडे पानी की पट्टियां करने लगी और कहा कि 'हम थोड़ी देर बाद दवाई लेने जाएंगे।'

'घर में कोई दवाई है तो वो ही दे दो।' सोनू ने कहा।

'घर में कोई भी दवाई नहीं है। अब तो डॉक्टर इंजेक्शन लगाएगा और पैसे जो लगेंगे सो अलग। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि इलाज से परहेज अच्छा लेकिन आजकल के बच्चे कहां किसी की मानते हैं।'

जब वे लोग डॉक्टर के पास पहुंचे तो वहां पर बहुत भीड़ थी। सोनू का खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा था। उन्होंने अपनी बारी की पर्ची बनवाई और अपनी बारी का इंतजार करने लगे।

अब सोनू बैठा सोच रहा था कि 'अगर मां की बात मानी होती तो वह आज बीमार न होता और उसे इंजेक्शन का भी डर न होता। अब पता नहीं डॉक्टर कितने दिनों के लिए आराम करने को कहेगा। भगवान करें कि अब ठीक हो जाऊं और इंजेक्शन भी न लगे। आगे से कभी भी ऐसा नहीं होगा।' सोनू ने खुद से वादा किया कि शरीर को जितना आराम चाहिए वो उसे देगा और सभी काम समय से करेगा।

सोनू अंदर आओ। अंदर से आवाज आई। आवाज सुनते ही सोनू इंजेक्शन के डर से घबराता हुआ डॉक्टर के पास गया। नब्ज देखकर डॉक्टर ने कहा कि 'बुखार अब कम है।' शायद मां के घरेलू नुस्खे से सोनू का बुखार कम हो गया था। डॉक्टर के पीछे खड़ी एक नर्स सिरींज में दवाई भर रही थी। सोनू ने सोचा कि शायद अब डॉक्टर नर्स से कहेगा कि इसको लिटाओ इंजेक्शन लगाने के लिए, लेकिन नर्स तो दूसरे कैबिन में चली गई। यह देखकर सोनू ने चैन की सांस ली। कैबिन से जब बच्चे की रोने की आवाज आई तो सोनू न सोचा कि 'अब मेरी बारी आएगी।' तभी डॉक्टर ने सोनू की तरफ देखते हुए कहा, 'हां, जी तो आपका नाम क्या है?'

'जी सोनू।'

'पढ़ते हो, कौन से स्कूल में, कौन सी कक्षा में?' डॉक्टर ने पूछा।

सोनू ने सभी सवालों के जवाब दिए, लेकिन उसका ध्यान टीके की तरफ ही था। 'यह बुखार सिर्फ थकावट के कारण हुआ है। इंजेक्शन की जरूरत नहीं है। यह तो दवाइयों से ही ठीक हो जाएगा।' डॉक्टर ने पीठ थपथपाते हुए कहा। इंजेक्शन न लगने की खुशी से सोनू बहुत खुश हुआ। उसने सोचा शायद उसने खुद से जो वादा किया था उसे भगवान ने सुन लिया।

सोनू घर आया और आराम किया। अगले दिन वह स्कूल गया पर वापस आने के बाद यूनीफॉर्म बदलकर खाना खाया और आराम किया। सोनू में आए इस बदलाव को देखकर उसकी मां बहुत खुश हुई।



कहानी

## अंतर ढूढो



*यहां आपको एक जैसी दो तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। पहली बार देखने में तो आपको अंतर समझ में नहीं आएगा, लेकिन जरा गौर से देखने पर आपको सात अंतर दिखाई देंगे। तो जमाइए नजरें और खोज निकालिए वे अंतर भी।*

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाज़े खोलेंगी। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। आप महसूस करेंगे कि प्यार में बहुत गहराई है और आपका प्रिय आपको सदा बहुत प्यार करेगा। अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें। कोई आध्यात्मिक गुरू या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है। आपका जीवनसाथी किसी ख़ूबसूरत सरप्राइज़ से आपका दिन बना सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

मानसिक शान्ति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। जीवन के बुरे दौर में पैसा आपके काम आएगा इसलिए आज से ही अपने पैसे की बचत करने के बारे में विचार करें नहीं तो आपको दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसी जानकारी ज़ाहिर न करें, जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। विवाह-प्रस्ताव के लिए सही समय है, क्योंकि आपका प्यार जीवन भर के साथ में बदल सकता है। आज का दिन बढ़िया प्रदर्शन और ख़ास कामों के लिए है। अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो यह दिन आपकी आशाओं को पूरा कर सकता है।

**मिथुन – क,कि,कू,घ,ङ,छ,के,को,ह**

सेहत अच्छी रहेगी। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। कोई नया रिश्ता न सिर्फ़ लंबे वक़्त तक क़ायम रहेगा, बल्कि फ़ायदेमंद भी साबित होगा। बिना गहराई से समझे-बूझे किसी व्यावसायिक/क़ानूनी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर न करें। दूसरों को यह बताने के लिए ज़्यादा उतावले न हों कि आज आप कैसा महसूस कर रहे हैं। जीवनसाथी के किसी अचानक काम की वजह से आपकी योजनाएँ बिगड़ सकती हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। आपकी भरपूर ऊर्जा और ज़बरदस्त उत्साह सकारात्मक परिणाम लाएंगे व घरेलू तनाव दूर करने में मददगार रहेंगे कोई भी फ़ैसला लेने से पहले दूसरों की ज़रूरतों को समझने की कोशिश करें। आपके घर का कोई करीबी शख़्स आज आपके साथ वक्त बिताने की बात कहेगा लेकिन आपके पास उनके लिए वक्त नहीं होगा जिसकी वजह से उनको तो बुरा लगेगा ही आपको भी बुरा लगेगा। मुमकिन है कि वैवाहिक जीवन में ठहराव से तंग आकर आपका जीवनसाथी आपके ऊपर फूट पड़े।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

ख़र्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। अपने बच्चों के लिए कुछ ख़ास योजना बनाएँ। सुनिश्चित करें कि आपकी योजनाएँ यथार्थवादी हैं और उन्हें अमली जामा पहनाना मुमकिन है। आने वाले पीढ़ी इस तोहफ़े के लिए आपको हमेशा याद रखेगी। अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे। आपकी बीती ज़िन्दगी का कोई राज़ आपके जीवनसाथी को उदास कर सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

सेहत अच्छी रहेगी। घर की छोटी-छोटी चीजों पर आज आपका बहुत धन खराब हो सकता है जिसकी वजह से आप मानसिक तनाव में आ सकते हैं। ग़ैर-ज़रूरी चीज़ों पर रुपये ख़र्च कर आप अपने जीवन-साथी को नाराज़ कर सकते हैं। नए प्रेम-संबंधों के बनने की संभावना ठोस है, लेकिन व्यक्तिगत और गोपनीय जानकारियों को उजागर करने से बचें। साझीदार से संवाद क़ायम करना बहुत कठिन सिद्ध होगा। आज मौसम का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा कि आप बिस्तर से उठने को राजी नहीं होंगे।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आप आज ऊर्जा से भरपूर होंगे और कुछ असाधारण करेंगे। इस राशि के कुछ लोगों को आज संतान पक्ष से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। आज आपको अपनी संतान पर गर्व महसूस होगा। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। नाते-रिश्तेदार तरक़्क़ी और समृद्धि के लिए नयी योजनाएँ लाएंगे। आपको ऐसी जगहों से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहाँ से आपने इसकी कभी कल्पना भी न की हो। रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी न होने से आपके वैवाहिक जीवन में तनाव संभव है।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज के दिन आपके चेहरे पर मुस्कान बिखरी रहेगी और अंजनबी भी जाने-पहचाने से महसूस होंगे। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मौज-मस्ती करें। कामकाज के सिलसिले में आपके ऊपर ज़िम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। वक्त से बढ़कर कुछ नहीं होता। इसलिए आप वक्त का सदुपयोग करते हैं लेकिन कई बार आपको जीवन को लचीला बनाने की जरुरत भी होती हैं आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन एक विशिष्ट दौर से गुज़रेगा।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

दिन फ़ायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफ़ी आराम महसूस करेंगे। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है। अगर आप अपनी योजनाओं को सबके सामने खोलने में बिल्कुल नहीं हिचकते, तो आप अपनी परियोजना को ख़राब कर सकते हैं। जो लोग अब तक किसी काम में व्यस्त थे आज उन्हें अपने लिए समय मिल सकता है लेकिन घर में किसी काम के आ जाने से आप फिर से व्यस्त हो सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज के दिन आराम करना बहुत अहम है। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। अपने जीवन-साथी के साथ अपनी गोपनीय जानकारी बांटने से पहले सोच लें। अगर मुमकिन हो तो इससे बचें, क्योंकि इन बातों के बाहर फैलने का ख़तरा है। व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फ़ायदा हो सकता है। खेलकूद जीवन का जरुरी हिस्सा है लेकिन खेलकूद में इतने भी व्यस्त न हो जाएं कि आपकी पढ़ाई में कमी आ जाए। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ़ करेगा और आप पर बहुत स्नेह उढ़ेलेगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। आपका कोई पड़ोसी आज आपसे धन उधार मांगने आ सकता है। नवयुवकों को स्कूल प्रोजेक्ट की बाबत कुछ राय लेने की ज़रूरत हो सकती है। कोई अच्छी ख़बर या जीवनसाथी/प्रिय से मिला कोई संदेश आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज के दिन आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। अगर आज आप ख़रीदारी के लिए निकलते हैं, तो कोई अच्छी पोशाक ले सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

सेहत को देखभाल की ख़ास ज़रूरत है। वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी क़दम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह ज़रूर ले लें। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें। इस बारे में बिना देर किए बातचीत करें, क्योंकि एक बार इस समस्या के हल हो जाने पर घर में जीवन बहुत आसान हो जाएगा और परिवार के लोगों को प्रभावित करने में आपको कोई कठिनाई नहीं आएगी। विवाहेतर प्रेम संबंध आपकी प्रतिष्ठा धूमिल कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ आपके पक्ष में लगती हैं। जीवन की आपाधापी के बीच आज आप अपने बच्चों के लिए वक्त निकालेंगे।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 23 फरवरी 2025, रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : फाल्गुन ,कृष्ण पक्ष
तिथि : दशमी दोपहर 01:59 तक
नक्षत्र : मूल रात्रि 06:43 तक
योग : वज्र प्रातः 11:18 तक
करण : विष्टि दोपहर 01:59 तक
चन्द्रराशि : धनु
सूर्योदय : 06:38 , सूर्यास्त 06:20 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:38 , सूर्यास्त 06:27 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:31, सूर्यास्त 06:19 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:29 , सूर्यास्त 06:12 ( विजयवाडा )

शुभ चौघड़िया
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भद्रा दोपहर 01:59 तक , गण्डमूल रात्रि 06:43

पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# कार्यकर्ता के अथक परिश्रम से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा : भजनलाल

**जयपुर,22 फरवरी (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर निर्विरोध रूप से मदन राठौड़ का चयन किया गया। साथ ही, 25 राष्ट्रीय परिषद् सदस्यों की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने नव-निर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री राठौड़ को बधाई दी तथा उनका मुंह मीठा करवाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन और सत्ता एक दूसरे के पूरक होते हैं। 21 अक्टूबर 1951 को छोटे से संगठन के रूप में शुरू हुई जनसंघ आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है तो पार्टी में भी लोकतंत्र जरूरी है और हमारी पार्टी की यह खासियत है कि हमारे यहां आंतरिक लोकतंत्र मजबूत है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकतर राज्यों में आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, तो यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही संभव हो पाया है। हमारी पार्टी बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी पदों पर सहमति बनाते हुए सहयोग के साथ आगे बढ़ती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सब उनके विकसित भारत के विज़न को पूरा करने के लिए काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी संकल्प-पत्र में किए गए 50 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा कर चुकी हैं तथा कार्यकर्ताओं के सहयोग एवं विश्वास से संकल्प-पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजनाओं जैसे



परियोजनाओं से जहां राजस्थान में पानी की कमी को पूरा करने का काम किया हैं, वहीं किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य के साथ हम काम कर रहे हैं। हमारी सरकार युवाओं को आगामी 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में लगातार सरकारी नौकरियों के लिए भर्तियां की जा रही हैं।

शर्मा ने कहा कि बजट घोषणाओं के धरातल पर त्वरित क्रियान्वयन के लिए मंत्रीगणों को निर्देशित किया गया है कि वे 23 फरवरी को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करेंगे तथा बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के पास विधानसभा वार बजटीय घोषणाओं की सूची भेजी जाएंगी जिससे वे अपने क्षेत्र में जाकर इसका प्रचार-प्रसार कर आमजन को लाभ पहुंचाएं।

शर्मा ने नव-निर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को बधाई देते हुए कहा कि वे एक ऐसे व्यक्तित्व है जिन्होंने अपनी मेहनत, निष्ठा और जनसेवा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। विद्यार्थी परिषद् में काम करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में शुरुआत करने वाले राठौड़ ने विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत किया। उन्होंने विश्वास जताया कि राठौड़ के ऊर्जावान नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा नई ऊँचाइयों को छुएगी।

### जयपुर में ऑनलाइन सट्टे का जाल

## 5 करोड़ की काली कमाई का खुलासा



**जयपुर,22 फरवरी (एजेंसियां)।** रात का अंधेरा गहरा रहा था, लेकिन जयपुर पुलिस की टीम एक बड़े शिकार की तलाश में सतर्क थी। मुखबिर से मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने मालवीय नगर की शहीद कॉलोनी में एक संदिग्ध मकान को घेर लिया। दरवाजा तोड़ा गया और पुलिस टीम ने अंदर दाखिल होते ही जो देखा, वह चौंकाने वाला था-40 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 64 बैंक पासबुक, 42 एटीएम कार्ड और लाखों के ऑनलाइन लेन-देन के रिकॉर्ड!

यह कोई आम ठग नहीं थे, बल्कि एक संगठित गिरोह था, जो ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर सट्टा खिलाकर लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहा था। पुलिस ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया, जिनके तार देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े हुए थे। यह गैंग रेडी पैनल नाम से ऑनलाइन सट्टा चलाता था।

इन सट्टेबाजों ने अपनी धोखाधड़ी को छिपाने के लिए अलग-अलग बैंक खातों और ऑनलाइन वॉलेट्स का इस्तेमाल किया। पैसे ट्रांसफर कर तुरंत निकाल लिया जाता और इस तरह डिजिटल फर्जीवाड़े का एक मजबूत नेटवर्क खड़ा किया गया था।

### मदन राठौड़ की ताजपोशी पर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का संदेश

## एकजुट, नो गुट,एक मुख

**जयपुर,22 फरवरी (एजेंसियां)।** राजस्थान भाजपा में एक बार फिर संगठनात्मक मजबूती का प्रदर्शन करते हुए मदन राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब पार्टी को एक संगठित नेतृत्व की जरूरत थी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस मौके पर स्पष्ट संदेश दिया- एकजुट, नो गुट, एक मुख। यानी पार्टी में गुटबाजी से ऊपर उठकर सभी को एक स्वर में संगठन के साथ खड़ा रहना होगा। उनके इस बयान को आगामी चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान भाजपा के चुनाव प्रभारी विजय रूपाणी ने राठौड़ के नाम की घोषणा की। प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन किया गया, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भाग लेंगे। यह दूसरी बार है जब 7 महीनों के भीतर मदन राठौड़ को यह कमान मिली है। खास बात यह रही कि प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए किसी और नेता ने नामांकन नहीं भरा, जिससे उनका दोबारा अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा था।भाजपा के इस निर्णय को आगामी रणनीति और पार्टी के भीतर एकजुटता स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि राठौड़ इस जिम्मेदारी को किस तरह निभाते हैं और पार्टी को आगे किस दिशा में ले जाते हैं।

### राजस्थान में बढ़ता दलित उत्पीड़न

## अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार को घेरा

**जयपुर,22 फरवरी (एजेंसियां)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में दलितों पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों के साथ अन्याय और उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे सामाजिक तानाबाना कमजोर हो रहा है।



उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में शादियों के दौरान दलित दूल्हों की बारात निकालने पर धमकियां और मारपीट की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने अजमेर, सांचौर और झुंझुनूं जैसी जगहों का उदाहरण देते हुए बताया कि दलित दूल्हों की बारात पुलिस सुरक्षा में निकालनी पड़ी, जो दर्शाता है कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर पड़ रही है।

गहलोत ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि दलित समाज को अपने धार्मिक और सांस्कृतिक क्रियाकलापों के लिए भी पुलिस सुरक्षा की जरूरत पड़ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पुलिस का इकबाल इतना कमजोर हो गया है कि आमजन को अपनी परंपराओं को निभाने के लिए प्रशासन का सहारा लेना पड़ रहा है?

उन्होंने मांग की कि पुलिस को ऐसे ठोस कदम उठाने चाहिए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और समाज में सौहार्द बना रहे। उन्होंने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा शासन में दलितों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव की घटनाएं बढ़ी हैं। सरकार को इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि दलित समुदाय को न्याय मिल सके।

गहलोत ने कहा कि अगर प्रशासन इन मामलों में निष्क्रिय रहा तो सामाजिक असमानता और भेदभाव बढ़ता जाएगा, जिससे प्रदेश का माहौल खराब होगा। उन्होंने सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि संविधान सभी को समान अधिकार देता है और हर नागरिक को अपनी परंपराओं का पालन करने का अधिकार है। सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति जाति, धर्म या सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव का शिकार न हो।

## अनिल विज जहां अटैच हो जाता है वहां विजय श्री अपने आप आ जाती है



**अम्बाला,22 फरवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ''नगर परिषद, अम्बाला छावनी में भाजपा के पक्ष में माहौल है और हम इन चुनावों में क्लीन स्वीप करेंगे''। उन्होंने कहाकि ''केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वे स्वयं अम्बाला छावनी से भाजपा विधायक है और यदि नगर परिषद में भाजपा प्रधान व भाजपा पार्षद होंगे, तो विकास की मशीनरी एक साथ तेजी से चलेगी''। विज आज नगर परिषद, अम्बाला छावनी चुनाव को लेकर प्रधान एवं सभी 32 वार्डों से पार्षद पद के भाजपा प्रत्याशियों की केंद्रीय चुनाव कार्यालय में संयुक्त बैठक की और बैठक में चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सभी उम्मीदवार पूरी तरह से उत्साहित हैं। आज बैठक में फीडबैक ली गई है और हमें पूरा विश्वास है कि नगर परिषद अम्बाला छावनी चुनाव में हम क्लीन स्वीप करने जा रहे है। उन्होंने कहा भाजपा के डर से कांग्रेस अपनी लिस्ट जारी करने की हिम्मत तक नहीं कर सकी और मैदान में उतरी ही नहीं। कांग्रेस ने अभी से भाजपा को विजय मान लिया है। कुछ इक्का-दुक्का आजाद प्रत्याशी खड़े हैं, मगर अंबाला छावनी का विकास हम (भाजपा) करांएगें।

## अमेरिका का भारतीयों को सीधे भारत भेजने के बजाए कोस्टारिका को सौंपना अपमानजनक : सैलजा

**चंडीगढ़,22 फरवरी (एजेंसियां)।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अमेरिका ने पहले तो भारतीयों को हथकड़ी और बेड़ियों में बांधकर भारत भेजकर देश को अपमानित किया और अब भारतीयों को सीधे भारत भेजने के बजाए वह उन्हें कोस्टारिका को सौंपेगा, पता नहीं कोस्टारिका अब उनके साथ क्या सलूक करेगा। प्रधानमंत्री को अब तो इस मामले में चुप्पी तोड़ते हुए अपने खास मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करनी चाहिए और ये भी पता करें कि आखिर ट्रंप के मन में भारत को लेकर क्या चल रहा है।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि पनामा और ग्वाटेमाला के नक्शेकदम पर चलते हुए, कोस्टारिका ने भी घोषणा की कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका से निकाले जाने वाले अवैध प्रवासियों को अपने देश में लाने के लिए तैयार है, जो अन्य देशों के नागरिक हैं। अमेरिका राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से एक बयान में कहा गया था कि भारतीय प्रवासियों को वह कोस्टोरिका को सौंपेगा।

कुमारी सैलजा ने कहा कि जब भारतीय को अपने ही देश में रोजगार नहीं मिलता तभी उनके मन में विदेश में जाकर धन कमाने की बात आती है। वे अपने और अपने बच्चों के बेहतर जीवन यापन के लिए खतरनाक यात्राएं करके, दुर्गम इलाकों, जंगली जानवरों और आपराधिक गिरोहों का सामना करते हुए दूसरे देशों में पहुंचते है। कुमारी सैलजा ने कहा कि जो लोग अपना घर, दुकान, जेवर बेचकर या गिरवी रखकर धन कमाने के लिए विदेश गए है उनकी ससम्मान वापसी की दिशा में केंद्र सरकार को कदम उठाने चाहिए।

### हरियाणा सरकार ने किसानों मजदूरों को दी बड़ी राहत

## 40 मंडियों में खुलेगी अटल कैंटीन

**चंडीगढ़,22 फरवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा के किसानों और मजदूरों के लिए बड़ी राहत भरी खबर आई है। राज्य सरकार ने अनाज मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीन खोलने का फैसला किया है। इस योजना के तहत राज्य की 40 अनाज मंडियों में कैंटीन बनाई जाएंगी, जहां किसानों, मजदूरों और आढ़तियों को मात्र 25 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। इसके लिए संबंधित मार्केट कमेटी के सचिवों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही कैंटीन का संचालन शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार ने सुनिश्चित किया है कि कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता बनी रहे और किसानों और मजदूरों को किफायती दरों पर पौष्टिक भोजन मिल सके। इसके लिए सेल्फ हेल्थ ग्रुप को भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक थाली की कीमत 25 रुपये होगी, जिसमें से मार्केट कमेटी की ओर से 15 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। इस तरह किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपये में अच्छा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।



## लोगों का उत्साह बता रहा है, भारी मतों से जीतेगी मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी : नायब सैनी

**यमुनानगर,22 फरवरी (एजेंसियां)।** भाजपा की मेयर प्रत्याशी के समर्थन में निकाले गए रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ और निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की मजबूत सरकार हरियाणा में बनने जा रही है। सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता दी है। भाजपा की सरकार हर वर्ग के हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। रोड शो में उमड़े अपार जनसमूह से गदगद सीएम सैनी ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा की मेयर पद की प्रत्याशी सुमन बहमनी और 22 वार्डों के सभी पार्षद प्रत्याशी बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे।

हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को यमुनानगर जगाधरी नगर निगम चुनावों में प्रचार को और गति देने पहुंचे। उन्होंने भाजपा की मेयर पद उम्मीदवार सुमन बहमनी व नगर निगम के सभी 22 वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में भव्य रोड शो



निकाला। रोड शो जगाधरी के वार्ड नंबर 1 से शुरू हुआ और गौशाला चौक, झंडा चौक, खेड़ा बाजार में पहुंचा। खेड़ा बाजार जगाधरी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित सभी भाजपा नेताओं ने खेड़ा महाराज जी के चरणों में शीश नवाया व सभी आमजन की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पश्चात रोड शो पत्थर वाला बाजार, पुलिस चौकी, बुडिया चौक, अग्रसेन चौक ,सफायर चौक से होते हुए प्यारा चौक, मधु चौक, शहीद भगत सिंह चौक रेलवे स्टेशन अग्रसेन चौक से होते हुए, स्टेशन चौक अग्रसेन चौक पर स्थित प्राचीन देवी मंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री ने यहां माता के दरबार में शीश नवाया व सभी की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

रोड शो के दौरान जगह-जगह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और लोगों ने जमकर भारत माता की जय, मोदी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद के नारे लगाए। मुख्यमंत्री ने भी सभी लोगों का अभिवादन किया और भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड वोटों से जिताने की अपील की। रोड शो के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोगों का उत्साह और मिल रहे समर्थन से भाजपा प्रत्याशियों की जीत तय है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों से संतुष्ट है। सैनी ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। सैनी ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।विशाल रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ भाजपा मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व नगर निगम मेयर मदन चौहान भाजपा नेत्री बंतो कटारिया,पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर चौहान, जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, राकेश त्यागी,भावना पवन बिट्टू, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, ईश्वर पलाका, बिशन लाल सैनी सहित सभी वार्डों के भाजपा प्रत्याशी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### गोला में सीएम योगी ने रखी शिव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला

# काशी विश्वनाथ धाम की तरह बनेगा भव्य कॉरिडोर



**लखीमपुर खीरी, 22 फरवरी (एजेंसियां)।** लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को न केवल शिव मंदिर कॉरिडोर बल्कि पूरे जिले के लिए 4500 करोड़ से अधिक की 373 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मंदिर के प्रधान पुजारी दिनेश मिश्र की उपस्थिति में रामदेव मिश्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री से कॉरिडोर का शिलान्यास कराया। उसके बाद मुख्यमंत्री ने राजेंद्र गिरि स्टेडियम में जनता का अभिवादन करते हुए सभा की।

मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि से पहले कॉरिडोर के शिलान्यास को स्वयं के लिए सौभाग्य का अवसर बताया। कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं है। जिला खीरी अब पिछड़ा नहीं रहा। आने वाले दिनों में प्रदेश के विकसित जिलों में गिना जाएगा।

शनिवार को कुंभी में बलरामपुर चीनी मिल में बनाए जा रहे 2850 करोड़ की लागत से देश के पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का शिलान्यास करके गोला में मुख्यमंत्री योगी पौराणिक शिव मंदिर पहुंचे। विधायक अमन गिरि, जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाशिवरात्रि से पूर्व बाबा गोकर्णनाथ के दर्शन और बाबा विश्वनाथ धाम की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर का शिलान्यास का अवसर सौभाग्य से मिला है। लखीमपुर जिले में लगभग 4500 करोड़ की 373 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। रोजगार के क्षेत्र में 2850 करोड़ का पीएलए बायोप्लास्टिक प्लांट बलरामपुर चीनी मिल द्वारा लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही लखीमपुर विकास में काफी पिछड़ा था, लेकिन अब नहीं रहा। यहां अब दुधवा ही नहीं, छोटी काशी कॉरिडोर, पलिया में एयरपोर्ट बन रहा है। मेडिकल कॉलेज जीवन को सुगम भी करेगा और रोजगार का सृजन भी होगा। अब खीरी विकास के साथ स्प्रिचुअल और इको टूरिज्म में आगे बढ़ रहा है। खीरी में अब रोजगार की कमी नहीं रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि जनपद में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रयास हो रहा है। नदियों को चैनलाइज किया जाएगा।

भारतीय रेलवे के माध्यम से जिले को कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है। जो नए युग की शुरुआत है। थारू जनजाति की संस्कृति और उनके हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए बढ़ाने के लिए भी प्रयास हो रहे हैं। सभा को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भी संबोधित किया। संबोधन के बाद मुख्यमंत्री ने 11:55 बजे प्रयागराज के लिए प्रस्थान किया।

मुख्यमंत्री ने छोटी काशी के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि धार्मिक धरोहर एवं विरासत का जहां सुंदरीकरण किया जा रहा है, वहीं जीवन को सुगम बनाना सरकार का उद्देश्य है। कॉरिडोर निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति को विस्थापित किया जाएगा। जिनका घर गया है, उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाएगा। कॉरिडोर में दुकान बनवाकर दुकानदारों को भी विस्थापित किया जाएगा।

# देश के बंदरगाहों को स्मार्ट बनाएगा कानपुर आईआईटी

### इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ हुआ समझौता



**कानपुर, 22 फरवरी (एजेंसियां)।** देश के बंदरगाहों को स्मार्ट बनाने का बीड़ा अब आईआईटी ने उठाया है। इसके लिए इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत आईआईटी के सी3आई हब के साथ शनिवार को संस्थान परिसर में समझौता (एमओयू) किया है।

इसकी मदद से साइबर सुरक्षा नियंत्रण और प्रबंधन प्रणालियों को लागू किया जाएगा।

एमओयू के तहत बंदरगाह अधिकारियों और परिचालन टीमों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा-संबंधी कौशल सेट विकसित करने और समुद्री क्षेत्र के लिए व्यापक साइबर सुरक्षा नीतियों को डिजाइन करने पर ध्यान केंद्रित होगा। आईपीए के चेयरमैन सुनील पा-लीवाल ने कहा कि यह समझौता भारतीय बंदरगाहों को विश्वस्तरीय स्मार्ट बंदरगाहों में बदलने में सहायक होगा। इसका लक्ष्य न केवल स्वचालन को आगे बढ़ाना है, बल्कि डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा करने वाले मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे को भी सुनिश्चित करना है। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि संस्थान को इस पहल का हिस्सा बनने पर गर्व है। आईपीए को सुरक्षित, स्मार्ट पोर्ट संचालन के लिए अत्याधुनिक अनुसंधान और तकनीकी विशेषज्ञता में सहयोग किया जाएगा।

सी3आई हब के प्रोजेक्ट निदेशक प्रो. संदीप शुक्ला ने कहा कि जैसे-जैसे बंदरगाह अधिक डिजिटल और स्वचालित होते जा रहे हैं, साइबर सुरक्षा को भी समानांतर रूप से विकसित किया जाना चाहिए। कहा कि लक्ष्य समुद्री परिचालन में साइबर सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करना है।

# संभल के बिजली चोर सांसद पर लगा 1.91 करोड़ का जुर्माना

**संभल, 22 फरवरी (एजेंसियां)।** संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर बिजली चोरी में लगे 1.91 करोड़ रुपए के जुर्माना मामले में 15 दिन का समय और मिल गया है। अब सात मार्च को सुनवाई होगी। बिजली विभाग से सांसद के अधिवक्ता ने समय दिए जाने के लिए शनिवार को प्रार्थनापत्र दिया था, जिस पर विभाग ने अब 15 दिन का समय और दे दिया है।

सात मार्च को अंतिम सुनवाई बताई जा रही है। इस तिथि तक सांसद को बिजली खपत के साक्ष्य देने हैं। यदि वह साक्ष्य नहीं देंगे तो अंतिम रिपोर्ट बनाई जाएगी और उसके अनुसार ही जुर्माना वसूलने की कार्रवाई आगे बढ़ेगी। अधिशासी अभियंता (विद्युत) नवीन गौतम ने बताया कि तीन नोटिस और तीन रिमाइंडर सांसद को दिए जा चुके हैं। साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के लिए अंतिम सुनवाई सात मार्च को तय की गई है। मालूम हो 19 दिसंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपा सराय स्थित आवास पर बिजली चोरी पकड़ी गई थी। 16 किलोवाट से ज्यादा भार की खपत मिलने पर 1.91 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सांसद के आवास पर सांसद जियाउर्रहमान बर्क और पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के नाम से दो-दो किलोवाट के दो मीटर लगे मिले थे लेकिन इन मीटर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा था। बाईपास कर बिजली चोरी हो रही थी। मीटर की एमआरआई करने पर कई महीने की खपत जीरो पाई गई थी। उसके बाद ही बिजली विभाग ने 1.91 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इसी जुर्माने मामले में सुनवाई बिजली विभाग में चल रही है।

सांसद के दीपा सराय स्थित मकान के अवैध निर्माण मामले में सुनवाई 24 फरवरी को होनी है। सात दिन का समय दिया गया था। वह सोमवार को पूरा हो रहा है। यह भी अंतिम सुनवाई मानी जा रही है। तीन बार नोटिस दिया गया है और तीन बार समय बढ़ा दिया गया है। सांसद के मकान में हुए अवैध निर्माण मामले में नियत प्राधिकारी, उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र संभल की ओर से नोटिस जारी किया गया था। इसमें कहा था कि बिना अनुमति निर्माण किया गया है। नक्शा भी पास नहीं कराया गया है। यह उत्तर प्रदेश रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग ऑपरेशन एक्ट 1958 का उल्लंघन है। एसडीएम ने एक सप्ताह का समय दिए जाने के साथ अंतिम बार समय बढ़ाने की बात कही थी। इस सुनवाई के बाद ही अगली कार्रवाई तय की जाएगी।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाकुंभ में लगाई हाजिरी





**महाकुंभ नगर, 22 फरवरी (एजेंसियां)।** पवित्र त्रिवेणी संगम में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी और सतुआ बाबा संग भी संगम स्नान किया। वहीं नड्डा परिवार ने गंगा मइया को चुनरी अर्पित करके लोककल्याण की कामना भी की।

जेपी नड्डा परिवार समेत शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां महाकुंभ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत सभी नेतागण अरैल घाट से फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम पहुंचे।

यहां बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अपने परिवार के साथ साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले भाजपा नेताओं संग सामूहिक रूप से संगम स्नान किया, तदोपरांत पत्नी एवं परिजनों संग विधि-विधान से संगम में पावन डुबकी लगाई। इस दौरान संगम स्नान करने पहुंची जनता ने भी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जय श्रीराम और गंगा मइया की जय के जयघोष से अभिवादन किया।

स्नानोपरांत नड्डा परिवार, सीएम योगी और बीजेपी के अन्य नेत-ाओं ने विधि-विधान के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता के कल्याण की कामना की। यहां से सभी नेतागण बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां लेटे हनुमान जी की साविधि पूजा-अर्चना की। वहीं इसके बाद सभी ने अक्षयवट के भी दर्शन-पूजन किए।

### विश्व के आधे से ज्यादा सनातनियों ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी

# महाकुंभ में अब तक 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे





**महाकुंभनगर, 22 फरवरी (एजेंसियां)।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया है। यहां अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। 60 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मनुष्य के अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से संभव हो पाया है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

महाकुंभ के महाआयोजन में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुंभ के साक्षी बन चुके हैं। भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ (1.43 अरब) है। इसमें सनातन धर्मावलंबियों की संख्या लगभग 110 करोड़ (1.10 अरब) है। इसके साथ ही पूरी दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों की संख्या 120 करोड़ है। इस तरह अगर स्नानार्थियों की संख्या की तुलना दुनिया भर के सनातनियों की संख्या से की जाए तो 50 प्रतिशत से भी ज्यादा लोग अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो यह 55 प्रतिशत हो गई है। यानी देश की कुल जनसंख्या के करीब 55 प्रतिशत से ज्यादा लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं।

प्यू रिसर्च 2024 की रिपोर्ट मानें तो पूरी दुनिया में 120 करोड़ (1.2 अरब) आबादी सनातन धर्म को मानने वाली है।

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शनिवार (22 फरवरी) को यह संख्या 60 करोड़ से भी ऊपर पहुंच गई है। अभी महाकुंभ के समापन में 05 दिन शेष हैं और महत्वपूर्ण महाशिव रात्रि का स्नान पर्व बचा है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 65 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था। जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया।

# तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने महाकुंभ को बताया शांति का संदेश



**महाकुंभ नगर, 22 फरवरी (एजेंसियां)।** महाकुंभ 2025 में राजनीतिक हस्तियों का आगमन लगातार जारी है। इसी क्रम में तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने महाकुंभ में शामिल होकर गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने इसे सभ्यता का प्रतीक और शांति का संदेशवाहक बताया।

अन्नामलाई ने कहा, यह एक अद्वितीय स्थान है, जहां हमारी सभ्यता हजारों वर्षों से चलती आ रही है।

अब तक 60 करोड़ लोग यहां आ चुके हैं, पूरी तरह शांतिपूर्वक स्नान कर गंगा, यमुना और सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया है। उन्होंने महाकुंभ को केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि विश्व शांति का संदेशवाहक बताया। उन्होंने कहा, जब ये 600 मिलियन लोग वापस अपने घर जाएंगे, तो वे शांति और प्रेम का संदेश लेकर जाएंगे। इससे उनके घर, समाज और देश बेहतर बनेंगे और अंततः पूरी मानवता महान बनेगी।

महाकुंभ 2025 में अब तक कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां शामिल हो चुकी हैं। प्रयागराज में इस भव्य आयोजन के दौरान देश-विदेश के नेता, संत, विद्वान और भक्तगण बड़ी संख्या में उप-स्थित हो रहे हैं। अन्नामलाई ने इस आध्यात्मिक अनुभव को सम्पूर्ण मानवता के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि महाकुंभ का यह संदेश भारत के विभिन्न हिस्सों और दुनिया भर में गूंजेगा।

# टाटा के हाथ में एयर इंडिया बेहतर हुई होगी, आज यह भ्रम टूट गया : चौहान

**नई दिल्ली/ भोपाल, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शनिवार को भोपाल से नयी दिल्ली के लिए एयर इंडिया की एक उड़ान में अपनी आवंटित सीट टूटी और धंसी मिली और इसको लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज उनका यह भ्रम टूट गया कि टाटा समूह के हाथ में जाने के बाद इस एयरलाइन की सेवा बेहतर हुई होगी।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और अब केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्री चौहान ने डिजिटल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में लिखा कि उन्हें आज भोपाल से दिल्ली आना था और पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के माननीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भाग लेना था।

उन्होंने एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-346 का टिक लिया था।

उन्होंने टूटी सीट को लेकर जब विमानकर्मियों से बात की तो उन्हें बताया गया कि इसकी सूचना एयरलाइन के प्रबंधन को पहले ही दी जा चुकी थी और कहा गया था कि उक्त सीट का टिकट न बेचा जाए लेकिन सभी सीटों के टिकट बेच दिए गए थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह यत्रियों के साथ धोखा नहीं है?

श्री चौहान ने लिखा, मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एआई436 में टिकिट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था।

उन्होंने लिखा, जब मैंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की? उन्होंने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं।

उन्होंने कहा कि विमान में अन्य यात्रियों ने उनके लिए अपनी सीट छोड़ने का प्रस्ताव किया पर उन्होंने विनम्रता पूर्वक कहा कि वह किसी अन्य को तकलीफ देने के बजाय टूटी सीट पर यात्रा करना श्रेयस्कर समझेंगे। उन्होंने लिखा, मैं अपने लिए किसी और मित्र को तकलीफ क्यों दूं, मैंने फैसला किया कि मैं इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करूंगा।

केंद्रीय मंत्री ने लिखा, मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी, लेकिन ये मेरा भ्रम निकला। उन्होंने कहा, मुझे बैठने में कष्ट की चिंता नहीं है, लेकिन यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है। क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है?

उन्होंने सवाल किया है कि क्या आगे किसी यात्री को ऐसा कष्ट न हो, इसके लिए एयर इंडिया प्रबंधन कदम उठाएगा या यात्रियों की जल्दी पहुंचने की मजबूरी का फायदा उठाता रहेगा?

एयर इंडिया की शुरुआत आजादी से पहले टाटा समूह ने ही की थी । बाद में इसको सरकार ने अपने हाथ में ले लिया था।

लम्बे समय तक वित्तीय बदहाली और बदइंतजामी में पिसती रही इस एयरलाइन को सरकार ने इसे टाटा समूह को बेच दिया। जनवरी 2022 से इसका संचालन-परिचालन टाटा समूह के हाथ में है।

# केंद्र सरकार ने कोचिंग सेंटरों पर कसा शिकंजा, छात्रों को वापस मिले 1.56 करोड़

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां) ।**

केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) ने शिक्षा क्षेत्र में 600 से अधिक उम्मीदवारों और छात्रों के लिए 1.56 करोड़ की राशि का रिफंड सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। सिविल सेवा, इंजीनियरिंग कोर्स और अन्य कार्यक्रमों के लिए कोचिंग सेंटरों में नामांकित इन छात्रों को पहले कोचिंग संस्थानों द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन करने के बावजूद उचित रिफंड से वंचित किया गया था।



केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार यह राहत छात्रों द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एन-सीएच) के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों के माध्यम से संभव हुई, जिसने विवाद समाधान के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया की सुविधा प्रदान की। विभाग द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई ने छात्रों को अधूरी सेवाओं, देरी से कक्षाओं या रद्द किए गए पाठ्यक्रमों के लिए मुआवजा प्राप्त करने में मदद की है।

अपने निर्णायक निर्देश में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सभी कोचिंग सेंटरों को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया है, जिसमें छात्रों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट, पारदर्शी रिफंड नीतियों को अनिवार्य किया गया है। विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वैध रिफंड दावों को अस्वीकार करने की अन्यायपूर्ण प्रथा को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, शैक्षिक संस्थानों से उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने का आग्रह किया है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अपने सक्रिय प्रयासों के माध्यम से शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने और छात्रों को उनके उपभोक्ता अधिकारों के बारे में शिक्षित करने, अनुचित व्यवहार के मामले में कार्रवाई करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है।

# भारतीय सैन्य दल का जापान के साथ सैन्य अभ्यास धर्म रक्षक के लिए प्रस्थान

**नई दिल्ली 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

भारतीय सेना का एक दल शनिवार को जापान में द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास धर्म रक्षक के लिए प्रस्थान किया जिसमें 120 सैन्य कर्मी शामिल हैं।




रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह अभ्यास सोमवार 24 फरवरी से 09 मार्च तक पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में संचालित किया जाएगा। इस दल में मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिक हैं।

यह वार्षिक सैन्य अभ्यास एक दूसरे के यहां बारी-बारी से आयोजित किया जाता है और इस बार इसकी छठी कड़ी जापान में आयोजित की गयी है। पिछला 'धर्म रक्षक' अभ्यास गत वर्ष फरवरी-मार्च में राजस्थान में हुआ था।

इस बार इसमें जापानी सेना का प्रतिनिधित्व उसकी 34वीं पदाति रेजिमेंट के सैनिक करेंगे। इस बार के अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार नगर-क्षेत्र के युद्धों और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए दोनों सेनाओं के बीच अच्छे से अच्छा पारस्परिक समन्वय बढ़ाना है।

भारत के थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पिछले वर्ष 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा की थी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि धर्म रक्षक अभ्यास दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा।

## हवा हवाई रह गई संस्कृति का सम्मान करने और शराब से बचने की अपील

# संस्कृति की रक्षा वाला साइन बोर्ड ही उठा ले गए अधिकारी

**जम्मू, 22 फरवरी (ब्यूरो)।**

श्रीनगर के व्यस्ततम शहर लाल चौक के व्यापारियों ने आने वाले पर्यटकों से अपील की है, उनका खुले दिल से स्वागत करते हुए उनसे शराब और नशीले पदार्थों का सेवन न करने का आग्रह किया है। ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेंट्रल लाल चौक ने जिम्मेदार पर्यटन और स्थानीय संस्कृति के सम्मान को प्रोत्साहित करने वाले संदेश वाले साइनबोर्ड और बिलबोर्ड लगाए थे जिन्हें आज प्रशासन ने जबरदस्ती हटा दिया जिसको लेकर लोगों में गुस्सा भी है और नाराजगी भी।

नए लगाए गए साइनबोर्ड पर लिखा है, प्रिय पर्यटकों, आपका स्वागत है। ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेंट्रल लाल चौक आपको धरती पर हमारे स्वर्ग की सुंदरता का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है! एक यादगार और आनंददायक यात्रा के लिए, हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं, अपने परिवार से प्यार करें और उसका ख्याल रखें। शराब, नशीले पदार्थों, सड़कों पर थूकने और धूम्रपान से बचें। हमारी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें। धन्य रहें और हमारे आकर्षक शहर में अपने समय का आनंद लें।

पत्रकारों से बात करते हुए ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बिलाल अहमद ने कहा कि इस पहल की शुरुआत इलाके में पर्यटकों द्वारा शराब पीने और खासकर अपने परिवारों के साथ लड़ाई करने की लगातार घटनाओं के बाद की गई है। बिलाल अहमद ने कहा कि अक्सर लाल चौक के दुकानदारों को नशे में धुत पर्यटकों को अपने परिवारों से झगड़ते हुए देखा जाता है। महिलाएं और बच्चे परेशान हो जाते हैं, अक्सर उन्हें रोते और सदमे में देखा जाता है। मेज़बान के तौर पर हम सभी आगंतुकों का स्वागत करते हैं, लेकिन हम उनसे शराब पीने से बचने का आग्रह करते हैं ताकि सभी के लिए शांतिपूर्ण और सुखद माहौल सुनिश्चित हो सके।

एसोसिएशन के महासचिव शिरार अहमद मीर ने भी इस कदम का समर्थन किया और कहा कि सभी पर्यटकों के लिए सुरक्षित और आनंददायक अनुभव प्रदान करते हुए शहर के सांस्कृतिक लोकाचार को बनाए रखना एक साझा जिम्मेदारी है। व्यापारियों को उम्मीद है कि उनका संदेश जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देगा और आगंतुकों को घाटी में अपने प्रवास का आनंद लेते हुए कश्मीर की परंपराओं का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस बीच कश्मीर के मुख्य मौलवी और हुर्रियत प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने शनिवार को कहा कि यह अजीब और दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रीनगर के लाल चौक में ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा लगाया गया साइनबोर्ड, जिसमें पर्यटकों को शराब से बचने के लिए कहा गया था, अधिकारियों द्वारा जब्त कर लिया गया है। मीरवाइज ने नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले साइनबोर्ड को हटाने पर सवाल उठाया। वे कहते हैं कि इस साइनबोर्ड को क्यों जब्त किया गया? पर्यटकों से स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने, शराब और नशीली दवाओं के इस्तेमाल से बचने और शहर को साफ रखने का आग्रह करने में वास्तव में क्या गलत है? लाल चौक के दुकानदारों ने मुझे इस बारे में बताया। मुख्य मौलवी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि क्या नैतिक मूल्यों और शालीनता को बढ़ावा देना अब कश्मीर में अपराध है?

# रेलवे ने महाकुंभ के दौरान 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया

**नई दिल्ली 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

रेलवे ने महाकुंभ में तीर्थयात्रियों को लाने और ले जाने के लिए 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया है जिससे अभी तक 14 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को कुंभ में पवित्र स्नान करने का अवसर प्राप्त हुआ है।




रेलवे सूत्रों के अनुसार महाकुंभ के लिए यात्रियों द्वारा प्रयुक्त 92 फीसदी ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमू श्रेणी की रहीं जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हुईं।

सूत्रों के अनुसार 50 प्रतिशत ट्रेनें उत्तर प्रदेश से शुरू हो के प्रयागराज क्षेत्र के नौ स्टेशनों को आयीं जबकि दिल्ली से 11 प्रतिशत, बिहार से 10 प्रतिशत और महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात जैसे अन्य राज्यों से तीन से छह प्रतिशत ट्रेनें आईं। सूत्रों ने कहा कि आस्था के महापर्व प्रयाग तीर्थ के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियां अपनी-अपनी भूमिकाएं निभाईं हैं लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निस्संदेह अग्रणी है।

सूत्रों ने कहा कि रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अन-ोखा रिकार्ड भी बना है। एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में अब तक 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ उठाया है। यानी महाकुंभ के करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या अग़ल बग़ल के प्रमुख शहरों तक पहुंचने में ट्रेनों का उपयोग किया।

सूत्रों के अनुसार महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही महाकुंभ को दौरान भीड़ बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया। इसके तहत किसी एक रूट, ट्रेन या बड़े स्टेशन पर दवाब को हटाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुरूप एक के बाद एक विशेष ट्रेनें चलाई गईं।

सूत्रों ने बताया कि महाकुंभ की शुरुआत से लेकर अब तक 13 हजार 667 ट्रेनें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज और उसके अन्य स्टेशनों तक पहुंचीं। इनमें 3468 विशेष ट्रेनों की शुरुआत कुंभ क्षेत्र से हुई तथा 2008 ट्रेनों कुंभ क्षेत्र में बाहर से आयीं। बाक़ी 8211 नियमित ट्रेनें थीं। शहर में प्रयागराज समेत कुल नौ स्टेशन हैं, जहां ट्रेनों का आवागमन हुआ। अकेले प्रयागराज स्टेशन पर ही पांच हजार 332 ट्रेनों से श्रद्धालुओं ने आवागमन किया। जबकि सूबेदारगंज से 4313 ट्रेनें, नैनी स्टेशन से 2008, छिवकी से 1993, प्रयाग से 1326, फाफामऊ से 1010, प्रयागराज रामबाग से 764 और प्रयागराज संगम से 515 ट्रेनें चलाईं गईं।

# कश्मीर में जल विद्युत उत्पादन में 90 प्रतिशत की कमी

## 85 फीसदी बिजली बाहर से खरीदने को मजबूर

**जम्मू, 22 फरवरी (ब्यूरो)।**

जल विद्युत उत्पादन में भारी कमी के बीच जम्मू कश्मीर वर्तमान में 85 प्रतिशत से अधिक कोयले और सौर ऊर्जा पर निर्भर हो चुका है। पावर डेवलपमेंट के अधिकारियों का दावा है कि स्थानीय बिजली संयंत्रों से स्थानीय जल विद्युत उत्पादन में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है।



पीडीडी के एक शीर्ष अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि वर्तमान में जम्मू-कश्मीर 85-90 प्रतिशत कोयले और सौर ऊर्जा पर निर्भर है, जिसे अन्य राज्यों से खरीदा जा रहा है, क्योंकि अभी तक हमारे पास स्थानीय बिजली उत्प-ादन नहीं है। अधिकारी ने बताया सर्दियों में जम्मू कश्मीर बिजली संयंत्रों की स्थानीय जल विद्युत उत्पादन में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है और अपेक्षित बिजली की मांग को पूरा करने के लिए, हमें एक आधार बिजली की उपलब्धता की आवश्यकता है जिसे हम बाहरी राज्यों से खरीदते हैं। ऊर्जा कोयला आधारित ऊर्जा है।

अधिकारी ने आगे कहा कि विभाग पहले से ही अन्य राज्यों के साथ विभिन्न बिजली खरीद समझौते (पीपीए) कर रहा है। अधिकारी के बकौल, पिछले साल हमने शक्ति नीति के तहत 390 मेगावाट से अधिक कोयला आधारित बिजली के पीपीए में प्रवेश किया था। भविष्य में जम्मू कश्मीर में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए अधिक कोयला आधारित बिजली और अधिक पीपीए में प्रवेश करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 और चालू वर्ष में स्थानीय जल विद्युत उत्पादन में भारी कमी है। सर्दियों में स्थानीय बिजली उत्प-ादन के लिए स्थिति अच्छी नहीं है। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि पिछले एक महीने में, कम बर्फबारी और कम जल स्तर के कारण जम्मू कश्मीर में बिजली संयंत्रों से जल विद्युत उत्पादन में पांच प्रतिशत की कमी आई है।

कुल मिलाकर, जम्मू कश्मीर में स्थानीय संयंत्रों से जल विद्युत उत्पादन में 84.17 प्रतिशत की कमी आई है। जनवरी के महीने में, विद्युत विकास विभाग (पीडीडी) स्थानीय जल विद्युत परियोजनाओं से लगभग 250 मेगावाट बिजली पैदा कर रहा था, जो कुल उत्पादन क्षमता का 20 प्रतिशत है। हालांकि, चालू महीने में बिजली उत्पादन में पांच प्रतिशत की कमी आई है। अधिकारी कहते हैं कि बिजली उत्पादन में और कमी आई है। अधिकारियों का कहना है कि चालू महीने में विभाग केवल 190 मेगावाट बिजली ही पैदा कर पाया है। इसके अलावा, अधिकारियों ने कहा है कि वर्ष 2034-35 में जम्मू कश्मीर को वार्षिक बिजली की 29 प्रतिशत जबरन लोड शेडिंग' का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, उन्होंने आगे अनुमान लगाया है कि आने वाले दस वर्षों में जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बिजली की मांग की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) में चार प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की संभावना है।

# कल से दिल्ली विधानसभा का सत्र शुरू 70 नवनिर्वाचित विधायक लेंगे शपथ

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले सभी 70 नवनिर्वाचित विधायक 24 फरवरी से शुरू हो रही दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। यह सत्र 24 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगी। तीन दिवसीय सत्र में विधानसभा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा।

24 फरवरी (सोमवार) को सुबह 11 बजे नई विधानसभा का पहला सत्र शुरू होगा। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली शपथ दिलाएंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। जब तक विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता, वह प्रोटेम स्पीकर के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे।

24 फरवरी को दोपहर 2 बजे विधानसभा स्पीकर का चुनाव किया जाएगा।

25 फरवरी को विधानसभा के इस सत्र में उपराज्यपाल वीके सक्सेना का अभिभाषण होगा। इसके बाद विधानसभा के पटल पर सीएजी रिपोर्ट रखी जाएगी। एलजी के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेंगी।

27 फरवरी को सदन में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

बता दें कि जो सदस्य 24 फरवरी को शपथ लेने में असमर्थ हैं, वे बाद में विधान सभा की किसी भी बैठक में सचिव को सुबह 11 बजे तक तक सूचना देकर शपथ ले सकेंगे।

इसके अलावा तय तिथि के अनुसार ही विधानसभा की बैठकें चलेंगी, जब तक कि विधानसभा अध्यक्ष अन्य कोई निर्देश न दें।

ज्ञात हो कि आठवीं विधानसभा के पहले सत्र में 25 फरवरी को दिल्ली की भाजपा सरकार सीएजी रिपोर्ट पेश कर अपने उस वादे को पूरा करेगी, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने किया था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान विपक्ष में बैठी भाजपा ने मांग की थी कि सीएजी रिपोर्ट को पेश किया जाए। लेकिन, रिपोर्ट पेश नहीं की गई थी।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में पहली कैबिनेट की बैठक में सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा हुई थी। इस दौरान 14 सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करने की योजना बनाई गई थी। दिल्ली की भाजपा सरकार ने इस दौरान दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को भी मंजूरी दी थी।

# टाटा कैपिटल की राइट्स इश्यू के जरिए पूंजी जुटाने की योजना, बोर्ड मीटिंग में होगा बड़ा फैसला

**मुंबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

टाटा संस की वित्तीय सेवा इकाई टाटा कैपिटल निदेशक मंडल की मंगलवार को होने वाली बैठक में राइट्स इश्यू के जरिये पूंजी जुटाने की योजना पर विचार करेगी। आरबीआई के निर्देशों के मुताबिक कंपनी को इस साल सितंबर तक अपने शेयर सूचीबद्ध कराने हैं।

केंद्रीय बैंक के निर्देशों के तहत सभी अपर लेयर एनबीएफसी को सितंबर तक सूचीबद्ध होना है। बोर्ड की बैठक में राइट्स इश्यू के आकार और समय पर चर्चा होगी। जनवरी में आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन को संशोधित करने के लिए मांगी गई शेयरधारकों की मंजूरी के बाद यह बैठक हो रही है।

एक एनबीएफसी के रूप में टाटा कैपिटल के लिए पूंजी पर्याप्तता नियमनों को पूरा करना आवश्यक है। न्यूनतम पूंजी वह होती है जिसे कंपनी को अपनी जोखिम-भारित परिसंपत्तियों और जोखिम-समायोजित ऑफ-बैलेंस शीट की मदों में प्रतिशत के रूप में रखनी होती है। अपने शेयरधारकों को भेजे गए संदेश में कंपनी ने इस बात पर जोर दिया है चूंकि उसका ऋण पोर्टफोलियो और परिसंपत्ति आधार लगातार बढ़ रहा है, इसलिए उसे आवश्यक पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होगी।

कंपनी ने शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा कि इस जरूरत को पूरा करने के लिए कंपनी की समय-समय पर पूंजी जुटाने की योजना है, जिसमें राइट्स इश्यू के जरिए पूंजी जुटाना भी शामिल है। कंपनी ने इस बारे में जानकारी के लिए शुक्रवार को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया है।

अभी टाटा कैपिटल के पास लगभग 29,000 शेयरधारक हैं। कंपनी ने कहा कि अपने शेयरधारक आधार में कमी रोकने के लिए वह अपने एओए में एक उपबंध शामिल करने की योजना बना रही है जो शेयरधारकों को किसी भी आगामी राइट्स इश्यू में अपने अधिकारों को छोड़ने से रोकेगा, जब तक कि कंपनी के इक्विटी शेयर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं हो जाते।

## न्यूज ब्रीफ

### पेट्रोल और डीजल के भाव में जनता को कटौती की उम्मीद!




**नई दिल्ली।** महंगाई के बोझ तले दब रही जनता को सरकार से राहत की उम्मीद है। दैनिक उपभोग से लेकर जरूरी सामानों के दाम में आए दिन बदलाव देखने को मिल रहा है। वहीं बात करें पेट्रोल-डीजल के दाम की तो जनता ईंधन के दाम में भी कटौती की उम्मीद लगाए बैठी है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने 22 फरवरी का नया भाव जारी कर दिया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार शनिवार को पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए है। इसके अलावा मुंबई में प्रति लीटर की कीमत 103.94 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 89.97 रुपए है। वहीं कोलकाता में प्रति लीटर पेट्रोल का भाव 103.94 रुपए और डीजल का भाव 90.76 रुपए है। आखिर में चेन्नई में प्रति लीटर पेट्रोल का दाम 100.85 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपए प्रति लीटर है

### भारत सरकार दूसरी बार तेल इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने पर कर रही विचार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार खाने के तेल पर छह महीने में दूसरी बार इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने पर विचार कर रही है। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार के इस फैसले से घरेलू तिलहन किसानों को लाभ हो सकता है क्योंकि वे तिलहन की गिरती कीमतों का सामना कर रहे हैं। इस फैसले से स्थानीय तेल और तिलहन की कीमतें बढ़ सकती हैं, जबकि विदेशी खरीद पर असर पड़ सकता है। इसका सीधा असर पाम तेल, सोया तेल और सूरजमुखी तेल की मांग पर पड़ सकता है। एक सरकारी सूत्र ने बताया कि शुल्क वृद्धि के संबंध में अंतर-मंत्रालयी परामर्श समाप्त हो गया है। सरकार द्वारा जल्द ही शुल्क बढ़ाने की उम्मीद है। एक अन्य सरकारी सूत्र ने भी कहा कि सरकार खाद्य महंगाई पर फैसले के प्रभाव को ध्यान में रखेगी। सितंबर 2024 में, भारत ने कच्चे और रिफाइंड वनस्पति तेलों पर 20 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी लगाई थी जिसके बाद कच्चे पाम तेल, कच्चे सोया तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर 27.5 फीसदी आयात शुल्क लगाया गया, जो पहले 5.5 फीसदी था, जबकि तीन तेलों के रिफाइंड ग्रेड पर अब 35.75 फीसदी इंपोर्ट टैक्स है। शुल्क वृद्धि के बाद भी, सोयाबीन की कीमतें राज्य द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से 10 फीसदी से अधिक नीचे कारोबार कर रही हैं। व्यापारियों को यह भी उम्मीद है कि अगले महीने नए सीजन की सप्लाई शुरू होने के बाद सर्दियों में बोई जाने वाली रेपसीड की कीमतों में और गिरावट आएगी।

# ईएसआईसी में 17 लाख से अधिक नए कर्मचारियों ने दिसंबर में कराया पंजीकरण

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

एंप्लॉई स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (ईएसआईसी) से दिसंबर में 17.01 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसके साथ ही 20,360 नई संस्थाओं ने पंजीकरण कराया है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकार द्वारा दी गई। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि दिसंबर के दौरान जोड़े गए कुल 17.01 लाख कर्मचारियों में से 8.22 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 48.35 प्रतिशत है, 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं।

यह आंकड़ा दिखाता है कि देश में बड़ी संख्या में नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

पेरोल डेटा का लिंग-आधार पर विश्लेषण दिखाता है कि दिसंबर में ईएसआईसी स्कीम में 3.46 लाख महिला कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है।

इसके अलावा 73 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों भी इस स्कीम से जुड़े हैं।

इस हफ्ते की शुरुआत में सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) का डेटा जारी किया गया था। इसमें बताया गया था कि शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक के आयु वर्ग के लोगों में एलएफपीआर अक्टूबर-दिसंबर 2024 में बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 49.9 प्रतिशत पर था।

शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष या उससे




अधिक के पुरुषों के लिए एलएफपीआर अक्टूबर-दिसंबर 2024 में बढ़कर 75.4 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले साल समान तिमाही में 74.1 प्रतिशत था।

शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष या उससे अधिक के महिलाओं के लिए एलएफपीआर अक्टूबर-दिसंबर 2024 में बढ़कर 25.2 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले साल समान तिमाही में 25 प्रतिशत था।

रोजगार का एक और सूचकांक माना जाने वाला श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष या उससे अधिक के लोगों के लिए अक्टूबर-दिसंबर 2024 में बढ़कर 47.2 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 46.6 प्रतिशत था।

शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष या उससे अधिक के पुरुषों के लिए डब्ल्यूपीआर अक्टूबर-दिसंबर 2024 में बढ़कर 70.9 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले साल समान तिमाही में 69.8 प्रतिशत था।

शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष या उससे अधिक के पुरुषों के लिए बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर 2024 में गिरकर 6.4 प्रतिशत हो गई है, जो कि अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 6.5 प्रतिशत थी।

## छोटी, मझोली कंपनियों के शेयरों में गिरावट पर टिप्पणी की जरूरत नहीं : सेबी प्रमुख



**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक को हाल ही में छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों में आई भारी गिरावट पर टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं है। बुच ने पिछले साल मार्च में उन्हीं शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन पर दिए गए अपने बयान का हवाला देते हुए कहा कि सेबी ने ऊंचे मूल्यांकन पर अपनी चिंता तब जाहिर की थी, जब उसे इसकी जरूरत महसूस हुई थी। सेबी के चेयरपर्सन ने बताया कि वर्तमान में छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों में दिखाई गई गिरावट को एक बड़ी चुनौती मानकर किसी अतिरिक्त कार्रवाई की जरूरत महसूस नहीं होती है, जिससे बाजार में विशेष दावेदारी उत्पन्न हो। उन्होंने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के एक कार्यक्रम में बयान देते हुए कहा कि इस समय नियामक को ऐसे मुद्दों पर बयान नहीं देने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती है। बुच ने मिड कैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के बारे में भी अपनी राय दी और कहा कि उन्हें वर्तमान स्थिति पर अतिरिक्त चिंता नहीं है। इस समय छोटी कंपनियों के शेयरों में देखी गई गिरावट जब सभी के ध्यान को अपनी ओर खींच रही है, तो इस बयान से मार्केट में कुछ सहारा मिल सकता है। बुच ने स्पष्ट किया कि नियामक का कोई इरादा अनिवार्य इतना छोटा निवेश योजना (एसआईपी) को बनाने का नहीं है और उन्होंने सुनिश्चित रिटर्न पर ध्यान देने की ऐहिक योजनाएं करने की सीमा खोली।

# क्वालिटी पावर का आईपीओ 24 फरवरी को आएगा




**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

**आईपीओ का कुल मूल्यांकन लगभग 858.70 करोड़**

क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) सोमवार, 24 फरवरी को शेयर बाजार में लिस्ट होने वाला है। कंपनी के आईपीओ का कुल मूल्यांकन लगभग 858.70 करोड़ बताया जा रहा है। हालांकि, आईपीओ में निवेशकों की प्रतिक्रिया उम्मीद से कम रही, और इसे 1.29 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इसी बीच लिस्टिंग से पहले कंपनी के अनलिस्टेड शेयर ग्रे मार्केट में डिस्काउंट पर कारोबार करते दिखे। ग्रे मार्केट की जानकारी के अनुसार क्वालिटी पावर के शेयर लगभग 423 रुपए पर ट्रेड होते दिख रहे हैं, जो कि इश्यू प्राइस से 2 रुपए या 0.47 फीसदी से कम है। हाल के ग्रे मार्केट रुझानों से संकेत मिलता है कि कंपनी के शेयरों के लिए नकारात्मक लिस्टिंग की संभावना बनी हुई है। हालांकि, ग्रे मार्केट अनियंत्रित होते हैं, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल इस जानकारी पर निर्भर न रहें और इसे केवल एक संकेतक के रूप में देखें। क्वालिटी पावर ने अपना आईपीओ जारी करते हुए 5.2 मिलियन इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 14.90 मिलियन इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल रखा है। इस सार्वजनिक पेशकश में प्रति शेयर 401 से 425 रुपए के प्राइस बैंड पर शेयर उपलब्ध कराए गए, तथा लॉट साइज 26 शेयर निर्धारित किया गया। आईपीओ की सब्सक्रिप्शन विंडो 14 फरवरी से लेकर 18 फरवरी तक खुली रही थी। शेयरों का फाइनल अलॉटमेंट 19 फरवरी को हुआ था।

### होंडा कंपनी की नई बाइक होंडा हॉर्नेट 2.0 लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी नई बाइक होंडा हॉर्नेट 2.0 लॉन्च कर दी है। कंपनी ने इसे सिंगल फुली-लोडेड वेरिएंट में बाजार में उतारा है, जिसे रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप्स से खरीदा जा सकता है।यह बाइक ओबीडी2बी-कंप्लायंट इंजन के साथ आती है और इसकी एक्स-शोरूम कीमत रुपए 1,56,953 रखी गई है। नई हॉर्नेट 2.0 में स्टाइलिंग को और बेहतर बनाया गया है।

## पायलटों के विश्राम करने का समय बढ़ेगा, न्यायालय का समर्थन



दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश किए गए एक हलफनामे में कहा गया है कि पायलटों के साप्ताहिक विश्राम करने के समय को मौजूदा 36 घंटों से बढ़ाकर 48 घंटे करने पर विचार किया गया है। डीजीसीए ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एयरलाइंस 1 जुलाई से चरणबद्ध तरीके से पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम घंटों पर संशोधित मानदंडों को लागू करेंगी। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने न्यायमूर्ति को यह भी सूचित किया कि शेष संशोधित नियम 1 नवंबर से लागू किए जाएंगे। वहीं अन्य पहलुओं के अलावा, एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेंगी कि संशोधित मानदंडों के तहत एक साप्ताहिक आराम अवधि के अंत और अगले की शुरुआत के बीच 168 घंटे से अधिक का समय न हो। बता दें कि, डीजीसीए का संशोधन नागरिक विमानन आवश्यकता (सीएआर) उड़ान ड्यूटी समय सीमा से जुड़ा है और पायलटों की थकान पर चिंताओं के बीच पायलटों के लिए अधिक आराम का समय प्रदान करना चाहती है। शुरुआत में इसे 1 जून, 2024 से लागू किया जाना था।

# टेस्ला भारत में आने की कर रही तैयारी, तलाश रही जगह

**मुंबई,22 फरवरी (एजेंसियां)।**

भले ही भारत में कारखाना स्थापित करने संबंधी टेस्ला की योजना के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तैयार नहीं हैं लेकिन सूत्रों की मानें तो ईलॉन मस्क की कंपनी भारतीय बाजार में आने के लिए कमर कस चुकी है। सूत्रों ने कहा कि टेस्ला भारत में अपने एक कारखाने के लिए सक्रियता से जगह की तलाश कर रही है। कंपनी यहां सीकेडी इकाई लगाना चाहती है जहां कलपुर्जे आयात कर वाहनों को असेंबल किया जाएगा। इससे कंपनी को पूरी तरह से तैयार वाहन को आयात करने की जरूरत नहीं होगी और उसे कर में भी राहत मिल सकती है। कंपनी इसी संदर्भ में आंध्र प्रदेश सरकार के साथ पिछले कुछ दिनों से बातचीत कर रही है। इस मामले से अवगत एक सूत्र ने बताया कि राज्य सरकार ने कंपनी के प्रतिनिधियों के समक्ष नेल्लूर, तिरुपति जिले में श्री सिटी और अनंतपुर जिले में किया क्लस्टर के समीप पहले से अधिग्रहीत भूमि का विकल्प रखा है। इससे पहले कंपनी की नजर महाराष्ट्र और गुजरात पर भी थी। सूत्रों ने बताया कि भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास में कंपनी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। टेस्ला के साथ तमिलनाडु सरकार भी बातचीत कर रही थी क्योंकि वहां पहले से ही वाहन विनिर्माण का परिवेश मौजूद है। तमिलनाडु में ह्युंडै मोटर, बीएमडब्ल्यू, फोर्ड और टाटा मोटर्स-जेएलआर जैसी प्रमुख वाहन कंपनियों के कारखाने हैं। अगर एन चंद्रबाबू नायडू की



सरकार टेस्ला को आंध्र प्रदेश लाने में सफल होती है तो यह तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख के लिए एक अन्य बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने 1990 के दशक में माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स के साथ अपनी चर्चित बैठक के बाद आंध्र प्रदेश में इंडिया डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने संबंधी माइक्रोसॉफ्ट के निर्णय में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### 2047 तक...

आपने भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और एनसीपी की सरकार बनाई। ये तो आपने किया ही, साथ ही एक ऐतिहासिक बहुमत दिया। मगर साथ में कौन सी शिवसेना असली है और कौन सी नकली, इसका हिसाब भी महाराष्ट्र की जनता ने कर दिया। कौन सी एनसीपी असली है और कौन सी नकली, इसका भी निर्णय महाराष्ट्र की जनता ने कर दिया। आज का दिन बहुत खास है। लाखों परिवारों को खुद का पक्का घर मिलेगा। मैं सभी लाभार्थी परिवारों का प्रधानमंत्री मोदी, भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार की ओर से बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

### दो इंजीनियरों ...

उत्तर प्रदेश के चंदौली से हैं श्री निवास तेलंगाना में धंसी सुरंग में फंसे श्रीनिवास (48) चंदौली जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के माटीगांव के रहने वाले हैं। श्रीनिवास साल 2008 से हैदराबाद मे जेपी कंपनी में जेई पद पर कार्यरत हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, उन्होंने जिला कलेक्टर, फायर ब्रिगेड और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य में लगे हुए हैं। सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने एक बयान में कहा, यह दुर्घटना श्रीशैलम से देवरकोंडा जाने वाली सुरंग के 14वें किलोमीटर के इनलेट (डोमलपेंटा के पास) पर सीपेज पर लगी कंक्रीट के फिसलने के कारण हुई।मंत्री ने पुष्टि की कि 42 श्रमिक सुरक्षित बाहर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि सुबह 8 बजे 50 श्रमिक सुरंग के अंदर चले गए थे, जबकि सुबह 8:30 बजे से सुरंग बोरिंग मशीन का संचालन किया जा रहा था। सुरंग में पानी का रिसाव देखकर मशीन ऑपरेटर ने शोर मचाया, जिसके बाद 42 कर्मचारी सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गए। हालांकि, तब तक भारी मात्रा में मिट्टी ढह गई, जिससे दूसरी तरफ मौजूद आठ लोग फंस गए।दुर्घटना पर चिंता जताते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने दुर्घटना के कारणों की जानकारी ली और अधिकारियों से फंसे लोगों कोसुरक्षित निकालने के लिए कहा। उनके कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने अधिकारियों से घायलों को उपचार मुहैया कराने को भी कहा है।

### घिर गई...

विभाग वापस लेने के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। राज्यपाल की मंजूरी के बाद ही इस संबंध में फैसला लिया गया है। अब कुलदीप सिंह धालीवाल सिर्फ एनआरआई मामलों के मंत्री होंगे।धालीवाल के पास शुरू में कृषि और किसान कल्याण विभाग भी था लेकिन मई 2023 में कैबिनेट फेरबदल के दौरान उनसे ये प्रभार ले लिया गया। उस समय उन्हें प्रशासनिक सुधार विभाग भी आवंटित किया गया। सितंबर 2024 के कैबिनेट फेरबदल में भी उनके पास ये विभाग था। हालांकि सरकारी सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक सुधार विभाग के लिए मंत्री कुलदीप धालीवाल को न तो कोई स्टाफ आवंटित किया गया और न ही इस विभाग की कोई बैठक हुई।पंजाब सरकार ने 23 सितंबर को मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया था और पांच विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया था। धालीवाल से अब तक कुल तीन विभाग वापस लिए जा चुके हैं। इससे पहले ग्रामीण विकास एवं पंचायत और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भी उनसे वापस लिया गया था। मुख्य सचिव की तरफ से जारी आदेश के अनुसार प्रशासनिक सुधार विभाग अब अस्तित्व में नहीं है।

### पैसा था वन ...

इसके अलावा, 13.86 करोड़ रुपये का दुरुपयोग अन्य विभागीय परियोजनाओं में किया गया, जिसमें टाईगर सफारी परियोजनाएं, कानूनी शुल्क, व्यक्तिगत यात्रा और आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज, और कार्यालय आपूर्ति जैसी वस्तुओं की खरीद शामिल थी।सीएजी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2017 से 2022 तक हुए वृक्षारोपण में से करीब 33 फीसदी पौधे ही जिंदा रह पाए। यह वन अनुसंधान संस्थान द्वारा निर्धारित पौधों के जीवित रहने की दर 60-65 फीसदी से कम है। इसके कई परिणाम सामने आए हैं। सबसे पहले, वृक्षारोपण खड़ी और चट्टानी ढलानों पर किया गया, जिसके कारण पेड़ों का जीवित रहना मुश्किल हो गया। इसके अलावा, क्षेत्र में मौजूद बड़े देवदार के पेड़ों ने नए वृक्षारोपण के विकास में रुकावट पैदा की। साथ ही, सुरक्षात्मक उपायों के अभाव में मवेशियों और मानवीय गतिविधियों से भी काफी नुकसान हुआ। इन सबके बावजूद, वनीकरण परियोजनाओं पर 22.08 लाख की राशि खर्च की गई, लेकिन फिर भी अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हो सके।इस सीएजी रिपोर्ट में 2013 के पहले के ऑडिट का भी हवाला दिया गया है। जिसमें 2006 और 2012 के बीच भी इसी तरह के कुप्रबंधन हुए थे जिसको उजागर किया गया था।इसमें बताया गया है कि तब प्रतिपूरक वनरोपण शुल्क के रूप में 212.28 करोड़ रुपये वसूल नहीं किए गए। वहीं इस रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि अस्वीकृत परियोजनाओं पर 2.13 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि स्वीकृत सीमा से परे 3.74 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। वहीं प्रधान सचिव के आवास के जीर्णोद्धार, सरकारी क्वार्टरों के रखरखाव और वाहन खरीद जैसे गैर-पर्यावरणीय खर्चों पर 12.26 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।इसके साथ ही रिपोर्ट में यह भी शामिल है कि बजट बैठकों के लिए लंच और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लिए 35 लाख रुपये के जश्न समारोह सहित अनावश्यक खर्चों पर 6.14 करोड़ रुपये खर्च किए गए।रिपोर्ट की मानें तो वर्षवार कुल गैर जरूरी खर्च इस प्रकार थे। जिसमें 2019-20 में 2,31,37,184 रुपए, 2020-21 में 7.96 करोड़ से ज्यादा रुपए 2021-22 में 3.58 करोड़ से ज्यादा रुपए और इस तरह कुल मिलाकर 13.86 करोड़ से ज्यादा की राशि गैर जरूरी खर्च किए गए।रिपोर्ट में सरकारी अस्पतालों में एक्सपायर हो चुकी दवाओं के वितरण पर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट की मानें तो कम से कम तीन सरकारी अस्पतालों में 34 एक्सपायर हो चुकी दवाओं का स्टॉक था। इनमें से कुछ दवाएं दो साल से पहले ही खराब हो गई थी।

### प्रधानमंत्री मोदी...

दिसंबर 2018 में शक्तिकांत दास को सरकार ने रिजर्व बैंक के प्रमुख के रूप में आश्चर्यजनक रूप से नियुक्त किया था। उन्होंने उर्जित पटेल की जगह ली थी, जिनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने डिमोनेटाइजेशन किया था। उर्जित पटेल ने बाद में किसी लेंडिंग पालिसी में बदलाव की मांग का विरोध करते हुए कथित रूप से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद रिप्लेसमेंट के रूप में शक्तिकांत दास को मौका मिला था।2021 में, सरकार ने शक्तिकांत दास को तीन साल का विस्तार दिया था। पिछले महीने ऐसी खबरें आई थीं कि आरबीआई गवर्नर को दूसरा विस्तार दिया जाएगा, लेकिन संजय मल्होत्रा के रूप में नई नियुक्ति का ऐलान किया गया था। इस विस्तार से वे लगभग 70 वर्षों में रिजर्व बैंक के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रमुख बन जाते।

### कश्मीरी पंडितों से ...

हिंदू पुजारियों की भारी कमी ने पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों को पूरा करना मुश्किल बना दिया है, कई परिवार अब विशिष्ट कश्मीरी पंडित परंपराओं के बजाय व्यापक हिंदू प्रथाओं को अपना रहे हैं।जीवन की घटनाओं, जन्म और मृत्यु-के संतुलन में व्यवधान ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, जिससे समुदाय के लिए अपने रीति-रिवाजों को बनाए रखना मुश्किल हो गया है।हाल ही में, मीरवाइज उमर फारूक ने कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की वापसी को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वास-निर्माण प्रयासों का आह्वान किया। टिक्कू ने इस भावना का स्वागत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सुलह के प्रयासों को दोनों समुदायों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। टिक्कू कहते हैं कि मीरवाइज का आह्वान एक सकारात्मक कदम है, लेकिन नागरिक समाज के स्तर पर 2010 में पहले भी इस तरह के प्रयास किए गए हैं।इस बार, दोनों समुदायों के युवाओं को नेतृत्व करना चाहिए, क्योंकि अकेले बुजुर्ग बदलाव नहीं ला सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ठोस सरकारी कार्रवाई के बिना कश्मीरी पंडितों की वापसी संभव नहीं होगी। टिक्कू ने चिंता व्यक्त की कि यदि मौजूदा रुझान जारी रहे, तो कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की उपस्थिति अगले दशक में और कम हो सकती है। एक संरचित पुनर्वास नीति की कमी, साथ ही चल रही सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के कारण, अपने पैतृक मातृभूमि में समुदाय के अस्तित्व को खतरा है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 23 फरवरी, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# ईसीआईएल में स्वच्छता पखवाड़ा–2025 आयोजित



**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के निर्देशों के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा–2025 के अभियान का आयोजन किया गया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह 16 से 28 फरवरी तक जारी रहेगा और ईसीआईएल ने स्वच्छता और सैनिटाइजेशन के मुख्य उद्देश्यों को उजागर करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है।ईसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुराग कुमार ने अभियान का उद्घाटन किया, जिसके बाद सभी कर्मचारियों ने सामूहिक स्वच्छता शपथ ली। कर्मचारियों को स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ईसीआईएल के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न जागरूकता बैनर और एक सेल्फी पॉइंट स्थापित किए गए हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने एक वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया, जिससे पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में योगदान मिला। बेहतर स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सैनिटाइजेशन कर्मचारियों के लिए एक जागरूकता कार्यशाला और एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट वितरित किए गए। अभियान के हिस्से के रूप में कैंटीन सुविधाओं सहित सभी डिवीजनों की सफाई की जा रही है। परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया है। अभियान का समापन 28 फरवरी, 2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक समापन समारोह के साथ होगा, जिसमें स्वच्छता और सफाई के प्रति एउखङ की प्रतिबद्धता को दर्शाया जाएगा।




# अग्रवाल मानव सेवा मंच का 184वां विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न



**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल मानव सेवा मंच के प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी करके जानकारी दी कि इस 184 वां विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ श्री अग्रसेन महाराज जी की पूजा अर्चना से हुआ । यह स्वास्थ्य शिविर यंग इंडियन के समन्वय के साथ सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय बोद्धिक दियांग्जन सशक्तीकरण संस्थान के डॉ श्रवण रेड्डी, एलसीएच साधु-राम आई अस्पताल के सचिव लायन किशोर छाबरिया और अग्रवाल मानव सेवा मंच के संयोजक विष्णु गुप्ता ने अग्रसेन महाराज और भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीपक प्रज्ज्वलित किया । मंच के प्रधान संयोजक विनोद अग्रवाल प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल सह संयोजक गोपाल अग्रवाल, यंग इंडियन के आशिष सोंथालिया, श्रेय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, तनिषअग्रवाल,कार्तिक अग्रवाल, रिंकू चावड़ा,हर्ष अग्रवाल,मूरली गोड़ संस्थान के श्री जी श्रीनिवासलु, डॉ सुनीता देवी, डॉ केजी अम्बाडी, डॉ यतिद्रा कुमार डॉ सुल्तान सिंह, डॉ ललिता, डॉ समय सर, श्री राजेन्द्र की उपस्थिति से शिविर को सफल बनाया ।संस्थान के कर्मी गणों का सहयोग सराहनीय रहा। इस शिविर में रेनवो हस्पताल कोमपल्ली हैदराबाद के डाक्टरों ने रक्तचाप सुगर टेस्ट, सामान्य रोगों से संबंधित रोगियों, हड्डी से संबंधित रोगियों, महिला रोगियों का निरीक्षण कर निदान किया। एलसीएच साधुराम आई अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञो ने 162 रोगियों का परिक्षण करके नेत्रे संबंधित समस्याओं का निदान किया। दो रोगीयो का मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया उनका निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संधन परिक्षण के बाद एलसीएच साधुराम आई अस्पताल में होगा और 22 रोगियों का अस्पताल में आगे और निशुल्क निदान किया जायेगा। सेवा भारती चेरेटिबल अस्पताल, सितारामबाग हैदराबाद की डॉ शशि रानी ने दांतों संबंधीत रोगीयों को सेवा प्रदान की डॉ तेजा स्वरूप और डॉ कारिसन (गांधी अस्पताल, सिकंदराबाद) ने त्वाचा संबंधित रोगियों को अपनी सेवा प्रदान की। इस शिविर में गोयल फार्मा के श्रेय अग्रवाल के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम ने दिल खोलकर कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया। यंग इंडियन द्वारा नेत्र रोगी यों को निशुल्क चश्मे दिये जायेगे।इस भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर में 317 संस्थान के लोगों ने स्वास्थ्य जांच सेवों का लाभ उठाया। संस्थान के निर्देशक डॉ बी भी रामकुमार के मार्गदर्शन से इस शिविर का सफ़ल आयोजन सम्पन्न हुआ। समापन में मंच के प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने शिविर के सफल आयोजन के लिए जूडे सभी संबंधित पक्षों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत शुक्रवार को श्रीमती रजनी बंसल-अशोक बंसल के जन्ददिवस पर रामनारायण अशोक बंसल परिवार (बीएन टेक्स) द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, ई. जगन (चंपापेट), प्रभाकर जी, संजय गोयल, किरण गोयलनंदकिशोर अग्रवाल, अशोक गुप्ता एस.जे, भगतराम गोयल, महेश गुप्ता, प्रीतिका अग्रवाल, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, दिनेश गोयल, अशोक बंसल, मायारामजी अग्रवाल, तरूण गर्ग, जितेश गर्ग, प्रियांशी गर्ग, रक्षा गर्ग एवं राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



गोशामहल विधायक टी.राजा सिंह, जामबाग डिवीजन पार्षद राकेश जयसवाल ने हिंदी नगर और टेंट हाउस लाइन मालाकुंटा गोशामहल, जामबाग डिवीजन में कुल 35 लाख के बजट के साथ विकास कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वी.गोपाल जी, रविंदर सिंह जी, शैलेन्द्र यादव, वेंकटेश यादव, एम.कृष्णा, गणेश यादव, आनंद जैन, मयूर, राजेश, अनिल, रघु, राजकुमार, रेणुका, राम कृष्ण, नंदू कुमार, जगपति, महेंद्र, शेनकर, भरत, हरिनाथ, संदीप, और स्थानीय लोगों और अन्य ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।



सिखवाल प्रगति समाज ऋषि श्रृंग भवन उपाध्यक्ष रामदेव नागला एवं सहकोषाध्यक्ष कन्हैयालाल ओझा द्वारा भाग्यनगर में जाट समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजक तथा ट्रस्टीगणों का साफा व पुष्पहार से सम्मान कर सफल आयोजन की बधाई दी...!

# माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अल्पाहार सेवा की गई



**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मलकपेट में स्थित पीपल विथ हियरिंग इंपेयर्ड नेट वर्क में अल्पाहार की सेवा की गई । एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा ट्रस्ट के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सेवा में करीब 150 गूंगे एवं बहरे बच्चों में पिज़्ज़ा एवं थम्स अप दिया गया । उपस्थित बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया एवं धन्यवाद प्रदान किया ।

संस्था के पदाधिकारियों ने ट्रस्ट की बहुत ज़्यादा प्रशंसा की । यह सेवा अमेरिका निवासी किनारा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उनके द्वारा प्रायोजित की गई । सेवा में ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विनय किशोर तायल, एडवोकेट हेमा मालिनी तायल, राजेश अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, संतोष गोयल, पिंकी गोयल आदि उप-स्थित थे । ट्रस्ट द्वारा रविवार 23 फ़रवरी को सत्यम शिवम सुंदरम गौशाला, गगन पहाड़ में गौ माता को गुड, हरी बूट, केले, सब्जी आदि खिलाई जाएगी । ट्रस्ट के सभी सदस्यों से प्रातः 10 बजे गौशाला में उपस्थित रहकर सेवा करने हेतु आग्रह किया गया है गौ सेवा के साथ सदस्यों का तुलादान भी किया जाएगा उनके वजन के जितना गौ माता को सब्जी खिलाया जाएगा।




# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की कार्यकारिणी बैठक मलकपेट स्थित भाग्यलक्ष्मी ढाबा में आयोजित की गई।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार सर्व प्रथम महाराजा श्री अग्रसेनजी की पूजा व सामूहिक प्रार्थना के पश्चात अध्यक्ष पंकज कुमार संघी ने उपस्थित सभी सदस्यों का अभिनंदन किया. ।

मानद मंत्री प्रदीप बंसल ने गत माह में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण दिया तथा सहयोग देने वाले संयोजको तथा अन्य सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

यह निर्णय लिया गया कि शाखा द्वारा आगामी 10 मार्च 2025 को मलकपेट हनुमान मंदिर से निकलने वाली निशान शोभा यात्रा का मलकपेट शाखा द्वारा यशोदा हॉस्पिटल के समीप भव्य स्वागत किया जाएगा।



सीताफल मंडी स्थित गवर्नमेंट स्कूल में 2 मार्च 2025 को शाखा द्वारा छात्राओं को ड्रेसेस का वितरण किया जाएगा ।

तथा युवा मोर्चा द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर छॉच और चिप्स का वितरण हनुमान मंदिर के समीप किया जाएगा. वार्षिक साधारण सभा मई में करने का निर्णय लिया गया तथा युवा मोर्चा को श्री श्याम भजन संध्या के सफल आयोजन पर बधाई दी गई।

अवसर पर शाखा के अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, मंत्री प्रदीप बंसल,सयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सतनारायण मोदी,परामर्शदाता सुरेश पटवारी,श्यामसुंदर अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज,दिनेश गोयल,सुरेश कुमार गोयल, गोविंद पटवारी,श्यामलाल गोयल, गोपालदास मोदी तथा युवा मोर्चा के अध्यक्ष निश्चिंत अग्रवाल उपस्थित थे. बैठक का समापन संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन तथा सहभोज के साथ हुआ।

# श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम ध्वाजारोहण सम्पन्न

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

काचीगुडा स्थित श्री अचल-गच्छ जैन संघ संचालित श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर की 24वीं वर्षगांठ के अंतर्गत 25वां ध्वाजारोहण महोत्सव भव्यता एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

यहाँ जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ती मे श्री अचलगच्छ जैन संघ हैदराबाद सिटी के संघ के चेयरमेन रमणीक नागडा एवं मेनेजींग ट्रस्टी पोपटलाल छेडा ने कहा कि धर्मप्रभावक साम्राज्य आगमोद्धारक आचार्यदेवश्री आनंदसागरसुरीश्वरजी म.सा. के समुदायवर्ती वर्तमान तपोनिधि आचार्यदेव श्री नयचंद्रसागरसुर-ीश्वरजी म.सा. के विद्वान शिष्यरत्न हृदयस्पर्शी प्रवचनकार, एकादश आगमपाठी, महाशतावधानी मुनिराज श्री अभिनंदनचंद्रसागरजी महाराज आदि ठाणा 5 की शुभनिश्रा मे श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर की 24वीं वर्षगांठ एवं 25वें ध्वजारोहण महोत्सव कार्याम अंतर्गत बुधवार दि. 20 फरवरी को प्रातः 9 बजे से श्री सत्तरभेदी पूजन, ध्वजारोहण विधी 10.15 बजे से प्रारंभ हुई।



ट्रस्टी अनिश छेडा ने बताया कि शिखर पर ध्वजारोहण अंतर्गत मुख्य ध्वजा श्री शांतिनाथ प्रभु ध्वजा लाभार्थी शेठ मणीकांत मेघजी मोमाया परिवार, श्री श्रेयांसनाथ प्रभु ध्वजा लाभार्थी शेठश्री लीलाधर जीवराज नागडा परिवार, श्री नमिनाथ प्रभु ध्वजा लाभार्थी शेठश्री लक्ष्मीचंद मेघजी नागडा परिवार, श्री वासुपूज्य स्वामी ध्वजा लाभार्थी शेठश्री दामजी जीवराज नागडा परिवार, पूराने मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान ध्वजा के लाभार्थी शेठश्री मणीकांत मेघजी मोमाया परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। दोपहर 12.45 बजे स्वामिवात्सल्य का आयोजन ध्वजारोहण के कायमी लाभार्थी परिवार की ओर से रखा गया। आंगी मंडल की बहनो द्वारा परमात्मा की भव्य आंगी की गई ।ट्रस्टी विपुल गाला ने कहा कि अवसर पर पक्षाल पूजा, केसर पूजा, पुष्प पूजा, अखंड दीपक आदि के वार्षिक चढावे बुलाये गये जिसमे वासक्षेप पूजाः श्रीमती कोकिलाबेन जयेन्द्रभाई शाह परिवार, पक्षाल पूजाः श्रीमती मीनाबेन गुलाबचंद मोता परिवार, अंगलूछना का चढावा श्रीमती हेमलताबेन सुभाषभाई कस्तुरचंद खंडोर परिवार, चंदन पूजा : संघवीश्री पारसमल राजेश प्रतीक रायसोनी परिवार हिंगोली-हैदराबाद, पुष्प पूजा : श्री विजयभाई दामजी जीवराज खियशी नागडा परिवार, धुप पूजा : श्री भीकमचंद राजेश पुरब पोकरणा परिवार, घृत (दीपक) पूजा : कु. मायरा हः हर्षाबेन विजय नागडा परिवार, अष्ट प्रकारी सर्व सामग्री : श्रीमती मिनाक्षी मोनीक धरमशी परिवार को प्राप्त हुआ । विधिविधान के लिये मुंबई से विधिकार राजाभाई नंदु, मुंबई अपनी संगीत मंडली के साथे पधारे ।

अनीष छेडा, हेमांग मोमाया, जयेश नागडा, दिनेश गोसर, रिद्धीश जागीरदार, शांतिलाल मारू, विजय जागीरदार, चंद्रकांत शाह, सुभाष खंडोर, जसराज देवडा धोका, भवानजीभाई पासड, नवीन मारू, प्रदीप नागडा, मणीलाल सावला, प्रवीण छेडा, जितेन्द्र गडा, भावेश खंडोर, वहीं महिलाओं मे लता मोमाया, भावना नागडा, जया जागीरदार, भानुबेन गाला, कुसुम गोसर, दमयंती गडा, जयश्री संघवी, ज्योति मोता, हेमा काराणी, वैशाली शाह, रश्मी मारू व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।फोटो केप्शन : मुनिराज श्री अभिनंदनचंद्रसागरजी म.स. आदि ठाणा 5 की शुभनिश्रा मे श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर की 24वीं वर्षगांठ एवं 25वें ध्वज-ारोहण महोत्सव कार्याम अंतर्गत आयोजित सत्तरभेदी पूजा एवं ध्वाजारोहण कार्याम मे उपस्थित लाभार्थी परिवार, साथ मे संघ के चेयरमेन रमणीक नागडा, पोपटलाल छेडा, अनीष छेडा, राजीव मामणिया, जयेश नागडा, रिद्धीश जागीरदार एवं अन्य।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस धूमधाम से मनाया गया



**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना उच्च शिक्षा के उपाध्यक्ष प्रोफेसर इटिकाला पुरुषोत्तम ने कहा कि मातृभाषा से ज्ञान प्राप्त होता है और भाषा से पूर्वजों की संस्कृति और परंपराओं की समझ आती है। तेलंगाना सिटीजन्स काउंसिल की राज्य शाखा द्वारा मेथोडिस्ट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सेमिनार हॉल में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने आगे कहा कि मातृभाषा माँ के समान है, जिस प्रकार एक शिशु के लिए माँ का दूध महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार छात्रों के लिए मातृभाषा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी भाषा सीखनी चाहिए, लेकिन अपनी मातृभाषा की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया की सभी भाषाओं में मातृभाषा सबसे महान है। राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण विकास परिषद के सलाहकार और प्रमुख शिक्षाविद डॉ. कोमटीरेड्डी वेंकटरेड्डी ने कहा कि भाषा और संस्कृति समाज के आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकते हैं और किसी राष्ट्र को सांस्कृतिक रूप से प्रगति करने के लिए मातृभाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर तेलंगाना सिटीजन्स काउंसिल की राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजन-ारायण मुदिराज ने पिछले 40 वर्षों से जन कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों का वर्णन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रभु, लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद समर्पण के निदेशक लायन प्रेमचंद मुनोत जैन, डॉ. रवितेजा, यास्मीन कौसर, बत्तुल हेमंत, कॉलेज के पीआरओ श्रीकांत, एम. लिंगमूर्ति के साथ-साथ पी. समृद्धि, आर. वैष्णवी, ए. सृजना और मानविकी और विज्ञान विभाग के बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर उस्मानिया विश्वविद्यालय के तेलुगु विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सागी कमलाकर शर्मा, हैदराबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अंबा कुलकर्णी, द इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर रेखा रानी, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अब्दुल कलाम को 2025 भाषा व्यावसायिक उत्कृष्टता पुरस्कार शॉल, स्मृति चिन्ह, माला और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया और उन्हें बधाई दी गई।

# विवेक वर्धिनी महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर ओलंपियाड-2025 पोस्टर लोकार्पित

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)**

विश्वरंग फाऊँडेशन(भारतीय संस्कृति, वैश्विक मंच), रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र एवं वनमाली सृजन पीठ, भोपाल और विवेक वर्धिनी महाविद्यालय, कोठी, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में विवेक वर्धनी महाविद्यालय में



21,फ़रवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का भव्य आयोजन किया गया।

इस शुभ अवसर पर, रव-ीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे के समग्र पर्यवेक्षण में विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ जवाहर कर्णावट और टीम के सहयोग से चलायी जाने वाली अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव वैश्विक मंच विश्वरंग के लिए हिंदी ओलंपियाड पोस्टर-2025 का लोकार्पण, कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विवेक वर्धिनी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .डी.विद्याधर ने किया है ।पोस्टर के लोकार्पण के पश्चात, विश्वरंग-तेलंगाना राज्य के हिन्दी ओलंपियाड-2025 के समन्वयक डॉ वी वेंकटेश्वर राव ने विश्वभर में हिन्दी एवं भारतीय कला व संस्कृति को फैलाने में विश्वरंग फाऊंडेशन, भोपाल द्वारा किए जा रहे कार्यकलापों से अवगत कराया और आगामी सितंबर माह के दौरान 14, सितम्बर हिंदी दिवस से 30, सितंबर से अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस तक भाषाविदों, शोधार्थियों के लिए प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियों, पुस्तक यात्राओं व पुरस्कार, सम्मानों की जानकारी दी।साथ ही उन्होने, बांग्लादेश के प्रस्ताव पर यूनेस्को द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर, वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष 21, फ़रवरी को विश्व भर में मनाए जाने वाले मातृभाषा दिवस का इतिहास, आयोजन का अवसर, मातृभाषा को

प्राथमिकता दी जाने की आवश्यकता पर व्यापक प्रकाश डाला।इस समारोह के विशिष्ट वक्ता पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय, हैदराबाद के मुख्य प्रबंधक डॉ साकेत सहाय और केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, रंगा रेड्डी जिले के वरिष्ठ प्रबंधक मेकला बापु ने अपनी संस्कृति और परंपराओं का वाहक मानी जाने वाली मातृभाषा के महत्व पर रोचक उदाहरणों के साथ अपने विचार व्यक्त किए और नियमित रूप से मातृभाषा में अपने विचारों का आदान प्रदान करने की सलाह दी।

इसके पश्चात, अध्यक्षीय भाषण देते हुए विवेक वर्धिनी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी विद्याधर ने अपनी भाषा के प्रति भारतेन्दु हरिश्चंद्र की निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटता न हिय को सूल का संदर्भ देते हुए कहा कि जब तक मातृभाषा का महत्व नहीं समझेंगे,मातृभाषा में ज्ञान प्राप्त नहीं करेंगे, तब तक अपनी भाषा को संरक्षित करने में विफल ही रहेंगे। इस स्थिति से बाहर आने की अत्यंत आवश्यकता है।

उन्होंने उपस्थितों से अपील किया कि घर में और अपनी भाषा से परिचित व्यक्तियों के साथ अपनी ही भाषा में संपर्क करना न भूलें।महाविद्यालय की प्राध्यापिका सुश्री सिन्धूजा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न इस कार्यक्रम में एक सौ से अधिक स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया है ।कार्यक्रम का संचालन कुमारी नंदिनी ने की । इस कार्यक्रम में डॉ. रजनी चौधरी,डॉ. जगदेवी मूले, जयंती देशपांडे, सुरेखा, सुष्मिता, शालिनी, प्रतिभा, इन्दु कुमारी, हिमजा, माधवी, संदीप, आशा,रूही,नूरेन, श्रीसौम्या, शिरीषा आदि प्राध्यापक उपस्थित हुए हैं ।






## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $33^0$

न्यूनतम : $23^0$

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 88,940/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 99,099/- (प्रति किलोग्राम)

# आईसीआरआईएसएटी ने भूमि क्षरण से निपटने के लिए चौदह देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया

**हैदराबाद , 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) ने भूमि क्षरण से निपटने के लिए चौदह देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है।

आईसीआरआईएसएटी में भूमि क्षरण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत करते हुए यहां अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए भूमि क्षरण संसाधन संरक्षण पर तीन सप्ताह का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में 14 देशों घाना, ताजिकिस्तान, दक्षिण सूडान, म्यांमार, मोरक्को, इथियोपिया, कंबोडिया, लाइबेरिया, माली, चाड, श्रीलंका, लेसोथो, ईरान और फिलीपींस के 24 अधिकारियों ने भाग लिया।संस्थान ने शुक्रवार को यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।विज्ञप्ति में भारत सरकार के भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तत्वावधान में आईसीआरआईएसएटी द्वारा आयोजित और आईसीआरआईएसएटी की ड्राईलैंड अकादमी द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम ने वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया।आईसीआरआईएसएटी के महानिदेशक-अंतरिम डॉ स्टैनफोर्ड ब्लेड ने प्रतिभागियों को संबोधित



करते हुए दो-तरफ़ा ज्ञान विनिमय के महत्व पर प्रकाश डाला और कार्यशाला से परे निरंतर सहयोग को प्रोत्साहित किया।डॉ ब्लेड ने जोर देकर कहा, 'यह प्रशिक्षण केवल एक अकादमिक अभ्यास नहीं है; यह दक्षिण-दक्षिण सहयोग की भावना को दर्शाता है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप जुड़े रहें और सार्थक बदलाव लाने के लिए इस संसाधन आधार का उपयोग करें।

'उन्होंने कार्यक्रम को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के समर्थन को भी स्वीकार किया।कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ एमएल जाट, उप महानिदेशक-अनुसंधान (कार्यवाहक) और ग्लोबल प्रोग्राम डायरेक्टर, रेसिलिएंट फ़ार्म एंड फूड सिस्टम्स, आईसीआरआईएसएटी ने कहा, 'जब आप अपने देशों में वापस लौटते हैं तो विचार करें कि आप अपने समुदायों को लाभ पहुंचाने के लिए इन अंतर्दृष्टि को कैसे लागू कर सकते हैं। हम आपकी भागीदारी को प्रायोजित करने में आपकी सरकारों और संस्थानों के समर्थन की गहराई से सराहना करते हैं।'

उद्घाटन सत्र में डॉ रमेश सिंह, प्रधान वैज्ञानिक और क्लस्टर लीड-आईसीआरआईएसएटी विकास केंद्र ने पाठ्यक्रम का अवलोकन प्रदान किया जबकि आईसीआरआईएसएटी के वैश्विक अनुसंधान कार्यक्रम निदेशक, डॉ सीन मेयस और डॉ विक्टर अफ़ारी-सेफा ने वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में सहयोगी अनुसंधान की भूमिका पर जोर दिया।ईरान के सेमनान कृषि एवं प्राकृतिक संसाधन अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र में वन रेंजलैंड विभाग के प्रमुख डॉ. सोमयाह नासेरी ने कहा, 'आईसीआरआईएसएटी की प्रयोगशालाएं उत्कृष्ट हैं और वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा कार्य प्रभावशाली है।'

नोम पेन्ह, कंबोडिया में कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन मंत्रालय के अधिकारी चुमन इथ ने कहा 'भारत कंबोडिया के समान जलवायु परिवर्तन प्रभावों का सामना कर रहा है। देश में उन्नत प्रौद्योगिकी है और उल्लेखनीय अनुसंधान प्रगति हासिल की है। मैंने यहां जो ज्ञान प्राप्त किया है उसे कंबोडिया में अनुसंधान और नीति दोनों में लागू किया जा सकता है।

## विशेष रुद्राभिषेक पूजा 26 को

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

उप्पल रामंतपुर स्थित श्री राजराजेश्वर स्वामी देवस्थानम, शिवालयम में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है।प्रेस को जारी विज्ञप्ति में देवस्थानम के धर्मकर्ता महेश अग्रवाल ने बताया कि आगामी 26 फरवरी को शिवरात्रि के उपलक्ष्य में रात्रि 12.00 बजे से 1.00 बजे तक लिंगोउद्भव काल में रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया जा रहा है ।



बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एन.आर. लक्ष्मण राव ने शनिवार को डी. लावण्या को जीएचएमसी गोशामहल सर्कल के डिप्टी कमिश्नर के रूप में कार्यभार संभालने के अवसर पर सम्मानित किया।इस अवसर पर बंडारू हरि, नरेश, अश्विनी व अन्य उपस्थित थे।


DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, JARANA BABI is dependent Mother of Service No. 14645549N, Rank: HAV/CLK (SD), Name: SALIM SHAIKH, Unit: 2 TRG BN 1 EME CENTER, SECUNDERABAD, Residing at Vill: BARAITNA, PO: JURANPUR, Teh: KRISHNA NAGAR, Dist: NADIA, State: WEST BENGAL, Pin: 741150, I have Changed my name from JARANA BABI to JARINA SEIKH, My DOB is 01-01-1967, Vide Affidavit date 19/02/2025

**CHANGE OF NAME**

I, MOSLIM SHAIKH, is dependent Father of Service No. 14645549N, Rank: HAV/CLK (SD), Name: SALIM SHAIKH, Unit: 2 TRG BN 1 EME CENTER,SECUNDERABAD, Residing at Vill: BARAITNA, PO: JURANPUR, Teh: KRISHNA NAGAR, Dist: NADIA, State: WEST BENGAL, Pin: 741150, I have Changed my name from MOSLIM SHAIKH TO MOSLEM SEIKH, my DOB is 01-01-1955, Vide Affidavit date 19/02/2025

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 14645549N, Rank: HAV/CLK (SD), Name: SALIM SHAIKH, S/o. MOSLEM SEIKH Unit: 2 TRG BN 1 EME CENTER, SECUNDERABAD, Residing at Vill: BARAITNA,PO:JURANPUR, Teh: KRISHNA NAGAR, Dist: NADIA, State: WEST BENGAL, Pin: 741150, I have Changed my Daughter's Name from BEAUTI KHATIN to BEAUTY KHATUN,my daughter DOB is 13-11-1998,Vide Affidavit date 19/02/2025

**CHANGE OF NAME**

I, MAMATAJ BABI is legally Wedded Wife of Service No.14645549N, Rank: HAV/CLK (SD), Name: SALIM SHAIKH, Unit: 2 TRG BN 1 EME CENTER,SECUNDERABAD, Residing at Vill: BARAITNA, PO: JURANPUR, Teh: KRISHNA NAGAR, Dist: NADIA, State: WEST BENGAL, Pin: 741150, I have Changed my name from:MAMATAJ BABI to MAMATAJ BIBI, my DOB is 01-07-1982, Vide Affidavit date 22/02/2025

**CHANGE OF NAME**

I, Shukla Samadder R/o vill:Shaktigarh, P.O:Birati, Teh:Barrackpore, Dist: North 24 Parganas, State: West Bengal, Pin:700051 have changed my name as SHUKLA SAMADDER to SHUKLA MONDAL vide affidavit dt:22-02-2025 before judicial magistrate court Hyderabad, Telangana

**CHANGE OF NAME**

I, Sabita R/o vill:Shaktigarh, P.O:Birati, Teh:Barrackpore, Dist: North 24 Parganas, State: West Bengal, Pin:700051 have changed my name as SABITA to SABITA MONDAL vide affidavit dt:22-02-2025 before judicial magistrate court Hyderabad, Telangana

**CHANGE OF NAME**

I, YETRA VENKATESWARA REDDY is legally dependent Father of Service No. 15433139X, Rank: HAV/NUR ASST, Name: YETRA RANGA REDDY, Unit: Military Hospital, Sec'bad, Residing at Vill: Yetravaripalem, (Po &Teh) Karlapalem Dist:Guntur, A.P - 522111, I have Changed my name from YETRA VENKATESWARA REDDY to YETRA VENKATESWARLU REDDY, Affidavit Singed By advocate and Notary.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, TANAJI Father of Service No. 15674933N CHM POL SUHAS TANAJI, R/o. Vill and Po:Sonkire, Tal:Kadegaon, Dist:Sangli, Maharashtra-415303 have changed my name and DOB from TANAJI, DOB:01-07-1951 to TANAJI MARUTI POL, DOB:02-03-1949 vide affidavit dt:23-1-2025 before Vardhman Dhanpal Nilakhe, Advocate and Notary, Islampur, Maharashtra.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, SHAKUNTALA Mother of Service No. 15674933N CHM POL SUHAS TANAJI, R/o. Vill and Po:Sonkire, Tal:Kadegaon, Dist:Sangli, Maharashtra-415303 have changed my name and DOB from SHAKUNTALA, DOB:1-7-1956 to SAKHUBAI TANAJI POL, DOB:02-06-1956 vide affidavit dt:23-1-2025 before Vardhman Dhanpal Nilakhe, Islampur, Maharashtra.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 15691465P L/Hav A VISWANADHA REDDY, R/o.Vill:Markapuram, Po:Chintrapalli, Dist:Cuddapah, Andhra Pradesh-516193 hereby declare that my son name is to be changed from A PRANAVE NATH REDDY to AMBAVARAPU PRANAV NATH REDDY vide affidavit dt:22-2-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Army No. 15494599P, Rank: DFR, Name: Upendra Singh of 52 Armd Regt., C/o. 56 APO, PIN -912652. Residing at Vill - Yaktajpur, PO- Gonda, Teh - Iglas, Dist - Aligarh (Uttar Pradesh). I have changed my wife name from DEVKI to DEVKI DEVI (DOB: 15/07/1990) for all purposes.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Service No-JC-775125L, Rank-Sub,Name-K Sivakumar R/o H.No-8/107-1, Vill- Bickol,Coonoor,PO-Balacola, Dist-The Nilgiris, PIN-643203 State-Tamil Nadul have changed my Mother name from R SUNDARI to SUNDARI and also DOB changed from 01/07/1949 to 03/05/1956 add in my service documents Affidavit dated 21/02/2025 before Notary G Ramchander, Secunderabad.



# पूर्व क्रिकेटर गांगुली बोले-चैंपियंस ट्रॉफी जीतने भारत-न्यूजीलैंड हैं प्रबल दावेदार

**कोलकाता, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

चैंपियंस ट्रॉफी कौन सी टीम जीतेगी, नॉकआउट में किन-किन टीमों के पहुंचने की उम्मीद है भारत और पाकिस्तान के मैच में किसका पलड़ा भारी है इन सभी को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और धुलंधर बल्लेबाज रहे सौरव गांगुली ने इन सभी मुद्दों पर कहा कि भारत ने दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मुकाबले में छह विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि यह मुकाबला आसान नहीं रहा और बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन टीम इंडिया की बल्लेबाजी गहराई ने अंत में लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इससे पहले भारत के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें मोहम्मद शमी ने वापसी के बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच में पांच विकेट झटके थे और कम गेंदों में ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी बनाया था।

भारत का अब रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला है। पाकिस्तान अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से हार चुका है। इस मैच में टीम इंडिया की गेंदबाजी पर गांगुली ने कहा कि टीम इंडिया के लिए गेंदबाजी संयोजन ने बढ़िया काम किया है। इसलिए टीम कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे तीन स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी जिस तरह से हर्षित राणा ने गेंदबाजी की है, वह काफी अच्छा है। मोहम्मद शमी तो टीम के टॉप बॉलर हैं और हार्दिक पांड्या भी बढ़िया है। पाकिस्तान की टीम स्पिनरों को अच्छा नहीं खेलती है और मुझे लगता है कि दुबई की पिच पर टर्न मौजूद रहेगा। इसलिए भारत के लिए यह संयोजन फायदे का सौदा साबित हो सकता है।

**पाकिस्तान टीम स्पिनरों को खेलने में होती है परेशानी, दुबई पिच में लेती है टर्न**

भारत-पाकिस्तान मुकाबले क्रिकेट में सर्वोच्च प्रतिद्वंदिता माने जाते हैं। उनका दबाव और रोमांच अगले ही स्तर का होता है। भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मुकाबलों पर सौरभ ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में पाकिस्तान के खिलाफ बहुत मैच खेले हैं जिनकी बहुत अच्छी यादें हैं। मेरा सर्वोच्च टेस्ट स्कोर भी पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने जावेद मियांदाद का वह छक्का भी देखा है जब पाकिस्तान को भारत के खिलाफ आखिरी गेंद पर जीत हासिल हुई थी और उसके बाद भारतीय टीम में आए ट्रांसफॉर्मेशन को भी देखा है, जहां टीम इंडिया ने पाकिस्तान को खेल के हर फॉर्मेट में हराया है। आप पिछले 10-15 साल में देखें तो भारत की टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी बेहतर है। सौरव गांगुली ने भारत-पाक मैच के संभावित जीत के बारे में कहा कि दोनों टीमों के बीच हाल के सालों में हुए मैच पूरी तरह भारत के पक्ष में रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत इस टूर्नामेंट को जीतने वाली टीम में मजबूत दावेदार है। गांगुली ने आगे कहा कि भारत की बैटिंग में काफी गहराई है। यहां काफी प्रतिभा है। इस नजरिए से भारत काफी मजबूत है। अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी किसी भी टीम में फिट हो सकते हैं। ये भारत की बैटिंग की ताकत को दिखाता है। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ जब जीत दर्ज की, तब रवींद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी बैटिंग के लिए आने बाकी थे। जब सफेद गेंद की बात आती है तो भारत में प्रतिभा का पूरा पूल मौजूद है। हालांकि भारत के लिए विराट कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है, गांगुली का मानना है कि कोहली ने भारत के लिए इतने रन और शतक बनाए हैं कि वह रन बनाने का रास्ता ढूंढ लेंगे। ऋषभ पंत एक शानदार खिलाड़ी हैं। केएल राहुल का वनडे रिकॉर्ड जबरदस्त है, शायद इस कारण गौतम गंभीर ने उनको खिलाने का फैसला किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर इनडोर दौड़ में रचा इतिहास, बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्होंने बोस्टन में आयोजित बीयू टेरियर डीएमआर चैलेंज में पुरुषों की 5000 मीटर इनडोर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। 6 वर्षीय भारतीय सेना के धावक गुलवीर ने 12:59.77 मिनट का समय निकाला और इस प्रतिस्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे। स्पर्धा में अमेरिका के कोल हॉकर (12:57.82), कूपर टीयर (12:57.97) और ऑस्ट्रेलिया के जैक रेनर (12:59.43) ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। गुलवीर के इस शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि यह 5000 मीटर इनडोर शॉर्ट ट्रैक में नया एशियाई रिकॉर्ड भी बन गया। पिछले हफ्ते भी तोड़ा था रिकॉर्ड इससे पहले गुलवीर सिंह ने पिछले हफ्ते ही पुरुषों की 3000 मीटर इनडोर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने 7:38.26 मिनट का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहते हुए 2008 में सुरेंद्र सिंह द्वारा बनाए गए 7:49.47 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुलवीर सिंह की इन उपलब्धियों ने भारतीय एथलेटिक्स में नई ऊर्जा भर दी है और वह भविष्य में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं।



### डब्ल्यूपीएलः मुंबई इंडियंस की जीत में पंजाब की लड़कियों का कमाल



**नई दिल्ली।** डब्ल्यूपीएल में टारगेट 168 हो और 82 रन पर टॉप-4 बैटर आउट हो जाएं। रनरेट का दबाव बढ़ता जा रहा हो। ऐसे में किसी भी टीम के लिए जीतना आसान नहीं होता है लेकिन मुंबई इंडियंस महिला टीम ने यह कारनामा कर दिखाया। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर (50) और अमनजीत कौर (34 रन, 3 विकेट) की बदौलत हारी बाजी पलट दी और मुंबई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू वुमन के खिलाफ एक गेंद बाकी रहते हुए जीत मिली। मुंबई इंडियंस वुमन डब्ल्यूपीएल के पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर आ गई है। आरसीबी वुमन, मुंबई से हारकर भी पहले नंबर पर बनी हुई है। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला हुआ। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाकर इस सीजन की दूसरी जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 57 रन था। इसके बाद एलिस पेरी ने 43 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। ऋचा घोष (28) और कप्तान स्मृति मंधाना (26) ने भी शानदार पारियां खेलीं। मीडियम पेसर अमनजोत मुंबई इंडियंस की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने भी यास्तिका भाटिया (8) का विकेट जल्दी गंवा दिया। उनकी जगह उतरी नेट सिवर ब्रंट (21 गेंद पर 42 रन) ने काउंटर अटैककर टीम को संभाला उन्होंने ओपनर हेली मैथ्यूज (15) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी करके पावरप्ले में मुंबई का स्कोर 66 रन पर पहुंचाया।

### खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे हैं विराटः अनिल कुंबले

**दुबई।** विराट कोहली खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे हैं, जिससे उन्हें फॉर्म में लौटने में दिक्कत हो रही है। यह कहना है भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का। कोहली के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कुंबले ने कहा कि कोहली ने सफेद गेंद क्रिकेट में पहले कभी इतनी लंबी खराब फॉर्म का सामना नहीं किया था। कुंबले ने कहा, मुझे लगता है कि वह खुद पर अनावश्यक दबाव डाल रहे हैं। हर कोई उनसे उम्मीद करता है कि वह टीम के लिए मैच जिताने वाली पारी खेलेंगे, लेकिन जब आप लगातार इस तरह के दबाव में होते हैं, तो कई बार आप बहुत ज्यादा सोचने लगते हैं और अतिरिक्त प्रयास करने लगते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि आप तनावमुक्त होकर नहीं खेल पाते। उन्होंने आगे कहा कि कोहली को अपने खेल पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और मानसिक रूप से सहज होकर मैदान पर उतरना चाहिए। कुंबले के मुताबिक, आप देख सकते हैं कि वह किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं।



# हाईवोल्टेज मुकाबले में भारत पाक होगें आमने-सामने



**दुबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज रविवार 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच हमेशा से ही हाईवोल्टेज ड्रामा और रोमांच से भरे होते हैं, क्योंकि ये दोनों टीमें आमतौर पर केवल आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में ही आमने-सामने होती हैं। इस बार मुकाबला एक तटस्थ स्थान, यानी दुबई में होगा, क्योंकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था।

चैंपियंस ट्रॉफी का यह संस्करण पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जा रहा है, लेकिन भारत के सभी मैच दुबई में खेले जा रहे हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज से किया था, जब उन्होंने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। दूसरी ओर, पाकिस्तान को अपने घरेलू मैदान कराची में खेले गए पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 60 रनों से शिकस्त दी थी। अब दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें अपने सबसे बड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं।

एक दिवसीय क्रिकेट में ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तान का पलड़ा भारत से भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच 135 वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें पाकिस्तान ने 73 और भारत ने 57 मैच जीते हैं, जबकि पांच मुकाबले बेनतीजा रहे। हालांकि, पिछले डेढ़ दशक में भारत ने क्रिकेट के हर क्षेत्र में जबरदस्त सुधार किया है और अब वह पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक संतुलित और मजबूत टीम बन चुकी है। विशेष रूप से आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत का रिकॉर्ड पाकिस्तान से काफी बेहतर रहा है। हालांकि, 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को हराकर ट्रॉफी जीती थी, लेकिन इसके बाद से भारत ने अपने पड़ोसी देश के खिलाफ बड़ी प्रतियोगिताओं में दबदबा बनाए रखा है।

इस मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं, जबकि गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह की गैरहाजरी में मोहम्मद शमी पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। वहीं, पाकिस्तान की बल्लेबाजी रिजवान और बाबर आज़म के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी, फखर जमान के घायल होने से इमाम-उल-हक को टीम में लाया गया हैं। जबकि गेंदबाजी की बात करें तो शाहीन अफरीदी और नसीम शाह भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होगा, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में हर मैच महत्वपूर्ण होता है। क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस हाईवोल्टेज भिड़ंत पर टिकी हैं, जहां हर गेंद और हर रन मायने रखेगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान :** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), बाबर आजम, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, सलमान अली आगा, उस्मान खान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

# न्यूजीलैंड से होने वाले अहम मुकाबले से पहले बांग्लादेश को महमुदुल्लाह के फिट होने की उम्मीद



**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के खिलाफ मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले सीनियर बल्लेबाज महमुदुल्लाह की उपलब्धता की उम्मीद है। बांग्लादेश को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 24 फरवरी को रावलपिंडी में होने वाले मैच को जीतना जरूरी है।

अपने पिछले चार एकदिवसीय मैचों में चार अर्द्धशतक बनाने वाले महमुदुल्लाह को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रशिक्षण के दौरान पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव का सामना करना पड़ा, जिससे मैच के लिए बांग्लादेश की टीम का कॉम्बिनेशन बिगड़ गया और मैच में उनकी कमी महसूस की गई। भारत के खिलाफ मैच के पहले घंटे में बांग्लादेश की टीम ने केवल 35 रनों पर 5 विकेट खो दिए थे, इसके बाद तौहीद हृदोय के शतक और जेकर अली के अर्धशतक की बदौलत बांग्लादेश की टीम 228 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी।

इस बीच, 19 फरवरी को कराची में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में पाकिस्तान को 60 रन से हराने के बाद न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरपूर है। ब्लैक कैप्स पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी जीत से भी उत्साहित हैं, जहां उन्होंने मेजबान टीम के खिलाफ सभी मैच जीते थे। ऐसे परिदृश्य में, बांग्लादेश को पता है कि हाथ में काम बहुत बड़ा है और उनके लिए महमुदुल्लाह के अनुभव वाले खिलाड़ी को इस मुकाबले के लिए तैयार करना अच्छा होगा।

टीम मैनेजर रबीद इमाम ने शनिवार को क्रिकबज से बातचीत में कहा, हम उनकी (महमुदुल्लाह) उपलब्धता (टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए) को लेकर आशान्वित हैं। वह अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं लेकिन इस संबंध में अंतिम निर्णय रावलपिंडी में न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारे खेल से पहले आखिरी अभ्यास सत्र के बाद ही लिया जा सकता है। उन्होंने कहा, चोट लगने के बाद हमने स्कैन कराया और उसमें कोई बड़ी चोट नहीं मिली।

### शेनझेन में 34वें आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट



दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझेन में 34वें आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कतर के अहमद कोरानी के खिलाफ़ पुरुष एकल ग्रुप 2 मैच के दौरान रिटर्न मारते हुए चीन के वांग चुकिन।

# अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप में हिस्सा लेंगी मनु भाकर

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

दोहरी ओलंपिक पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित होने वाले आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा घोषित सूची में 23 वर्षीय मनु को एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों ही टीमों में शामिल किया गया है।

हालांकि, पेरिस में शूटिंग ओलंपिक पदक जीतने वाले अन्य दो खिलाड़ी सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले राष्ट्रीय टीम में स्थान पाने में असफल रहे हैं।

वहीं, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, ओलंपिक फाइनलिस्ट और कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी को एयर पिस्टल के लिए चयनित किया गया है।

1 से 11 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में पहला विश्व कपराइफल, पिस्टल और शॉटगन के लिए पहला विश्व कप 1 से 11 अप्रैल तक अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद, तीनों विषयों में दूसरा विश्व कप 13 से 22 अप्रैल तक पेरू के लीमा में होगा।



### भारतीय टीम इस प्रकार हैः

**एयर राइफलः** रुद्राक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता, हृदय हजारिका; आर्य बोरसे, नर्मदा नितिन, सोनम मस्कर।

**50 मीटर राइफल 3-पोजिशनः** ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, चैन सिंह, नीरज कुमार; आशी चौकसे, श्रीयंका सदांगी, सिफ्ट कौर समरा।

**एयर पिस्टलः** सौरभ चौधरी, रविंदर सिंह, वरुण तोमर; सुरुचि फोगट, मनु भाकर, संयम।

**25 मीटर रैपिड फायर पिस्टलः** अनीश भानवाला, विजयवीर सिद्धू, गुरप्रीत सिंह।

**25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टलः** मनु भाकर, सिमरनप्रीत कौर बराड़, ईशा सिंह।

**ट्रैपः** लक्ष्य श्योराण, पृथ्वीराज टोंडिमान, ज़ोरावर सिंह संधू; नीरू, प्रगति दुबे, भव्या त्रिपाठी।

**स्कीटः** भवतेग सिंह गिल, अनंतजीत सिंह नरूका, गुरजोत खंगुरा; रायजा ढिल्लों, गनेमत सेखों, दर्शना राठौड़।

# यूईएफए महिला नेशंस लीगः स्पेन ने रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हराया

**मैड्रिड, 22 फरवरी (एजेंसियां)।**

यूईएफए महिला नेशंस लीग में स्पेन ने शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हरा दिया। मैच के अंतिम क्षणों में दो गोल दागकर स्पेन ने शानदार वापसी की।

घरेलू मैदान पर खेल रही स्पेनिश टीम 2-0 से पिछड़ रही थी, लेकिन लूसिया गार्सिया और क्रिस्टीना मार्टिन-प्रीटो ने 92वें और 96वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई।

### पहले हाफ में बेल्जियम की बढ़त

बेल्जियम ने 18वें मिनट में टेसा वुलार्ट के क्रॉस पर स्पेन की आइरीन पेरेडेस के कमजोर क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए मरियम टोलोबा के गोल से बढ़त बना ली। पहले हाफ में स्पेन ने कई मौके बनाए, लेकिन बेल्जियम की गोलकीपर एवरार्ड ने शानदार बचाव करते हुए ऐलेक्सांद्री और अल्बा रेडोंडो के प्रयासों को नाकाम कर दिया।



### दूसरे हाफ में बेल्जियम का दूसरा गोल

स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर उन्हें गोल से वंचित रखा। 72वें मिनट में वुलार्ट ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए पिच के आधे हिस्से को पार कर गोल कर बेल्जियम को 2-0 की बढ़त दिला दी।

### स्पेन की धमाकेदार वापसी

स्पेन के लिए 77वें मिनट में क्लाउडिया पिना ने पहला गोल किया, जिससे टीम को वापसी का आत्मविश्वास मिला। इसके बाद 92वें मिनट में सलमा पैरालुएलो और लूसिया गार्सिया की साझेदारी से स्पेन ने बराबरी का गोल किया। निर्णायक क्षण 96वें मिनट में आया, जब एक फ्री किक के दौरान बेल्जियम के बॉक्स में उछलती गेंद मार्टिन-प्रीटो के पास पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर स्पेन को 3-2 से जीत दिला दी। इस जीत के साथ स्पेन ने यूईएफए महिला नेशंस लीग में शानदार शुरुआत की, जबकि बेल्जियम के लिए यह मुकाबला निराशाजनक साबित हुआ।

### अपने सर्वश्रेष्ठ संस्करण में लौट आया है मोहम्मद शमीः रिकी पोंटिंग

**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की दृढ़ता और शानदार वापसी की ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने प्रशंसा की। पोंटिंग ने चैंपियंस ट्रॉफी में शमी के पांच विकेट लेने को इस बात का सबूत बताया कि यह अनुभवी गेंदबाज चोट से उबरने के बाद अब अपने सर्वश्रेष्ठ संस्करण में लौट आया है। शमी ने आईसीसी टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए 53 रन देकर पांच विकेट झटके, जिससे भारत ने बांग्लादेश को 228 रनों पर समेट दिया। उनकी घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से अपने नाम किया। इसके साथ ही वह 200 वनडे विकेट पूरे करने वाले सबसे तेज भारतीय और कुल मिलाकर दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। रिकी पोंटिंग ने शमी की तारीफ करते हुए कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में पांच विकेट लेना शानदार है। वे वही खिलाड़ी हैं, जिन्हें कोई भी कप्तान अपनी टीम में चाहता है। जब आप ऐसे किसी खिलाड़ी की आंखों में देखते हैं और उससे उम्मीद रखते हैं कि वह मुश्किल समय में टीम के लिए प्रदर्शन करेगा, तो शमी बिल्कुल वैसे ही हैं। शमी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए टखने की चोट के कारण 14 महीने तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे थे। उस टूर्नामेंट में उन्होंने 24 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था। हालांकि, चोट के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और बाएं घुटने में सूजन के चलते उनकी रिकवरी लंबी खिंच गई। पोंटिंग ने आगे कहा, शमी के लिए यह सफर आसान नहीं रहा। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही शानदार रहा हो, लेकिन अगर पीछे मुड़कर देखें, तो करियर की शुरुआत में उन्हें कई रुकावटों का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्होंने खुद को लगातार बेहतर किया और शायद, इस समय वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं।

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने जाति जनगणना का बचाव किया, विपक्ष को चुनौती दी

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा है कि जाति जन-गणना के संबंध में उन्हें एक अनूठा अवसर दिया गया है, यह एक ऐसी पहल है जिसे देश के किसी अन्य मुख्यमंत्री ने नहीं किया है।शनिवार को यहां प्रजा भवन में पिछड़ा वर्ग के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी तेलंगाना मॉडल को पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य बना रहे हैं।रेवंत रेड्डी ने जाति जनगणना को गलत तरीके से पेश करने के लिए भाजपा की आलोचना की और पिछड़ा वर्ग के नेताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सर्वेक्षण लोगों तक पहुंचे।उन्होंने जाति जनगणना की कार्यप्रणाली का बचाव करते हुए कहा कि यह वैज्ञानिक सटीकता और पारदर्शिता के साथ आयोजित की गई थी। उन्होंने विपक्षी नेताओं बीआरएस और भाजपा को सर्वेक्षण में किसी भी त्रुटि को इंगित करने की चुनौती दी।सीएम ने केसीआर के नेतृत्व वाली पिछली बीआरएस सरकार पर सकलजनुला सर्वेक्षण के माध्यम से भ्रामक डेटा प्रदान करने और अशुद्धियों के कारण आधिकारिक रूप से आंकड़े जारी करने में विफल रहने का आरोप लगाया।इसके विपरीत, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार ने एक विस्तृत और पारदर्शी जनगणना की, जिसमें प्रति क्लस्टर 150 घरों का सर्वेक्षण किया गया और स्व-रिपोर्ट किए गए डेटा पर भरोसा किया गया। रेवंत रेड्डी ने भाजपा नेताओं पर भी कटाक्ष किया, मुसलमानों को पिछड़ी जाति श्रेणी में शामिल करने की उनकी आलोचना पर सवाल उठाया, खासकर तब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में ऐसा ही किया था। उन्होंने अपने वादे पूरे करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



# तेलंगाना सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को आंध्र प्रदेश में रिपोर्ट करने का आदेश दिया

**हैदराबाद हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने शनिवार को पुलिस महानिदेशक और सड़क सुरक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष अंजनी कुमार और डॉ. आरबीवीआरआर तेलंगाना राज्य पुलिस अकादमी की निदेशक अभिलाषा बिष्ट को तेलंगाना से मुक्त कर दिया, ताकि वे आंध्र प्रदेश में रिपोर्ट कर सकें। मुख्य सचिव ए शांति कुमारी के अनुसार, शनिवार को इस संबंध में अलग-अलग आदेश जारी किए गए। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा जारी निर्देशों के बाद आदेश जारी किए गए। शांति कुमारी ने कहा कि तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेंगे। हालांकि, राज्य सरकार ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक पत्र लिखकर करीमनगर के पुलिस आयुक्त अभिषेक मोहंती को कार्यमुक्त करने के गृह मंत्रालय के निर्देशों के बारे में बताया। एमएलसी चुनावों के मद्देनजर मोहंती को कार्यमुक्त करने में कुछ समय लगने की संभावना है। स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों - मेडक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक और मेडक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए तेलंगाना राज्य विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होने हैं।

# तेलंगाना में आंगनवाड़ी शिक्षक और सहायिका के 14,000 से अधिक रिक्त पद भरे जायेंगे

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने शनिवार को महिला एवं बाल कल्याण विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान को मंजूरी दे दी और योजना के तहत प्रदेश भर में 6,399 आंगनवाड़ी शिक्षक तथा 7,837 सहायिका के रिक्त पदों को भरे जायेंगे।

महिला एवं बाल कल्याण मंत्री दानसारी अनसूया सीताक्का ने आज भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए।

उन्होंने कहा कि भर्ती का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों की दक्षता बढ़ाना और बाल कल्याण पहलों को मजबूत करना है।

एमएलसी चुनावों के लिए चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही संबंधित जिला कलेक्टरों द्वारा रिक्तियों के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 14,236 पदों को भरने के सरकार के कदम से आंगनवाड़ी केंद्रों के कामकाज में उल्लेखनीय सुधार होने और राज्य में महिलाओं और बच्चों के लिए सेवाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# लिफ्ट शाफ्ट में फंसे छह साल के बच्चे की अस्पताल में मौत, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद में छह साल का एक बच्चा अपार्टमेंट परिसर में लिफ्ट शाफ्ट और दीवार के बीच फंस गया था। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया। एक दिन बाद इलाज के दौरान आज बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मसाब टैंक इलाके में अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स में बच्चा फिसलकर लिफ्ट के दरवाजे और दीवार के बीच खाली जगह में गिर गया था। दो घंटे से ज्यादा समय तक वह पहली मंजिल के पास फंसा रहा। हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने गैस कटर से लिफ्ट का फ्रेम और फर्श का स्लैब काटकर उसे बाहर निकाला। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अंदरूनी चोटों के कारण पीड़ित बच्चे को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से साफ होगी। डॉक्टरों ने कहा कि बच्चे को लिफ्ट शाफ्ट में दो घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने के कारण दम घुटने की समस्या हुई थी।

पुलिस ने बताया कि बच्चे अपने दादा के साथ रिश्तेदार से मिलने अपार्टमेंट आया था और वह ग्राउंड फ्लोर से लिफ्ट में सवार हुआ था। लेकिन लिफ्ट के दरवाजे बंद होने से पहले ही लिफ्ट ऊपर जाने लगी और जब बच्चा बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, तो वह लिफ्ट और दीवार के बीच खाली जगह में फंस गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि लिफ्ट के खराब रखरखाव के कारण दरवाजा ठीक से बंद नहीं हुआ, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# केटीआर ने सीएम रेवंत रेड्डी पर वित्तीय मामलों में गड़बड़ी करने और झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया

**हैदराबाद हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर तीखा हमला करते हुए उन पर राज्य के वित्तीय मामलों में गड़बड़ी करने और झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया।शनिवार को यहां तेलंगाना भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए केटीआर ने पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व में बीआरएस शासन की एक दशक लंबी उपलब्धियों का बचाव किया और रेवंत रेड्डी को तेलंगाना की आर्थिक प्रगति पर विधानसभा में खुली बहस की चुनौती दी।राज्य सांख्यिकी एटलस रिपोर्ट का हवाला देते हुए केटीआर ने तर्क दिया कि तेलंगाना का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2014 में 5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 तक 15 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में से एक बन गया है।उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इसी अवधि में प्रति व्यक्ति आय 1.24 लाख रुपये से बढ़कर 3.12 लाख रुपये हो गई, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।उन्होंने धान की खेती को 2014 में 34 लाख एकड़ से बढ़ाकर 2023 में 1.18 करोड़ एकड़ करने के लिए कालेश्वरम और मिशन काकतीय जैसी परियोजनाओं को श्रेय दिया। आईटी क्षेत्र में, उन्होंने उल्लेख किया कि केसीआर के नेतृत्व में निर्यात 57,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपये हो गया, जिससे 10 लाख से अधिक नौकरियां पैदा हुईं।



केटीआर ने सत्ता में 15 महीने बाद भी कर्ज माफी और पेंशन में वृद्धि सहित अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की।उन्होंने सरकार पर रायथु बंधु योजना का कुप्रबंधन करने और मेदिगड्डा बैराज को खाली करके कृत्रिम जल संकट पैदा करने का भी आरोप लगाया।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी ने कृष्णा नदी के पानी के तेलंगाना के उचित हिस्से पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करने से परहेज किया, यह सुझाव देते हुए कि उन्हें राजनीतिक परिणामों का डर था। भाजपा और कांग्रेस के बीच संभावित गुप्त समझौते का संकेत देते हुए केटीआर ने सवाल उठाया कि केंद्र सरकार ने तेलंगाना में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने भाजपा नेताओं पर रेवंत रेड्डी को उनके प्रशासन के खिलाफ कई शिकायतों के बावजूद जांच से बचाने का भी आरोप लगाया। सीधी चुनौती देते हुए केटीआर ने रेवंत रेड्डी से विधानसभा में तेलंगाना की वित्तीय स्थिति पर बहस करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, अगर रेवंत रेड्डी में हिम्मत है, तो तथ्यों पर चर्चा करें। तेलंगाना की वित्तीय सेहत के बारे में सच्चाई जानने के हकदार लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार को जनता को गुमराह करने के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि अगर तेलंगाना की प्रगति को कमजोर किया गया तो बीआरएस चुप नहीं बैठेगी।

# आयुर्वेदिक क्लिनिक का भंडाफोड़

## फर्जी डॉक्टर बिना लाइसेंस के आयुर्वेदिक दवाइयां बेचते पकड़ा गया

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना आयुष विभाग ने हैदराबाद के जलपल्ली में स्थित एमएस अताउल्लाह आयुर्वेदिक और यूनानी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दवा नियमों का उल्लंघन करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की है । क्लिनिक कथित तौर पर वैध मेडिकल डिग्री या नियामक अनुमोदन के बिना चल रहा था और बिना लेबल और बिना लाइसेंस वाली दवाइयाँ बेचता पाया गया ।कई शिकायतों के बाद, आयुष विभाग के एक अधिकारी ने 14 फरवरी को एक निरीक्षण किया, जिसके दौरान कई दवाइयाँ बिना उचित लेबलिंग या लाइसेंस के पाई गईं । निष्कर्षों के आधार पर, 22 फरवरी को एक छापा मारा गया, जिसके परिणामस्वरूप अवैध निर्माण और वितरण के लिए औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत क्लिनिक और उससे जुड़ी संपत्तियों को जब्त कर लिया गया ।अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर डॉ. अताउल्लाह के वीडियो सामने आने के बाद उन्हें कई शिकायतें मिलीं, जिसके बाद जांच शुरू की गई। छापेमारी के दौरान, अधिकारियों ने दवा के नमूने एकत्र किए और उन्हें प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेज दिया । उन्होंने पुष्टि की कि ये उचित प्राधिकरण के बिना निर्मित भ्रामक दवाएँ थीं ।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रयोगशाला परीक्षणों के परिणामों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने यह भी पुष्टि की कि संबंधित व्यक्ति के पास वैध चिकित्सा डिग्री नहीं है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंताएँ पैदा हो रही हैं ।आयुष विभाग ने जनता से आग्रह किया है कि वे बिना लाइसेंस वाले चिकित्सकों से सावधान रहें तथा संभावित स्वास्थ्य खतरों को रोकने के लिए अनधिकृत दवा बिक्री की सूचना दें।



# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जली हुई सलीमा के लिए तत्काल सहायता का आदेश दिया

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को सूर्यपेट जिले के नुतनकल मंडल के गुंडलसिंगाराम गांव की निवासी सलीमा को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है, जो गंभीर रूप से जलने के कारण बिस्तर पर है।

उसकी दुर्दशा को उजागर करने वाले एक अखबार के लेख के जवाब में, सीएम ने उसके परिवार के लिए विकलांगता पेंशन और आवास सहायता के प्रावधान का भी आदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सलीमा को बिना देरी के उचित चिकित्सा देखभाल मिले।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने आदेश दिया कि उसे इंदिराम्मा आवास योजना के तहत एक घर दिया जाए और भोजन उपलब्ध कराया जाए, क्योंकि वह अपनी स्थिति के कारण खाना बनाने में असमर्थ है।

सीएम के आदेशों के बाद, ओएसडी वेमुला श्रीनिवासुलु ने आवश्यक सहायता के समन्वय के लिए सूर्यपेट जिला कलेक्टर से संपर्क किया। सलीमा, जिसकी नसें जलने की चोटों से गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं, बिस्तर पर है और अपनी दस वर्षीय बेटी रिजवाना की देखभाल पर निर्भर है। अपनी छोटी उम्र के बावजूद, रिज़वाना अपनी शिक्षा के साथ-साथ अपनी माँ की ज़रूरतों का भी ख़्याल रखती हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, तेलंगाना सरकार के हस्तक्षेप का उद्देश्य सलीमा और उसकी बेटी को ज़रूरी सहायता प्रदान करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें अपने रहने की स्थिति में सुधार करने और अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए ज़रूरी सहायता मिले।

शुभ लाभ
का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/-
Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ..........
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10X10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank
OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar

# गैस पाइपलाइन लीक होने से लगी आग, कोई हताहत नहीं

**हैदराबाद, 22 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार को सुरराम रोड पर मल्ला रेड्डी नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के पास भूमिगत गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना मिलने पर भाग्यनगर गैस लिमिटेड के तकनीशियन और अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। गैस तकनीशियनों ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। सुरराम पुलिस जांच कर रही है। उन्हें संदेह है कि गैस पाइपलाइन के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जलाई गई आग की लपटों के कारण रिसाव हुआ और बाद में आग लग गई।

प्रथम पुण्यतिथि

स्व. श्री राजेश्वर लाल जी अग्रवाल
(सुपुत्र : स्व. श्री मोहनलाल जी अग्रवाल)
स्वर्गवास दि. 23 फरवरी 2024
जीवन के हर पल में हँसते रहे आप,
स्नेह से सबके हृदय में बसते रहे आप।
छोड़ कर साथ हमारा चले गये आप,
वर्षों तक याद आते रहेंगे आप।।
-----: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :-----
शकुंतला देवी अग्रवाल (धर्मपत्नी),
संदीप, संजय, विजय (पुत्र) श्रेय, मोहक (पौत्र) एवं समस्त गर्ग परिवार
फर्म : मोहनलाल जितेन्द्र कुमार अग्रवाल
निवास : प्लॉट नं. 51/ए, राघवेन्द्रा नगर कॉलोनी, शिवरामपल्ली, हैदराबाद. फोन : 9391029422, 8886906685, 9440221723
Shri Bhagwati Enclave Tondpalli, Shamshabad, Hyderabad
Kwality Ice Cube & Ice Block Industry, Zoo Park
Shri Sharda Dresses K.J. Market, Koti, Hyderabad

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.